


आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 3, अंक : 69 रांची, बुधवार, 18 फरवरी, 2026 (फाल्गुन, शुक्ल पक्ष 01, संवत 2082) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये, email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com




## झारखंड विधानसभा का बजट सत्र आज से, स्पीकर ने की सर्वदलीय बैठक

**राज्यपाल के अभिभाषण से होगी सत्र की शुरुआत**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 18 फरवरी (बुधवार) से प्रारम्भ होने जा रहा है। सत्र के शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित संचालन को लेकर मंगलवार को विधानसभा परिसर में अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ महतो की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। बैठक के पश्चात अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ महतो ने बताया कि सदन की कार्यवाही सुचारु एवं प्रभावी ढंग से संचालित हो, इसे सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी दलों के नेताओं एवं संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से सदन में प्रस्तुत किए जाने वाले विधेयकों, प्रतिवेदनों एवं अन्य कार्यों से संबंधित दस्तावेज समय पर उपलब्ध कराए जाएं, इसके स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। अध्यक्ष ने यह भी कहा कि लम्बित प्रश्नों के उत्तर निर्धारित समयसीमा के भीतर उपलब्ध कराए जाने चाहिए, ताकि प्रश्नकाल बाधित न हो और सदन की गरिमा बनी रहे। अधिकारियों को इस संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। बता दें कि बजट सत्र 18 फरवरी से प्रारंभ होगा, जिसमें कुल 17 कार्य दिवस निर्धारित हैं। सत्र की शुरूआत राज्यपाल के अभिभाषण से होगी। 19 फरवरी को अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव व वाद-विवाद होगा। 20 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2025-26 का तृतीय अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। इसी दिन आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट भी पेश किए जाने की संभावना है। 24 फरवरी को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर वित्तीय वर्ष 2026-27 का वार्षिक बजट प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद विभिन्न तिथियों में बजट पर सामान्य चर्चा, अनुदान मांगों पर वाद-विवाद, सरकार का उत्तर और मतदान की प्रक्रिया चलेगी। 28 फरवरी से 8 मार्च तक होली अवकाश रहेगा, जबकि 9 से 13 मार्च तक पुनः प्रश्नकाल और अनुदान मांगों पर चर्चा के बाद मतदान होगा। इस बार सत्र इसलिए भी खास है क्योंकि विधानसभा को कागजरहित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। साथ ही सदन की कार्यवाही में तकनीकी सुधारों के कारण कई नए परिवर्तन भी देखने को मिल सकते हैं।

### मुख्यमंत्री ने बजट की रूपरेखा को लेकर की उच्चस्तरीय बैठक

रांची। झारखंड विधानसभा के षष्ठम सत्र के पंचम (बजट) सत्र (18 फरवरी से 19 मार्च 2026 तक) के सुचारु संचालन और बजट की रूपरेखा को लेकर मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री कक्ष, झारखंड विधानसभा में उच्चस्तरीय बैठक संपन्न हुई। उक्त बैठक में राज्य की अर्थव्यवस्था, ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं महिला सशक्तिकरण पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही, मुख्यमंत्री की दावोस में आयोजित 'वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम' में भागीदारी का वर्णन किया गया, जहां उन्होंने विश्व के नीति निमार्ताओं, औद्योगिक दिग्गजों एवं अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के साथ द्विपक्षीय चर्चाएं कीं, जिससे राज्य में निवेश के नए अवसर खुल सकें, इस पर भी विचार-विमर्श हुआ। मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने ट्राईबल वेलफेयर, स्कॉलरशिप एवं राज्य के जनहित से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने निर्देश दिए कि बजट सत्र ससमय आयोजित हो तथा इसकी तैयारी सुचारु रूप से की जाए। उन्होंने कहा कि वित्त विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, अतएव विभाग की तैयारी में कोई कमी न रहे।

## पीएम मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों के बीच द्विपक्षीय बातचीत, पीएम बोले -

# भारत-फ्रांस के रिश्ते समंदर से गहरे और पहाड़ से ऊंचे

एजेंसी

**मुंबई।** देश की कारोबारी राजधानी मुंबई से आई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांसिसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की तस्वीरों ने दोनों देशों के बीच की गहरी दोस्ती को साफ बयां कर दिया है। तस्वीरों में दोनों नेता बेहद गर्मजोशी के साथ हाथ मिलाते और एक-दूसरे का अभिवादन करते दिख रहे हैं, जो केवल कूटनीति नहीं बल्कि एक मजबूत व्यक्तिगत तालमेल को दिखाता है। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों की मुलाकात के दौरान दोनों के चेहरों पर बड़ी मुस्कान और एक-दूसरे के प्रति सम्मान साफ दिखाई दिया, जो द्विपक्षीय वार्ता के सकारात्मक माहौल को दिखाता है। इसके कुछ देर बाद प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों के बीच द्विपक्षीय बातचीत हुई। पीएम मोदी ने कहा, भारत और फ्रांस के बीच कोई बाउंड्री नहीं है। हमारे रिश्ते समंदर से गहरे और पहाड़ से ऊंचे हैं।



### 3.25 लाख करोड़ की डील संभव

यूरोपीय यूनियन, अमेरिका के साथ डील के बाद पूरी दुनिया की नजर भारत की फ्रांस के साथ होने वाली डील पर है। इसके बाद द्विपक्षीय मुलाकात बेहद अहम रहने वाली है। सूत्रों के मुताबिक, भारत-फ्रांस के बीच 3.25 लाख करोड़ की डील हो सकती है। कीमत के हिसाब से यह भारत की अब तक की सबसे बड़ी सैन्य डील मानी जा रही है। भारत को फ्रांस से 114 राफेल फाइटर जेट मिलने वाले हैं।

### फ्री ट्रेड एग्रीमेंट भारत-फ्रांस संबंधों में भी लाएगा अभूतपूर्व गति

**मैक्रों** के साथ मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने कहा, वर्ष 2026 भारत और यूरोप के संबंधों में एक टर्निंग पॉइंट है। कुछ ही दिन पहले हमने यूरोपियन यूनियन के साथ भारत के इतिहास का सबसे बड़ा और महत्वाकांक्षी फ्री ट्रेड एग्रीमेंट किया। यह फ्री ट्रेड एग्रीमेंट भारत और फ्रांस संबंधों में भी अभूतपूर्व गति लाएगा। आपसी निवेश को बढ़ावा देने के लिए आज हम एग्रीमेंट कर रहे हैं, जिससे हमारे लोगों और हमारी कंपनी को डबल टैक्स न देना पड़े। इन सभी पहलुओं से आपसी ट्रेड, निवेश और मोबिलिटी को नई ऊर्जा मिलेगी। और यही शेयर्ड प्रॉस्पेरिटी का रोडमैप है। इंडिया फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन के लांच से अब हम अपनी स्ट्रेटेजिक साझेदारी को पार्टनरशिप ऑफ द पीपल बनाने जा रहे हैं। क्योंकि इनोवेशन आइसोलेशन में नहीं, कोलबोरेशन से होता है। इसलिए इंडिया फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन में हमारा लक्ष्य लोगों के बीच संपर्क को मजबूत करने का है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज हम महत्वपूर्ण खनिजों, जैव प्रौद्योगिकी और एडवांस मैटेररिल्स में अपना सहयोग मजबूत कर रहे हैं।

## देश में एआई में दो सालों में आएगा 200 अरब डॉलर निवेश : वैष्णव

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में कहा कि आने वाले दो वर्षों में भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) क्षेत्र की पांचों परतों में 200 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश आने की उम्मीद है। जोखिम पूंजी कंपनियां गहन तकनीक स्टार्टअप्स, बड़े समाधान और अनुप्रयोगों, अत्याधुनिक मॉडल्स पर शोध और बुनियादी ढांचा और ऊर्जा परतों में निवेश कर रही हैं।

इस मौके पर केंद्रीय इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद भी मौजूद रहे। वैष्णव ने यहां भारत मंडपम में एक सत्र में कहा कि भारत की एक बड़ी ताकत यह है कि देश की 51 प्रतिशत बिजली उत्पादन क्षमता स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों से आती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता और स्वच्छ ऊर्जा के प्रति प्रतिबद्धता के कारण यह संभव हुआ है। एआई के लिए ऊर्जा परत में निवेश का यह बड़ा लाभ भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाएगा। उन्होंने एआई के संभावित खतरों को बताते हुए कहा कि वैश्विक नेताओं के बीच इस बात पर सहमति बन रही है कि एआई का इस्तेमाल अच्छे कार्यों के लिए होना चाहिए और इसके हानिकारक प्रभावों को रोकना जरूरी है। इसके लिए केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि तकनीकी और कानूनी दृष्टिकोण अपनाना होगा। भारत का कृत्रिम बुद्धिमत्ता सुरक्षा संस्थान कई शैक्षणिक संस्थानों के साथ मिलकर ऐसे तकनीकी समाधान तैयार कर रहा है, जो एआई के दुष्प्रभावों को रोक सकें।




### गलत सूचना, भ्रामक सामग्री और डीपफेक समाज की नींव पर कर रहे हैं हमला

**केंद्रीय** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत दुनियाभर के 30 से ज्यादा देशों के मंत्रियों के साथ तकनीकी और कानूनी उपायों पर चर्चा कर रहा है, ताकि मीडिया में एआई के दुरुपयोग को रोका जा सके। नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में बोलते हुए वैष्णव ने कहा कि विश्वास के बिना नवाचार एक बोझ बन जाता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एआई निर्मित सामग्री के लिए कड़े नियम बना रही है, जिनमें जल-चिह्न और स्पष्ट लेबलिंग अनिवार्य होगी। इसका उद्देश्य यह तय करना है कि मानव सृजनात्मकता की प्रामाणिकता सुरक्षित रहे। उन्होंने यह बातें सत्र के दौरान कहीं, जिसमें चार्ल्स रिव्किन, मोशन पिक्चर एसोसिएशन के चेयरमैन और सीईओ भी शामिल थे।

## सुप्रीम कोर्ट में लालू यादव की सजा निलंबन की याचिका पर सुनवाई टली

**देवघर जिला कोषागार घोटाले में आरजेडी प्रमुख को ठहराया गया था दोषी**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव के देवघर जिला कोषागार घोटाले मामले में मिली सजा के निलंबन को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई टल गई। अब इस मामले में सुनवाई अप्रैल में होगी। सजा के निलंबन को चुनौती देने के मामले में मंगलवार को जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एनके सिंह की बेंच में सुनवाई हुई। इस दौरान सीबीआई के वकील ने कहा कि ये सभी आरोपी अवैध रूप से बाहर हैं और ये दोषसिद्धि के बाद की स्थिति है।



सीबीआई की ओर से चारा घोटाले में सजा पाए आरोपियों के सजा से निलंबन को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक देवघर जिला कोषागार घोटाले में साल 1990 और 1994 के बीच देवघर ट्रेजरी से 89 लाख रुपए की कथित हेराफेरी शामिल है, जिसमें पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री और आरजेडी प्रमुख लालू यादव को इस घोटाले में दोषी ठहराया गया था।

## तारिक रहमान बने बांग्लादेश के नये प्रधानमंत्री

### शपथ ग्रहण समारोह में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला भी हुए शामिल

**रहमान समेत 298 नवनिर्वाचित सांसदों ने ली शपथ**

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश की 13वीं नेशनल पार्लियामेंट के लिए नवनिर्वाचित सांसदों ने नेशनल पार्लियामेंट के साउथ प्लाजा में शपथ ली। मंगलवार सुबह स्थानीय समयानुसार करीब 10:42 बजे मुख्य चुनाव आयुक्त एएमएम नासिर उद्दीन ने सभी 298 सांसदों को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह से पहले कुरान का पाठ किया गया। बांग्लादेशी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, नवनिर्वाचित सांसदों का शपथ ग्रहण समारोह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में 1,000 से ज्यादा स्थानीय और विदेश से आए खास मेहमान शामिल हुए।



इसके साथ ही मुख्य समारोह स्थानीय समयानुसार शाम 4 बजे किया जाएगा, जिसमें राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन निर्वाचित सांसद तारिक रहमान को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलवाएंगे। इस समारोह में रहमान सरकार के शुरूआती मंत्रिमंडल को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। गौरतलब है कि शपथ ग्रहण समारोह के लिए भारत की ओर से लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने भी शिरकत की।

## विदेशों में पढ़ रहे झारखंड के शोधार्थी सीएम से मिले

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** कांके रोड, रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से विदेशों में उच्च शिक्षा एवं शोध कर रहे झारखंड के प्रतिभावान विद्यार्थियों ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने सभी का आत्मीय स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। भेंट करने वालों में डॉ. रेजिना हांसदा विकास एवं न्याय विषय की प्राध्यापिका, डॉ. रिचर्ड टोप्पो स्नातकोत्तर तथा अंतरराष्ट्रीय सामाजिक अध्ययन संस्थान से शोध उपाधि, माधुरी खलखो (ओरिएंटल एवं अफ्रीकी अध्ययन विद्यालय, यूके से शोधरत), रूबी हेंब्रम (अर्थशास्त्र



अध्ययन संस्थान, लंदन से शोधरत) तथा नोलीना मिंज स्नातकोत्तर शामिल थीं। शोधार्थियों ने मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच और शिक्षा-केंद्रित दृष्टि की सराहना करते हुए कहा कि राज्य के मेधावी छात्र-छात्राएँ आज विदेशों में झारखंड का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की विदेश यात्रा के दौरान मरंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा परदेशीय छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत अध्ययनरत विद्यार्थियों से मुलाकात एक प्रेरणादायी पहल थी, जिससे युवाओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ।

## संक्षिप्त

### मालगाड़ी की चपेट में आने से घायल हाथी के बच्चे की मौत

**लातेहार।** जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत निंद्रा और महुआमिलान रेलवे स्टेशन के बीच सोमवार की रात मालगाड़ी की चपेट में हाथियों का झुंड आ गया था। इस घटना में घायल हुए हाथी के बच्चे की मौत हो गई। इधर, घटना के बाद देर रात तक हाथियों का झुंड रेलवे ट्रैक के आसपास ही जमा रहा। जिस कारण रेलवे परिचालन प्रभावित हुआ। काफी प्रयास के बाद अप लाइन पर रात 1:00 बजे रेल परिचालन शुरू हुई। जबकि सुबह 6:00 के बाद डाउन लाइन पर ट्रेनों का आवागमन आरंभ हो पाई। स्टेशन सुपरिटेंडेंट रंजीत कुमार ने बताया कि अप लाइन पर रेलवे का परिचालन रात में ही शुरू हो गई थी। परंतु डाउन लाइन पर सुबह 6:00 बजे के बाद परेशान परिचालन आरंभ हुई। इधर, इस संबंध में वन विभाग के रेंजर नंदकुमार महतो ने बताया कि घटना के बाद देर रात तक हाथियों का झुंड रेलवे ट्रैक के आसपास ही जमा रहा। सुबह उजाला होने के बाद हाथी जंगल की ओर चले गए हैं। उन्होंने कहा कि मृतक हाथी के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इसके बाद उसे विधिवत रूप से दफन करवाया जाएगा।

### अवैध रूप से रह रहे आवामी लीग के छह बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस ने केंद्रीय कोलकाता के एक होटल से छह बांग्लादेशी नागरिकों को वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी अवैध रूप से भारत में ठहरने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार सुबह यह जानकारी दी। सूचना के आधार पर पार्क स्ट्रीट थाना की टीम ने कॉलिन स्ट्रीट स्थित एक होटल में छापेमारी की। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सभी युवक बांग्लादेश की सत्तारूढ़ पार्टी आवामी लीग से जुड़े बताए जा रहे हैं। बताया गया है कि वीजा समाप्त होने के बाद वे अपने देश लौटने के बजाय कोलकाता में ही छिपकर रह रहे थे। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान आबिर हुसैन, मोहम्मद मामुन रशीद, मोहम्मद अलीमुन गाजी, आजम मोल्ला, फैजल अमीन और जायदुल इस्लाम के रूप में हुई है।

### विकलांग नाबालिक से बलात्कार के दोषी को फांसी की सजा

**गुमला।** विकलांग नाबालिक लड़की से उसके इच्छा के विरुद्ध बलात्कार करने के दोषी को फांसी की सजा सुनाई गई है। व्यवहार न्यायालय गुमला के अपर सत्र न्यायाधीश - 4 ( पॉस्को ) संजय भाटिया के न्यायालय ने हजारीबाग जिला के इचाक थाना स्थित कुटुम सुखारी ग्राम निवासी संजय विश्वकर्मा (49) को फांसी की सजा सुनाई। गुमला के अपर सत्र न्यायाधीश - 4 (पोस्को ) संजीव भाटिया कि न्यायालय ने आरोपी संजय विश्वकर्मा ( 49 ) को फांसी की सजा सुनाई। आरोपी हजारीबाग जिला के इचाक थाना क्षेत्र के कुटुम सुखरी ग्राम का निवासी है। पीड़िता 13 वर्षीय नाबालिक लड़की थी, जो गुमला जिला के भरनो ब्लॉक क्षेत्र की रहने वाली है।

## अंतरराष्ट्रीय समुदाय और यूएन एजेंडे में भारत का स्थायी योगदान बहुत अहम

### संयुक्त राष्ट्र प्रमुख गुतारेस ने की तारीफ, कहा- भारत एक बड़ी शक्ति बन गया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय और संयुक्त राष्ट्र के एजेंडे में भारत का स्थायी योगदान बहुत अहम है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत जैसी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की वैश्विक स्तर पर बढ़ती और सशक्त होती भूमिका एक सकारात्मक मेगा ट्रेंड के रूप में उभर रही है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने ये टिप्पणियां शिखर सम्मेलन इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भाग लेने के लिए नई



दिल्ली रवाना होने से पहले कीं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गुतारेस ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की गतिविधियों के सभी पहलुओं मसलन शांति और सुरक्षा, सतत विकास पर चर्चा में भारत एक अत्यंत अहम शक्ति बन गया है। मुझे भारत द्वारा आयोजित जी20 की अध्यक्षता याद है जहां बहुत अहम निर्णय लिए गए थे। उन्होंने कहा कि एक लोकतांत्रिक देश के रूप में मानवाधिकारों के मामले में भी वह अहम शक्ति बन गया है, वो भी एक ऐसी दुनिया में जहां दुर्भाग्य से हम दुनिया के कई हिस्सों में लोकतंत्र को संकट में देखते हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत की भूमिका से संबंधित एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि सबसे पहले हम संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा में भारत की उपस्थिति के लिए उसके प्रति बहुत आभारी हैं। वर्तमान में करीब 5000 भारतीय महिलाएं और पुरुष दुनिया भर में शांति रक्षा अभियानों में तैनात हैं। उन्होंने कहा कि शांति स्थापना में भारत के पहले पूर्ण महिला पुलिस दल पर भी प्रकाश डाला और उसे उल्लेखनीय करार दिया। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के रूप में गुतारेस का कार्यकाल इस साल समाप्त हो रहा है। उन्होंने बढ़ते संघर्षों और बढ़ती असमानताओं के बीच दुनिया में उभर रहे कुछ सकारात्मक मेगा ट्रेंड पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मेरा संदेश यह है कि चिंता करने के कई कारण हैं।

## मुंबई पहुंचे मैक्रों ने बॉलीवुड हस्तियों से की मुलाकात

एजेंसी

**मुंबई।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों तीन दिवसीय भारत दौरे पर हैं। मंगलवार को मुंबई प्रवास के दौरान उन्होंने कला और संस्कृति जगत की प्रमुख हस्तियों से मुलाकात की। इससे पहले उन्होंने लोकभवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी भेंट की। मुंबई में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में बॉलीवुड और सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े कई दिग्गज शामिल हुए। इस मुलाकात में अभिनेता अनिल कपूर ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर बताया



कि राष्ट्रपति मैक्रों और उनकी पत्नी ब्रिगिट मैक्रों के साथ सिनेमा, संस्कृति और भारत-फ्रांस संबंधों पर सार्थक चर्चा हुई। अनिल कपूर ने इसे प्रेरणादायक दोपहर बताते हुए दोनों देशों के मजबूत रिश्तों की कामना की। बैठक में अभिनेत्री शबाना आजमी, अभिनेता मनोज बाजपेयी, फिल्म निमार्ता जोया अख्तर, अभिनेत्री ऋचा चड्ढा और ग्रैमी पुरस्कार विजेता संगीतकार रिकी केज भी मौजूद रहे।



# रामगढ़ में अपराध नियंत्रण को लेकर आईजी सख्त

**गैंगस्टरों पर सीसीए और रेड कॉर्नर नोटिस की तैयारी**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** हाल के दिनों में हुई गोलीबारी और आगजनी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए बोकारो रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) सुनील भास्कर ने मंगलवार को रामगढ़ पहुंचकर अपराध नियंत्रण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को संगठित अपराध और गैंग गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक के दौरान आईजी ने कहा कि रामगढ़ पुलिस अपराध नियंत्रण के लिए बेहतर कार्य कर रही है और कई मामलों में अपराधियों, विशेष रूप से गैंगस्टरों की गिरफ्तारी भी की गई है। उन्होंने अपराधियों के खिलाफ क्रिमिनल लॉ अमेंडमेंट एक्ट (सीसीए) के तहत कार्रवाई तेज करने, नियमित थाना हाजिरी सुनिश्चित करने और आवश्यकतानुसार जिला बदर की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आईजी ने अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सर्विलांस प्रणाली को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया। इस संबंध में उन्होंने पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, पतरातू के अनुमंडल ुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) गौरव गोस्वामी तथा जिले के अन्य पुलिस अधिकारियों को तकनीकी निगरानी बढ़ाने और अपराधियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखने का निर्देश दिया। बैठक में राहुल सिंह और राहुल दुबे गैंग के खिलाफ की गई कार्रवाई की समीक्षा भी की गई। अधिकारियों ने बताया कि इन अपराधियों के खिलाफ कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की गई है। इस पर आईजी ने निर्देश दिया कि जो अपराधी देश छोड़कर फरार हैं, उनके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू की जाए, ताकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके। आईजी ने बताया कि अमन साहू, अमन श्रीवास्तव, राहुल सिंह और राहुल दुबे गैंग से जुड़े लगभग 30 अपराधियों के खिलाफ सीसीए, थाना हाजिरी और जिला बदर जैसी कड़ी कार्रवाई की जा चुकी है। उन्होंने हालिया घटनाओं में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए रामगढ़ पुलिस की सराहना की और कहा कि अब इन मामलों में स्पीडी ट्रायल सुनिश्चित कर अपराधियों को जल्द सजा दिलाना जरूरी है।

# मार्केटिंग बोर्ड के सचिव ने इटकी बाजार परिसर में अतिक्रमण का किया निरीक्षण

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**इटकी।** बाजार समिति रांची और पणन विभाग के वरीय अधिकारियों की एक टीम ने मंगलवार को इटकी बाजार परिसर में अतिक्रमण का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने बाजार में भ्रमण कर जर्जर सेड, शौचालय सहित अन्य सुविधाओं का मुआयना की।इसके बाद ग्रामीणों के साथ बैठक में मार्केटेंगिं वोर्ड के सचिव अनुज कुमार लोगों को जानकारी दी कि इटकी बाजार रांची बाजार समिति के अधीन था किन्तु राज्य सरकार इसको निरस्त कर राजस्व विभाग को सौंप दिया है। बाजार परिसर में लोगों द्वारा काफी अतिक्रमण किया गया है। किन्तु मार्केटिंग बोर्ड इस पर किसी प्रकार की कार्रवाई करने में सक्षम नही है। लोगों को अतिक्रमण हटाने और बाजार को विकसित करने के लिए जिला प्रशासन के समक्ष डोर टू डोर जाने की सलाह दी। इस दौरान आजसू के जिला सचिव मुतेर्जा आलम ने अधिकारियो को खाता संख्या 3, प्लॉट संख्या 1112 एवं 1148, कुल रकबा लगभग 3 एकड़ 14 डिसमिल सरकारी भूमि से अवगत कराया और अतिक्रमण हटाने की मांग की।

## संक्षिप्त

### एडरमहातू गांव में शिवरात्रि के अवसर पर छऊ नृत्य का आयोजन



**सोनाहातू।** प्रखंड के तेलवाडीह पंचायत के अंतर्गत एडरमहातू गांव में शिवरात्रि के अवसर पर सोमवार रात बंगाल के प्रसिद्ध छऊ नृत्य दल के द्वारा रात भर आकर्षक नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया गया। मुखिया प्रतिनिधि फणीभूषण सिंह मुंडा ने आयोजन का उद्घाटन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने शिव मंदिर में पूजा अर्चना किए। मौके पर लगी संख्या में श्रद्धालु और शिवभक्त मौजूद थे।

### सम्मान राशि देने की मांग

**सोनाहातू।** प्रखंड के बारुहातू गांव निवासी भीष्मदेव महतो ने मुख्यमंत्री को आवेदन देकर सम्मान राशि की मांग किया है। आवेदन के माध्यम से कहा गया कि भीष्मदेव महतो को जीवन जागृति सेवा संस्थान के द्वारा पद्माश्री ग्लोबल एक्सीलेंस अवॉर्ड प्राप्त है। ये अवार्ड उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए दिया गया है ।सरकार ने घोषणा की है कि पद्माश्री ग्लोबल अवार्डधारी को सम्मान राशि देगी। सरकार के घोषणा के आलोक में आवेदन दिया गया है।

### ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए बने ट्रांस कैफे का डीसी ने किया उद्घाटन

**रामगढ़।** शहर के मौलाना अबुल कलाम आजाद पार्क में ट्रांस कैफे का उद्घाटन मंगलवार को डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने किया। डीसी की पहल पर जिला प्रशासन की ओर से समावेशी विकास और ट्रांसजेंडर समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह कैफे ट्रांसजेंडर समुदाय की ओर से संचालित होगा, जो रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह पहल जिला प्रशासन की ओर से झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी और किन्नर उत्थान समिति के सहयोग से संचालित की जा रही है। मौके पर डीसी ने कहा कि ट्रांस कैफे का उद्देश्य ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्यों को सम्मानजनक आजीविका उपलब्ध कराना है । उन्हें स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना और समाज की मुख्यधारा में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस कैफे के माध्यम से न केवल समुदाय को रोजगार मिलेगा।

# स्वास्थ्य उपकेंद्र और जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला निर्माण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में निमार्णाधीन स्वास्थ्य उपकेंद्रों और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशाला से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पब्लिक हेल्थ लैब के निर्माण से संबंधित सभी प्रक्रियाएं जल्द पूरी की जाएं और निर्माण कार्य तय समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित किया जाए।

उपायुक्त ने यह निर्देश मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम अभिम) और 15वां वित्त आयोग के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान दिया।

समीक्षा बैठक में सिविल सर्जन डॉ. नवल कुमार ने उपायुक्त को बताया कि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत जिले में जिला एकीकृत जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला (डीआईपीएचएल) का निर्माण प्रस्तावित है, जो फिलहाल टेंडर प्रक्रिया में है। इस प्रयोगशाला के निर्माण से जिले में स्वास्थ्य जांच सुविधाओं को मजबूती मिलेगी और आम लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

इसके अलावा भरेचनगर और पतरातु में दो ब्लॉक सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाइयों (बीपीएचयू) का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित मानकों और गुणवत्ता के अनुरूप समय पर पूरा किया जाए।

बैठक के दौरान बताया गया कि 15वें वित्त आयोग के तहत जिले में कुल 54 स्वास्थ्य उपकेंद्रों का निर्माण किया जाना है। इनमें से 29 उपकेंद्रों का टेंडर पूरा हो चुका है, जबकि 14 उपकेंद्रों की टेंडर प्रक्रिया जारी है। शेष उपकेंद्रों के निर्माण के लिए आवश्यक प्रशासनिक और तकनीकी प्रक्रियाएं तेजी से पूरी की जा रही हैं।

उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्य नियमानुसार और निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं, ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लोगों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य अवसंरचना से जुड़े कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता दोनों बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करने और किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होने देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था मजबूत होगी और आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा।

बैठक में उप विकास आयुक्त, परियोजना पदाधिकारी, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीबी) के प्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## आजसू पार्टी ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि मनाई



**सिल्ली।** सिल्ली स्थित आजसू पार्टी प्रधान कार्यालय में मंगलवार को बिहार राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कपूर्री ठाकुर की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित आजसू पार्टी प्रमुख सह पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह, केंद्रीय सचिव संजय सिद्धार्थ, क्षेत्रीय प्रभारी लक्ष्मण महतो एवं आजसू पार्टी कार्यकर्ता ने जननायक कपूर्री ठाकुर के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। सुदेश कुमार महतो ने पुण्यस्मरण करते हुए कहा है कि कपूर्री ठाकुर दलित, शोषित और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे। उनके सादा जीवन, स्पष्ट विचार और अदम्य इच्छा शक्ति ने बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित किया। उनकी लोकप्रियता और सेवा भावना के कारण उन्हें ह्यजननायकह्य भी कहा जाता है। भारत सरकार ने उन्हें मरणोपरान्त भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारतरत्न से सम्मानित किया है। उन्होंने देशवासियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। देश के लिए उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उपस्थित सभी ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर शशि सोनार, भरत देव साय, बिनोद कोइरी, सरोज महतो समेत आजसू पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पूर्वी भारत में बेस्ट दुग्ध उत्पादन के लिए राष्ट्रीय सम्मान पानेवाली विमला को किया गया सम्मानित




**इटकी।** इटकी दरहाटांड़ स्थित गोकुल ग्राम विकास केन्द्र परिसर में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में पूर्वी भारत में बेस्ट दुग्ध उत्पादन में राष्ट्रीय सम्मानित गो-पालक किसान विमला देवी को प्रदेश युथ कांग्रेस महासचिव आरिफ रजा ने सम्मानित किया है। विमला देवी को आरिफ रजा ने अंगवस्त्र, प्रस्तति पत्र, मेंमोटों और बुके के साथ 5000 नगद से नवाजा है। कार्यक्रम को संबोधित करते आरिफ रजा ने कहा कि विमला देवी ने अपनी मेहनत और अथक प्रयास से पूर्वी भारत में वेष्ट महिला डेरी किसान के रूप में राष्ट्रीय उपाधि हासिल कर इटकी से लेकर रांची और झारखण्ड का नाम पूरे भारत वर्ष में रौशन किया है। प्रतिदिन खुद का 400 लीटर दुग्ध उत्पादन करती है। गो-पालन और दुग्ध व्यवसाय को अपने जीवन का पर्याय बनाया और सफलता उनके कदम चूम रही है। ऐसी कर्मयोगी बहन को मै हृदय से सलाम करता हूँ। राज्य में स्वेत क्रांति को सशक्त बनाने वाली विमला देवी सीख लेने की जरूरत है। कार्यक्रम में विमला देवी ने भी अपनी कामयाबी के सुत्र को साजा करते हुए महिलाओं को गो-पालन में कई मुनाफा की जानकारी दी और गोपालन कर दुग्ध उत्पाद के लिए प्रेरित की। बता दें दिल्ली में 13 फरवरी गुरुवार इंडियन डेयरी एसोसिएशन द्वारा आयोजित ग्राण्ड इनोग्रेशनकी ऑफ डेयरी इण्डस्ट्री, कॉफ्रेंस एण्ड एग्जीवीशन कार्यक्रम में विमला देवी को पूर्वी भारत में बेस्ट दुग्ध उत्पादन के लिए फूड और प्रोसेसिंग केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान और एनडीडीबी अध्यक्ष डा0 मिनेश शाह 51 हजार का चेक,अंग वस्त्र और मेमोटों से राष्ट्रीय सम्मानित किया था। कार्यक्रम में दुग्ध उत्पादक विभाग सहायक प्रबंधक शैलेन्द्र कुमार, रूट सूपराईजर रंजीत कुमार, डीसीएस सचिव अशोक महतो, रेखा देवी, संगीता देवी, नेहा कुमारी, सरिता देवी सहित दर्जणों गो पालक किसान शामिल थे।

## हिंदू सम्मेलन को लेकर बैठक आयोजित

**राहे।** प्रखंड के शिवटंगरा मंदिर परिसर में 8 मार्च को आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर मंगलवार को महत्वपूर्ण बैठक सुरेंद्र प्रजापति के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। संचालन रणजीत कुमार ने किया। बैठक में सम्मेलन को सफल आयोजन को लेकर लोगों की राय ली गई। इस दौरान सर्वसम्मति से निमंत्रण वितरण दल, प्रचार दल ,मातृशक्ति दल, कलश यात्रा, हवन, भजन कीर्तन, भंडारा को लेकर चर्चा किया गया। प्रचार के लिए राम टोली, कृष्णा टोली, महादेव टोली, और मातृशक्ति टोली का गठन किया गया। टोली की जिम्मेवारी सम्मेलन की प्रचार करने की होगा जो लिए गांव गांव जाकर लोगों को सम्मेलन का न्योता देंगे।

# गांवों में स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने के लिए मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर जरूरी : उपायुक्त

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त आर रॉनिटा की अध्यक्षता में रविवार को प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन (पीएम-अभिम) और 15 वीं वित्त आयोग के तहत संचालित योजनाओं को लेकर जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य अवसंरचना से जुड़ी योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने उनकी प्रगति, गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष जोर दिया। उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए सुदृढ़ आधारभूत संरचना का विकास जरूरी है। उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों और चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में यदि किसी प्रकार की समस्या, संसाधनों की कमी या अतिरिक्त जरूरत हो तो उसे तत्काल जिला प्रशासन के संज्ञान में लाएं, ताकि शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने निमार्णाधीन और पूरा हो चुके स्वास्थ्य भवनों का समय पर हैंडओवर लेने और उनके शत-प्रतिशत उपयोग को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और निर्धारित समय-सीमा का पालन अनिवार्य रूप से करने की बात कही। बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, अपर समाहर्ता परमेश्वर मुण्डा, सभी अंचल अधिकारी, सभी एमओआईसी, स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# समाजसेवी राजीव चड्ढा का निधन, हुआ अंतिम संस्कार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ़।** समाजसेवी सह लाला लाजपत राय बाल विद्या मंदिर स्कूल के सचिव राजीव चड्ढा (66) का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को गांधी घाट में किया गया। उनके निधन की खबर शहर में फैलते ही शोक की लहर दौड़ गई। कई लोगों ने लोहार टोला शिवाजी रोड स्थित उनके आवास पर पहुंच परिवार वालों से मिलकर ढ़ाढस बंधाया। वे सोमवार को रांची अपने ससुराल में एक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। इसी बीच उन्हें देर रात बेचैनी हुई तो परिवार वालों ने राज हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। शोक व्यक्त करने वालों में चेंबर अध्यक्ष मनजीत साहनी, इंद्रपाल सिंह सैनी, अनुप बाबू, रमन मेहरा, रमिंदर सिंह गांधी, आनंद अग्रवाल, किशोर जाजू, एससी वासुदेव सहित अन्य लोग शामिल हैं।

# रामगढ़ में शिविर लगाकार डाक विभाग ने दी लोगों को योजनाओं की जानकारी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**रामगढ़।** डाक विभाग द्वारा आम नागरिकों को डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजनाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को प्रधान डाकघर में विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और बीमा योजनाओं की विशेषताओं, लाभ और प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। यह शिविर हजारीबाग डिवीजन के डाक अधीक्षक निरंजन कुमार और डाक निरीक्षक आशीष पांडे के निर्देश पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर पोस्टमास्टर मनोज कुमार और मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव रविशंकर राय ने बताया कि डाक विभाग लगातार अभियान चलाकर लोगों तक अपनी बीमा योजनाओं की जानकारी पहुंचा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। अधिकारियों ने बताया कि 18 फरवरी को डाक जीवन बीमा महामेला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिले के अधिकतम लोगों को बीमा से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीण डाकपाल, डाक सेवक और अन्य कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं और उन्हें बीमा कराने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजनाएं सुरक्षित, विश्वसनीय और किफायती बीमा विकल्प हैं, जिनमें कम प्रीमियम पर बेहतर सुरक्षा और लाभ उपलब्ध होता है। शिविर के दौरान कई लोगों ने मौके पर ही बीमा कराया और योजनाओं में रुचि दिखाई। अधिकारियों ने बताया कि डाक विभाग का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को सामाजिक सुरक्षा से जोड़ना और उन्हें भविष्य के लिए आर्थिक रूप से सुरक्षित बनाना है। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि वे डाक विभाग की बीमा योजनाओं का लाभ उठाकर अपने और अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित करें।

# नीलकंठ सिंह मुंडा ने किया जनसंपर्क, रानी टूटी को विजयी बनाने का आह्वान

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** खूंटी नगर निकाय चुनाव को लेकर पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने मंगलवार को खूंटी के नामकोम क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न मोहल्लों और बस्तियों का दौरा कर स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनसंपर्क अभियान के क्रम में पेयजल, सड़क, नाली, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दे प्रमुख रूप से सामने आए। नीलकंठ सिंह मुंडा ने जनता को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित मंचों तक पहुंचाया जाएगा और समाधान के लिए ठोस प्रयास किए जाएंगे। पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने जनता से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास, स्वच्छ प्रशासन और बेहतर भविष्य के लिए छड़ी छाप पर मतदान कर रानी टूटी को विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि नगर निकाय में एक मजबूत और जनहितैषी नेतृत्व से ही शहर का समुचित विकास संभव है। भाजपा की नीतियां पारदर्शिता, जवाबदेही और विकास पर आधारित हैं, जिन्हें रानी टूटी के नेतृत्व में धरातल पर उतारा जाएगा। इस जनसंपर्क अभियान में पार्टी कार्यकताओं और स्थानीय समर्थकों की सक्रिय भागीदारी रही। अभियान के संयोजक काशीनाथ महतो ने कहा कि जनता का उत्साह यह संकेत दे रहा है कि आने वाले चुनाव में रानी टूटी को भारी समर्थन मिलेगा।

# राम भरोसे चल रहा सिल्ली अस्पताल, ओपीडी और इमरजेंसी दंत चित्किसक के सहारे

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**सिल्ली।** राम भरोसे चल रहा सिल्ली अस्पताल, ओपीडी और इमरजेंसी दंतचित्कित्सक के सहारे सीएचसीचित्कित्सा प्रभारीभी हमेशा ड्यूटी से नदारत रहती है। जिसके कारण अन्य कर्मचारी में अपनी ड्यूटी पर खाना पूर्ति कर रहे है। अस्पताल में आए मरीज या दुर्घटना संबंधित ओपीडी और इमरजेंसी में भी दंत चिकित्सक या फिर आयुष चिकित्सक मरीज का इलाज करते है। जबकि अस्पताल में कुल 8 चिकित्सक प्रदस्थपित है। इसके बाद भी सोमवार देर रात दंत चिकित्सक के द्वारा रेल से गिरकर घायल एवं सड़क दुर्घटना में घायल युवकों का इलाज करते हुए देखे गए। चिकित्सा प्रभारी के नहीं रहने से अस्पताल के अन्य कर्मचारी या नर्स समय पर नहीं पहुंचते है। इलाज के अलावा अन्य कामों पर भी प्रभाव पड़ रहा है। सिल्ली थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया कि चित्कित्सा प्रभारी के समय पर नहीं रहने कारण दुर्घटना संबंधित चोट रिपोर्ट नहीं मिलने से वो मामला को आगे की ओर अग्रसित नहीं कर पा रहे है। उन्होंने इसकी शिकायत अपने विभाग के वरीय अधिकारी से की है।

# सुशासन, स्वास्थ्य और सुरक्षा की नई रौशनी : संजय सेठ

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** मेयर प्रत्याशी रौशनी खलखो की ओर से मंगलवार को राजधानी रांची के विभिन्न क्षेत्रों में पदयात्रा, बैठक और जनसंपर्क कर निकाय चुनाव में आम लोगों से समर्थन मांगा। वहीं उन्हों ने महिला सम्मेलन का भी आयोजन किया। कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि रौशनी खलखो रांची में हमेशा ही जनता ओर महिलाओं की सुरक्षा और उनके हक हुकूक की आवाज बनती रही हैं। उन्होंने कहा कि अब हमें रांची की बेटी रौशनी को आशीर्वाद देना है कि वे महिलाओं की सुरक्षा कवच बनकर काम कर सकें।
वहीं मौके पर राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि हार की डर से वर्तमान सरकार ने जनता को मूलभूत अधिकारों से लंबे समय तक वंचित रखा, लेकिन सरकार को अब जनता के सवालों का हिसाब देना होगा। रौशनी खलखो ने आम लोगों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि शहर का विकास देश के महानगरों की तर्ज पर होगी। रांची के स्वास्थ्य, सामाजिक कल्याण, सुरक्षा और सुशासन दिया जाएगा। उन्हों ने कहा कि उनका लक्ष्य महिला, युवा और वरिष्ठ नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। साथ ही शहरी सौंदर्य के लिए पार्क, पर्यटन को बढ़ावा देने और रांची के सभी धरोहरों को स्वच्छ , संरक्षित और सुंदर बनाने का ध्येय होगा। वहीं रौशनी ने मंगलवार को रांची के जिन इलाकों में लोगों से समर्थन मांगा उनमें पटेल भवन, हरमू रोड में बैठक, पहाड़ी स्थित शनि मंदिर से चुना भट्टा चौक, पुंदाग में पदयात्रा, टिकली टोला, कांके रोड में बैठक, हथिया गोंदा में बैठक, मिसिरगोंदा और हातमा में बैठक कर लोगों से समर्थन देने की अपील की।
विभिन्न कार्यक्रमों में राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, मेयर चुनाव प्रभारी केके गुप्ता, रांची विधायक सीपी सिंह, पूर्व विधायक समरी लाल, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, बलराम सिंह, जितेन्द्र वर्मा, विश्वजीत सिंह, दीनदयाल बरनवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित थे।

# जेईई मेंस में सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों का बेहतर प्रदर्शन

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**




**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने जेईई मेन्स जनवरी-2026 में शानदार प्रदर्शन किया है। अन्वेषा अग्रवाल ने अपनी शानदार कामयाबी से स्कूल का नाम रोशन किया, उन्होंने 99.2957304 परसेंटाइल हासिल किए। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, 10 से अधिक छात्र परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। कई छात्रों के परिणाम अभी प्रतीक्षित है। अन्वेषा के अलावा, जानवी सिन्हा ने 97.6456917 पर्सेंटाइल, अभिषेक कुमार आयुष ने 96.9733690 पर्सेंटाइल, कुशाग्र दिव्यांश ने 96.1514559 पर्सेंटाइल, आकर्ष राज ने 95.2767511 पर्सेंटाइल, आदर्श कुमार सिंह 92.6779646 पर्सेंटाइल, दर्शित बागला 91.9669478 पर्सेंटाइल, सान्वी श्रेया 91.7186269 पर्सेंटाइल, आर्या कौशिक 90.0962635 पर्सेंटाइल, अतुल्य कुमार ने 87.9960115 पर्सेंटाइल हासिल कर स्कूल की शान बढ़ाई है। प्राचार्या श्रीमती मनीषा शर्मा ने सफलता के लिए छात्रों की कड़ी मेहनत और अभिभावकों एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। छात्रों को अगले स्तर के लिए शुभकामनाएं दीं।

## संक्षिप्त

### रांची के पुंदाग में युवक का शव बरामद

**रांची।** रांची के पुंदाग थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान बबलू गंजू के रूप में हुई है, जो पुंदाग इलाके में अपने परिवार के साथ किराये के मकान में रहता था। पुलिस की पूछताछ में परिजनों ने बताया कि बबलू गंजू देर रात शौच के लिए घर से बाहर निकला था, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद उसका शव रेलवे ट्रैक के पास बरामद किया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुंदाग थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने आशंका जताई है कि युवक की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच कर रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) भेज दिया गया है।
थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक की पत्नी से भी पूछताछ की गई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पूरी तरह पुष्टि हो सकेगी।
पुलिस ने कहा कि मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बाबूलाल मरांडी के खिलाफ दर्ज चार मामलों को हाईकोर्ट ने किया निरस्त

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके परिवार के खिलाफ बयानबाजी से संबंधित झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के खिलाफ दर्ज चार मामलों को झारखंड उच्च न्यायालय ने निरस्त कर दिया है। बाबूलाल मरांडी के खिलाफ ये मामले रामगढ़, सिमडेगा, बरहेट और मधुपुर थाने दर्ज हुए थे। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की अदालत ने बाबूलाल मरांडी की याचिका स्वीकार कर ली। मरांडी की ओर से इन चारों मामलों को निरस्त करने का आग्रह किया गया था। बाबूलाल पर आरोप है कि एक निजी यूट्यूबय चैनल ने झारखंड में बाबूलाल मरांडी की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके परिवार के खिलाफ दिए गए साक्षात्कार को अपलोड किया था। इसके खिलाफ झामुमो कार्यकताओं ने राज्य के उक्त चार थानों में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले को लेकर 25 अगस्त 2023 को सिमडेगा थाना में कांड संख्या 104/2023, बरहेट थाना में कांड संख्या 104/2023, 25 अगस्त 2023 को रामगढ़ थाना में कांड संख्या 196/2023 और देवघर के मधुपुर थाना में कांड संख्या 176/2023 दर्ज है, जिसे अदालत से रद्द करने का आग्रह किया गया था।

### 2030 तक रेबीज मुक्त झारखंड बनाने को लेकर दिशा-निर्देश जारी

# सभी जिला अस्पताल मॉडल एंटी रेबीज क्लिनिक के रूप में होंगे विकसित

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** रेबीज के खतरों को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक स्तर पर अभियान चलाने का निर्णय लिया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने 13 फरवरी को सभी जिलों के सिविल सर्जन को पत्र लिखकर एनिमल बाइट मैनेजमेंट और पोस्ट-एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस को लेकर सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। राज्य सरकार का लक्ष्य वन हेल्थ अप्रोच के माध्यम से वर्ष 2030 तक झारखंड को रेबीज मुक्त बनाना है।
अभियान निदेशक ने निर्देश दिया है कि अब राज्य के सभी जिला अस्पतालों को मॉडल एंटी रेबीज क्लिनिक के रूप में विकसित किया जाए। इन क्लिनिकों में विशेष रूप से डेडिकेटेड वुंड वाशिंग एरिया बनाया जाए, जहां कुत्ता या अन्य जानवर के काटने पर मरीज के घाव को कम से कम 15 मिनट तक बहते पानी और साबुन से धोने की व्यवस्था होगी।
अभियान निदेशक ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो तक एंटी रेबीज वैक्सीन और एंटी रेबीज सीरम की उपलब्धता सुनिश्चित करने का दिया निर्देश दिया है। विदित हो कि वन हेल्थ अप्रोच के परिप्रेक्ष्य में हयूमन रेबीज को झारखंड के स्वास्थ्य विभाग की 21 अक्टूतबर, 2023 की अधिसूचना के माध्यम से राज्य में एक नोटिफायबल डिजीज के रूप में अधिसूचित किया गया है।
अब राज्य में डॉग बाइट के हर मामले की रिपोर्टिंग अनिवार्य रूप से आईएचआईपी-आईडीएसपी पोर्टल पर की किया जाना अनिवार्य है। टीकाकरण के नए प्रोटोकॉल के तहत अब इंट्रा-डर्मल रूट से 0.1 मिली की खुराक निर्धारित दिनों (0, 3, 7 और 28वें दिन) पर दी जाएगी। गंभीर मामलों में डॉक्टरों की सलाह पर रेबीज इम्युनोग्लोबुलिन का प्रयोग सुनिश्चित करने को कहा गया है।
इस अभियान को जन-आंदोलन बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जागरुकता रथ भी रवाना की किया है, जो आगामी दो महीनों तक जिलों में घूम-घूम कर लोगों को जागरूक करेंगी। इसके अलावा नगर निकायों, पंचायती राज संस्थाओं और स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से स्कूलों और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष जागरुकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। सभी सिविल सर्जन को यह भी निर्देश दिया गया है कि अस्पतालों में तैनात मेडिकल और पैरामेडिकल स्टाफ को एनिमल बाइट मैनेजमेंट के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि मरीजों को त्वरित और सही उपचार मिल सके।

## रमा खलखो ने पदयात्रा कर लोगों से मांगा समर्थन

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के महासचिव और वार्ड-27 के चुनाव प्रभारी अजय जैन के नेतृत्व में मंगलवार को कांग्रेस समर्थित महापौर प्रत्याशी रमा खलखो के पक्ष में जनसंपर्क अभियान और पदयात्रा का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान वाल्मीकि नगर, किशोरगंज, इरगुटोली और कैलाश नगर के निवासियों से मिलकर मेयर चुनाव में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी के रमा खलखो के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई। मौके पर रमा खलखो ने लोगों से बात करते हुए कहा कि वे सभी परिचित हैं और पूर्व में भी उनके आशीर्वाद से ही मेयर के रूप में सेवा करने का अवसर मिला था। उन्होंने कहा कि आप सभी ने उनके कार्यों को देखा और सराहा है और विश्वास है कि उन्हें इस बार भी जनता का आशीर्वाद उन्हें पुनः प्राप्त होगा। मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने भी उपस्थित लोगों से रमा खलखो के पक्ष में गोलबंद होने की अपील की। कमलेश ने कहा कि जनता उनके कार्यों से भली-भांति परिचित है और उन्हें विश्वास है कि जनता अपना समर्थन पुनः देगी।

# ईडी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई पर झारखंड हाईकोर्ट की रोक बरकरार

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अधिकारियों की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी (एफआईआर), पुलिस जांच और किसी भी प्रकार की कार्रवाई पर अगले आदेश तक रोक जारी रखने का निर्देश दिया है। अदालत ने इस मामले में राज्य सरकार को जवाब का अध्ययन करने के लिए समय देते हुए अगली सुनवाई की तारीख 24 फरवरी निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त समय की मांग की गई, जिसे न्यायमूर्ति एस.के. द्विवेदी की अदालत ने स्वीकार कर लिया। ईडी की ओर से अधिवक्ता सौरभ कुमार ने अदालत में पक्ष रखते हुए कहा कि अधिकारियों के खिलाफ दर्ज मामला निराधार है और इसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है।
यह मामला एयरपोर्ट थाना कांड संख्या 05/2026 से संबंधित है, जिसमें ईडी अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। वर्तमान में अदालत इस याचिका की मेंटेनबिलिटी, यानी इसकी सुनवाई योग्य होने के मुद्दे पर विचार कर रही है। इससे पहले की सुनवाई में अदालत ने ईडी कार्यालय की सुरक्षा को लेकर भी अहम निर्देश दिए थे। अदालत ने केंद्र सरकार को कार्यालय की सुरक्षा के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) या अन्य अर्धसैनिक बलों की तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था।

# गंभीर बीमारियों से जूझ रहे 21 मरीजों को मिलेगी सहायता राशि, मिली मंजूरी

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य आरोग्य समिति की बैठक झारखंड स्टेट आरोग्य समिति के कार्यकारी निदेशक छवि रंजन की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई। इसमें राज्य के 21 मरीजों को मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत वित्तीय सहायता देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। कार्यकारी निदेशक, जसास की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कैंसर, किडनी ट्रांसप्लांट और अन्य गंभीर रोगों के इलाज के लिए 5 लाख से 20 लाख तक रुपए के अनुदान प्रस्तावों की समीक्षा की गई। इस बैठक में अपर कार्यकारी निदेशक श्रीमती सीमा सिंह, विभाग के आंतरिक वित्तीय सलाहकार ध्रुव प्रसाद, डीआईसी डॉक्टर सिद्धार्थ सान्याल और विभाग के कई अधिकारी मौजूद थे।
इस बैठक में 5 लाख रुपये से लेकर 20 लाख रुपये तक के चिकित्सीय अनुदान के कुल 21 मामलों की समीक्षा की गई। पाकुड़ की श्रीमती कोमल जयसवाल के 10 लाख रुपये से अधिक के मामले को भौतिक सत्यापन के बाद कैबिनेट की स्वीकृति के लिए भेजने का निर्णय लिया गया है। गिरिडीह के तबारक अंसारी (किडनी ट्रांसप्लांट) और कौशलेश पांडे के मामलों में वर्तमान चिकित्सीय स्थिति के भौतिक सत्यापन के निर्देश दिए गए हैं।

### इन्हें मिली स्वीकृत

- ✔ श्रीमती मिताली झा (जामताड़ा), ओवरी कैंसर
- ✔ संतोष कुमार गुप्ता (गढ़वा), कैंसर (ल्यूकेमिया)
- ✔ सपन कुमार नायक (सरायकेला-खरसावां), कैंसर (जीभ का कार्सिनोमा)
- ✔ बेबी दिव्यांशु यादव (बच्चा) (पूर्वी सिंहभूम), कैंसर
- ✔ श्रीमती शकुंतला देवी (जामताड़ा), कैंसर (मेटास्टैटिक सर्विक्स)
- ✔ उमेश मंडल (गिरिडीह), बोन मैरो ट्रांसप्लांट
- ✔ श्रीमती बबीता देवी (हजारीबाग), कैंसर (मेटास्टैटिक रेक्टम)
- ✔ होरेन मंडल (जामताड़ा), कैंसर (मेटास्टैटिक ग्रेड 2)
- ✔ राशीद अंसारी (देवघर), कैंसर (गॉल ब्लैडर)
- ✔ श्रीमती सुनीता देवी (राँची), कैंसर (सर्विक्स)
- ✔ श्रीमती सावित्री दत्ता (पूर्वी सिंहभूम), स्तन कैंसर
- ✔ श्रीमती तिलोत्तमा कुम्हार (सरायकेला-खरसावां), कैंसर (ओवरी)
- ✔ श्रीमती फरजाना जन्नत (हजारीबाग), स्तन कैंसर
- ✔ मनोज कुमार रवानी (गिरिडीह), गंभीर दिमागी चोट
- ✔ राहुल रंजन (बोकारो), किडनी ट्रांसप्लांट
- ✔ अर्पण जेम्स कुजूर (बच्चा) (राँची), कैंसर
- ✔ श्रीमती राजो देवी (राँची), स्तन कैंसर
- ✔ श्रीमती मंजू देवी (राँची), स्तन कैंसर
- ✔ श्रीमती कोमल जायसवाल (पाकुड़), कैंसर (स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा)
- ✔ तबारक अंसारी (गिरिडीह), किडनी ट्रांसप्लांट
- ✔ कौशलेश पांडेय (गिरिडीह), कैंसर (रेक्टम)

### रांची में मेयर प्रत्याशी रौशनी खलखो के समर्थन में युवा सम्मेलन



**रांची।** इटकी रोड स्थित झारखंड कॉलोनी, बजरा में भारतीय जनता युवा मोर्चा पंडरा मंडल की ओर से मेयर प्रत्याशी रौशनी खलखो के समर्थन में युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजयुमो पंडरा मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने की। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं छात्र क्लब ग्रुप के वरीय संरक्षक सुबेश पांडेय, अशोक मुंडा, सतीश सिंह, सुलु राज, मिथलेश केशरी सहित वार्ड 33 की प्रत्याशी कुमुद कुमारी, निखिल गुप्ता, सनी सिंह, सुनील ओझा तथा विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मोहल्ले के सैकड़ों युवाओं और गणमान्य नागरिकों की भागीदारी रही। वक्ताओं ने नगर विकास, स्वच्छता, मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और युवाओं की भागीदारी को लेकर अपने विचार रखे तथा मेयर पद की प्रत्याशी रौशनी खलखो और वार्ड 33 की प्रत्याशी कुमुद कुमारी के समर्थन में एकजुट होने का आह्वान किया। सम्मेलन में उपस्थित युवाओं और स्थानीय नागरिकों ने दोनों प्रत्याशियों को समर्थन देने का आश्वासन दिया और क्षेत्र के विकास के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की प्रतिबद्धता जताई।

### अधिवक्ता हिट एंड रन मामले में दोनों तरफ से एफआईआर दर्ज

**रांची।** राजधानी रांची में अधिवक्ता हिट एंड रन का मामला प्रकाश में आया है। डोरंडा थाना क्षेत्र में एक कार सवार ने मामूली विवाद के बाद एक युवक को अपनी कार के बोनट पर कई किलोमीटर तक लटकाए रखा। इस दौरान युवक अपनी जान बचाने के लिए पूरे रास्ते संघर्ष करता रहा। पीड़ित युवक ने पूरे हादसे का वीडियो भी बनाया है। पीड़ित युवक मवाज खान ने बताया कि वह अपने छोटे भाई को स्कूल छोड़कर बाइक से डोरंडा की ओर जा रहा था। इसी दौरान एक कार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद मवाज ने कार चालक से कहा कि उसका ब्रेक टूट गया है, इसलिए ब्रेक बनवाने के पैसे दे दें और चले जाएं। लेकिन मामला इतना बढ़ गया कि कार सवार ने कई वाहनों को धक्का मारते हुए निकलने की कोशिश की। इसी दौरान मवाज कार के बोनट पर जा गिरा। इसके बावजूद कार चालक ने गाड़ी नहीं रोकी, बल्कि और तेज गति से चलाई। मवाज खान बोनट पर अटका रहा। लाख मिन्नत करने के बाद भी कार सवार ने गाड़ी नहीं रोकी और युवक को उसी हालत में लेकर अपने अपार्टमेंट तक पहुंच गया। पूरे रास्ते मवाज अपनी जान बचाने के लिए चिल्लाता और चीखता रहा, लेकिन कार सवार ने उसकी एक नहीं सुनी। अपार्टमेंट पहुंचने के बाद कार सवार ने चार-पांच लोगों के साथ मिलकर मवाज के साथ मारपीट भी की। किसी तरह अपार्टमेंट से फोन करके मवाज ने अपने परिजनों को सूचना दी। परिजन पहुंचे और उसे थाने ले गए। कार सवार की पहचान झारखंड उच्च न्यायालय के सीनियर अधिवक्ता मनोज टंडन के रूप में हुई। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है। इसके बाद एक वीडियो आया कि मामले में समझौता हो गया। लेकिन थाना प्रभारी दीपिका ने मंगलवार देर रात बताया कि मामले में दोनों ओर से एक दूसरे खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया गया है।

### मेयर पद के प्रत्याशी सुरेंद्र लिंडा ने पदयात्रा कर मांगा वोट

**रांची।** रांची नगर निगम चुनाव 2026 के तहत मेयर पद प्रत्याशी सुरेंद्र लिंडा ने मंगलवार को जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम, कचहरी रोड से पदयात्रा कर आम लोगों से वोट मांगा। पदयात्रा का नेतृत्व सुरेंद्र लिंडा के साथ केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा और झारखंड आंदोलनकारी कुमोद कुमार वर्मा ने किया। यह यात्रा कचहरी रोड से शहीद चौक, अल्बर्ट एक्का चौक, प्लाजा चौक, लालपुर चौक होते हुए बिरसा मुंडा समाधि स्थल तक पहुंची, जहां श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वापसी में सर्कुलर रोड और न्यूक्लियस मॉल होते हुए प्रधान कार्यालय में समापन हुआ। सुरेंद्र लिंडा ने मतदाताओं से क्रमांक 10 चुनाव चिन्ह के कैमरा छाप पर मतदान करने की अपील की। उन्होंने अतिक्रमण प्रभावित लोगों के पुनर्वास, जलजमाव की समस्या समाधान के लिए आधुनिक ड्रेनेज व्यवस्था, होल्डिंग टैक्स सहित अन्य समस्याओं का समाधान करने का लोगों को भरोसा दिलाया। उन्होंने रांची को सुंदर और स्मार्ट सिटी बनाने का संकल्प दोहराया। पदयात्रा के दौरान कई महिला-पुरुष और युवा मौजूद थे।

# बोर्ड परीक्षाओं को लेकर रांची में ट्रैफिक व्यवस्था सख्त

**सुबह 8 बजे से तैनात रहेंगे पुलिसकर्मी**


**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए रांची ट्रैफिक पुलिस ने शहर में विशेष यातायात दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत अब शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी सुबह 9 बजे के बजाय सुबह 8 बजे से ही तैनात रहेंगे, ताकि परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन ने बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु और व्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उनके निर्देश के बाद यातायात पुलिस अधीक्षक (ट्रैफिक एसपी) राकेश सिंह ने नगर क्षेत्र के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था की समीक्षा की।
निरीक्षण के दौरान ट्रैफिक एसपी ने परीक्षा केंद्रों के बाहर और आसपास के पार्किंग स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान यातायात को नियंत्रित रखना प्राथमिकता है, ताकि छात्रों को समय पर और सुरक्षित तरीके से परीक्षा केंद्र तक पहुंचाया जा सके। पुलिस प्रशासन ने अभिभावकों से भी सहयोग की अपील की है। अभिभावकों से कहा गया है कि वे बच्चों को समय से परीक्षा केंद्र तक पहुंचाएं और अपने वाहनों को केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करें, जिससे यातायात बाधित न हो। पुलिस का उद्देश्य परीक्षा अवधि के दौरान शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना और यह सुनिश्चित करना है कि सभी छात्र बिना किसी बाधा के सुरक्षित और समय पर अपने परीक्षा केंद्र तक पहुंच सकें।

## मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति को डालसा ने रिनपास में कराया भर्ती

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के त्वरित हस्तक्षेप से एक मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। विगत एक सप्ताह से मांडर प्रखंड के ग्राम मेशाल क्षेत्र के आसपास भटक रहे इस व्यक्ति को स्थानीय लोगों की सूचना पर शुक्रवार को संयुक्त प्रयास से उपचार हेतु भेजा गया। यह कार्रवाई न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश तथा माननीय सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना एवं न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में की गई। डालसा सचिव राकेश रौशन की देखरेख में रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार और मांडर पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उक्त व्यक्ति को रिनपास में भर्ती कराया। मामले की जानकारी पीएलवी सुमन ठाकुर ने डालसा सचिव एवं मांडर थाना प्रभारी को दी थी। सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल टीम गठित की गई, जिसमें सुमन ठाकुर, भारती शहदेव एवं विनीता कुमारी शामिल थीं। टीम के प्रयास से संबंधित व्यक्ति को सुरक्षित रूप से अस्पताल पहुंचाकर उपचार प्रारंभ कराया गया। डालसा सचिव राकेश रौशन ने बताया कि जरूरतमंद व्यक्तियों को विधिक एवं मानवीय सहायता उपलब्ध कराना प्राधिकरण की प्राथमिकता है। आगे भी संबंधित व्यक्ति को आवश्यक सहायता प्रदान की जाती रहेगी।

# टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में हैदराबाद से आया नया मेहमान

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में हैदराबाद से नया मेहमान आया है। हैदराबाद से अफ्रीकी शेरों की एक जोड़ी-मनोहर (नर) और श्रीदेवी (मादा) यहां लाई गई है। यह जोड़ी स्वीकृत पशु आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत नेहरू जूलॉजिकल पार्क से लाई गई है। इसके बदले दो नर मैनड्रिल बंदरों को हैदराबाद भेजा गया है। मनोहर और श्रीदेवी लगभग नौ वर्ष के हैं। अपनी प्रजनन आयु के सर्वोत्तम चरण में हैं। चिड़ियाघर प्रबंधन को आशा है कि आने वाले वर्षों में यह जोड़ी सफलतापूर्वक प्रजनन करेगी, जिससे पार्क में शेरों की आबादी की आनुवंशिक विविधता और दीर्घकालिक सस्टेनेबिलिटी को मजबूती मिलेगी।



टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क की एक समर्पित टीम 11 फरवरी 2026 की दोपहर हैदराबाद के लिए दो विशेष रूप से तैयार किए गए वाहनों से रवाना हुई, जिन्हें पशुओं के सुरक्षित और आरामदायक परिवहन के लिए डिजाइन किया गया था। सभी आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रिया और स्वास्थ्य संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद टीम ने वापसी यात्रा शुरू की। 16 फरवरी 2026 की आधी रात के आसपास शेरों को सुरक्षित रूप से जमशेदपुर ले आई।

पूरी परिवहन प्रक्रिया सेंट्रल जू ऑथोरिटी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप और विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों की निगरानी में संपन्न की गई, ताकि पशुओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके। वर्तमान में टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में तीन अफ्रीकी शेर हैं- दो नर, जंबो और एड एवं एक मादा, जोया-जिनकी आयु लगभग 14.5 वर्ष है। ये शेर वर्ष 2012 में उस समय चिड़ियाघर लाए गए थे, जब वे केवल छह महीने के थे। तब से वे दर्शकों के लिए प्रमुख आकर्षण बने हुए हैं। मनोहर और श्रीदेवी के आगमन के साथ, चिड़ियाघर अब एक युवा और आनुवंशिक रूप से सशक्त शेर आबादी विकसित करने की दिशा में अग्रसर है। मानक प्राणी उद्यान प्रोटोकॉल के अनुसार, मनोहर और श्रीदेवी को अनिवार्य 40 दिनों की क्वारंटीन अवधि में रखा गया है। इस दौरान उनके स्वास्थ्य, आहार के अनुकूलन और नए वातावरण में सामंजस्य स्थापित करने की प्रक्रिया पर विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों द्वारा लगातार निगरानी रखी जाएगी। क्वारंटीन अवधि सफलतापूर्वक पूरी होने के बाद शेरों को उनके निर्धारित बाड़ों में रखा जाए।

# बिरसानगर टीम ने कप पर किया कब्जा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गुवा।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) गुवा के फुटबॉल मैदान में आयोजित पांच दिवसीय यूथ क्रिकेट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला रोमांचक माहौल में संपन्न हुआ। दर्शकों की भारी भीड़ के बीच खेले गए इस मैच में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और अंत तक उत्साह चरम पर रहा। फाइनल मुकाबला बिरसानगर टीम और बीएल जगुआर बोलानी के बीच खेला गया। टॉस जीतकर बिरसानगर की टीम ने पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बीएल जगुआर बोलानी ने निर्धारित 10 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 101 रन बनाए। जवाब में बिरसानगर टीम ने संयमित और आक्रामक बल्लेबाजी का परिचय देते हुए 10 ओवर में 3 विकेट खोकर 103 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया और कप पर कब्जा जमा लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि सेल के मुख्य महाप्रबंधक चंद्रभूषण कुमार ने विजेता टीम को कप एवं 75 हजार रुपये नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उपविजेता टीम को कप और 45 हजार रुपये तथा तीसरे स्थान पर रही टीम को 15 हजार रुपये नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में झारखंड युवा मोर्चा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मैच में अंपायर की भूमिका संजय बनर्जी और विजय कुमार दास ने निभाई। वहीं झारखंड मजदूर संघर्ष संघ यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष रामा पांडे का सहयोग सराहनीय रहा। आयोजन समिति में रोहित पांडे, ललित तांती, जतिन यादव सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### महिला कॉलेज चाईबासा में मागे पर्व का उत्सव



**चाईबासा।** मंगलवार को बी एड विभाग के द्वारा मागे मिलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन बी एड मल्टीपरपस हॉल में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महिला कॉलेज विश्वविद्यालय की प्राचार्या डॉ. प्रीतिबाला सिन्हा रहीं। साथ ही विभाग के सभी प्राध्यापक विभागाध्यक्ष मोबरक करीम हाशमी, डॉ. ओनिमा मानकी, डॉ. अर्पित सुमन टोप्पो, डॉ. बबीता कुमारी, प्रीति देवगम, शीला सामद, डॉ. राजीव लोचन नामता, सितेंद्र रंजन सिंह, मदन मोहन मिश्रा, डॉ. ललिता सुंडी, डॉ. दीपिका कुमारी, डॉ. पुष्पा कुमारी, धनंजय कुमार आदि शामिल थे तथा सेमेस्टर सेमेस्टर एवं सेमेस्टर की सभी छात्राएँ उपस्थित रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्राध्यापकों द्वारा छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया। उन्होंने मागे पर्व के महत्व के बारे में बताया और उससे जुड़ी विस्तृत जानकारियाँ दी। छात्राओं ने नृत्य, गीत, नाटक एवं भाषण के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

### जस्टिस ऑन व्हील्स के माध्यम से विधिक जागरूकता शिविर

**पश्चिमी सिंहभूम।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा के तत्वाधान में जिला एवं प्रधान सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार चाईबासा मौहम्मद शाकिर के मार्गदर्शन में और प्राधिकार के सचिव रवि चौधरी जी के नेतृत्व में मोबाइल वाहन जस्टिस ऑन व्हील्स के माध्यम से झींकपानी प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया और लोगों को कानूनी जानकारी प्रदान की गई, इस दौरान जागरूकता हेतु हैंडबिल का भी वितरण किया गया। मौके पर एल ए डी सी के उप प्रमुख सुरेंद्र प्रसाद दास ने लोगों को बताया कि वे अपने विवादों का निपटारा मध्यस्थता के माध्यम से भी करवा सकते हैं, चलंत वाहन के माध्यम से फरवरी महीने में पूरे जिले के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर विधिक जागरूकता प्रदान की जा रही है।

# उपायुक्त ने जनसुनवाई के माध्यम से सुनी आमजनों की समस्याएं

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**गढ़वा।** उपायुक्त दिनेश यादव ने समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया। जनसुनवाई में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गई। उसके निष्पादन के लिए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। उक्त जनसुनवाई में सर्वप्रथम सदर प्रखंड के ओबरा गांव के निवासी इंदल कुमार घासी, विपत्ति घासीन एवं कुसुमरी घासीन ने आवेदन समर्पित करते हुए वन अधिकार पट्टा देने की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि वे सभी भूमिहीन व्यक्ति हैं। वन अधिकार पट्टा से अक्षय अच्छादित होने के योग्य हैं। उक्त मामले के निष्पादन के लिए उपायुक्त ने अंचल अधिकारी गढ़वा को जांच पड़ताल करते हुए समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।



चिनिया प्रखंड के चपकली निवासी सुंदरी देवी ने आवेदन समर्पित करते हुए प्रस्तावित स्थान पर धूमकुड़िया भवन का निर्माण नहीं करते हुए किसी अन्यत्र जगह पर निर्माण किए जाने की शिकायत की है। उन्होंने धूमकुड़िया भवन का निर्माण पूर्व से प्रस्तावित स्थल पर ही करने का अनुरोध किया है।

गढ़वा प्रखंड के रंका ग्राम निवासी मनोज कुमार निराला ने आवेदन समर्पित करते हुए बताया कि भारत पेट्रोलियम कंपनी द्वारा मेराल के गोंदा में एनओसी के लिए दिए गए आवेदन पर कोई विचार नहीं किया गया है, जिसके कारण स्वीकृत पेट्रोल पंप का कार्य निष्पादित नहीं हो पा रहा है। उन्होंने उक्त कार्य के निष्पादन हेतु शीघ्र एनओसी प्रदान करने का अनुरोध किया है। बबिता कुमारी ने शिक्षा विभाग की लंबित भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि उनका नाम मेरिट सूची में है। वे 10 वर्षों से अधिक समय से विभिन्न विद्यालयों में कार्य करने का अनुभव रखती हैं। उपायुक्त ने संबंधित विभाग को मामले की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आम नागरिकों की शिकायतें



**धनबाद।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर जिले के झरिया, राजगंज, बलियापुर, कतरास, गोविंदपुर, धनबाद सहित अन्य क्षेत्र से आए आम जनों की शिकायत सुनीं। जनता दरबार में नागरिकों ने क्वार्टर संबंधित विवाद, बकाया राशि भुगतान, थाना प्रभारी एवं अंचल अधिकारी द्वारा बिना लिखित आदेश के जमीन पर कार्य बंद कराने, ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्या, भूमि विवाद, विद्युत आपूर्ति बाधित होने एवं मीटर जब्ती के विरुद्ध आपत्ति सहित विभिन्न मामले से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, बैंक शाखा से प्राप्त ऋण के ब्याज माफी, म्यूटेशन की प्रक्रिया रोकने, पुराने घर की मरम्मत के दौरान पड़ोसी द्वारा जानलेवा हमला करने की शिकायतें भी प्राप्त हुईं। उपायुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को जांच कर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया तथा आवेदकों को शीघ्र समाधान का आश्वासन भी दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का निष्पक्ष एवं समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

### दुइया गांव में सेल सीएसआर के तहत फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न



**गुवा।** गुवा क्षेत्र अंतर्गत दुइया गांव में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के तहत फुटबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में आसपास के विभिन्न गांवों की पुरुष एवं महिला टीमों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं में खेल प्रतिभा को निखारना, खेल भावना को प्रोत्साहित करना तथा आपसी भाईचारे को मजबूत करना था। पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में छोटा जाम कुंडिया की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब पर कब्जा जमाया, जबकि रोवाम की टीम उपविजेता रही। मुकाबला काफी रोमांचक रहा और दोनों टीमों ने अनुशासित खेल का प्रदर्शन किया। वहीं महिला वर्ग में मेजबान दुईया की टीम विजेता बनी तथा सलाई की टीम को उपविजेता स्थान प्राप्त हुआ। महिला खिलाड़ियों के उत्साह और कौशल ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेल गुवा के सीजीएम सी.बी. कुमार ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही विभिन्न खेल कुद प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को भी पुरस्कृतकया गया।उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है तथा ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए सेल निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक चंद्रभूषण कुमार, महाप्रबंधक आर.के. बंगा, महाप्रबंधक (सीएसआर) अनिल कुमार, डीजीएम सुमन कुमार सहित विभिन्न गांवों के मुंडा, मुखिया एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय ग्रामीणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि पहुंचे देवघर

**देवघर।** तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि पहुंचे। उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा व पुलिस अधीक्षक सौरभ ने देवघर एयरपोर्ट पर पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। राज्यपाल ने बाबा बैजनाथ धाम मंदिर में पूजा अर्चना की। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, संबंधित अधिकारी व पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

## गढ़वा में 20 को दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**गढ़वा।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में 20 फरवरी को दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला चिनियां प्रखंड के अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय में प्रातः 11 बजे से अपराह्न 4 बजे तक होगा। अब तक 18 निजी नियोक्ताओं ने विभिन्न तकनीकी एवं गैर-तकनीकी रिक्तियों के लिए अपनी आवश्यकताएं उपलब्ध कराई हैं। जिला नियोजनालय ने जिले के सभी बेरोजगार युवाओं से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि पर मेला स्थल में उपस्थित होकर अवसर का लाभ उठाएं।



उम्मीदवार अपने साथ आधार कार्ड,निवास प्रमाण पत्र,फोटो, शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र, जिला नियोजनालय द्वारा जारी नियोजन कार्ड (यदि पूर्व में निर्गत हो) दस्तावेज अनिवार्य रूप से लेकर आएं। जिन उम्मीदवारों का जिला नियोजनालय में पंजीकरण नहीं है, वे वेबसाइट के माध्यम से अथवा जिला नियोजनालय कार्यालय में जाकर अपना नियोजन पंजीकरण करा सकते हैं। जिला नियोजना पदाधिकारी पंकज कुमार गिरि ने कहा कि यह मेला स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसलिए अधिक से अधिक युवा इस अवसर का लाभ उठाएं। नियोजित होकर आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाएं।

## नीति आयोग अवार्ड मनी अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं की समीक्षा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में मंगलवार को एससीए एवं नीति आयोग अवार्ड मनी अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। इसमे ग्रामीण क्षेत्रों में प्रखंड अंतर्गत सेन्हा में रागी एवं दाल प्रसंस्करण इकाई, किस्को में सरसों तेल उत्पादन इकाई, कुडू सदर प्रखंड में दीदी कैफे, कुडू के डेयरी उत्पादन ईकाई, बीएस कॉलेज में ई-लाईब्रेरी, पेशरार में दोना पत्तल ईकाई, बांस उत्पाद ईकाई, दरी-कालीन बुनाई केंद्र, किस्को में ब्रिकेटिंग प्लांट, सेन्हा में स्वेटर ईकाई, औद्योगिक सिलाई केंद्र आदि की समीक्षा की गई। जो योजनाएं पूर्ण रूप से प्रारंभ नहीं हो पायी हैं, उनमें लंबित कार्य को कराते हुए योजना को प्रारंभ कराने का निर्देश संबंधित एजेंसी को दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला योजना पदाधिकारी समेत सभी संबंधित अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## झारखंड की कला व संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन और उत्थान पर चर्चा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**लोहरदगा।** फिल्म निमार्ता, निर्देशक लाल विजय शाहदेव ने पद्मश्री मुकुंद नायक, पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख और पद्मश्री महावीर नायक से भेंट की। मौके पर झारखंड की कला एवं संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन और उत्थान को लेकर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की।



बैठक के दौरान विशेष रूप से नागपुरी संगीत के संरक्षण को प्रमुख मुद्दा बनाया गया। विद्वानों ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि आधुनिकता की अंधी दौड़ में नागपुरी संगीत का मूल स्वरूप और पारंपरिक आत्मा धीरे-धीरे विकृत होती जा रही है। इसे संरक्षित रखने तथा उसकी मौलिकता को बनाए रखने के लिए ठोस पहल की आवश्यकता पर बल दिया गया। साथ ही, लुप्त होती लोक कलाओं और परंपराओं को नई पीढ़ी के समक्ष प्रभावी रूप से प्रस्तुत करने, उन्हें सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने तथा संस्थागत स्तर पर संरक्षण की योजनाएँ बनाने पर भी गंभीर विचार-विमर्श हुआ। संवाद में नंदलाल नायक एवं राकेश रमण भी उपस्थित रहे। झारखंड में अधिक समय देकर सांस्कृतिक गतिविधियों को गति प्रदान करने और भविष्य में आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई।

### चाईबासा की गलियों में गूंज रहा सेवा का संकल्प

# कुमारटोली से बिरसा चौक तक भारी जनसमर्थन

**नितिन प्रकाश के 'खाता-21' पर लोगों का अटूट भरोसा**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**चाईबासा।** चाईबासा नगर परिषद के अध्यक्ष पद के कर्मठ प्रत्याशी नितिन प्रकाश का जन-सेवा अभियान मंगलवार को उन्होंने शहर के विभिन्न वार्डों में सघन भ्रमण कर लोगों से सीधा संवाद किया। इस दौरान लोगों का उत्साह यह बता रहा था कि चाईबासा अब बदलाव और सच्ची सेवा के लिए पूरी तरह तैयार है। वार्ड 8 से लेकर बिरसा चौक तकः हर घर में आत्मीय स्वागत नितिन प्रकाश ने आज वार्ड संख्या 8, 9, 10, 11 (कुम्हार टोली, बड़ी बाजार, हिंद चौक क्षेत्र) और वार्ड 17 (छोटा नीमडीह, बिरसा चौक शनि मंदिर क्षेत्र) में सघन जनसंपर्क किया। इस दौरान बड़े-बुजुर्गों ने उन्हें विजयी होने का आशीर्वाद दिया, तो युवाओं और महिलाओं ने फूल-मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया। लोगों के बीच नितिन प्रकाश एक प्रत्याशी के रूप में नहीं, बल्कि परिवार के एक सदस्य के रूप में नजर आए। 'खाता-21': सेवा का खाता और विश्वास की गारंटी जनसंपर्क के दौरान नितिन प्रकाश ने अपनी बहुचर्चित खाता-21 का जिक्र करते हुए लोगों को भरोसा दिलाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केवल रजिस्टर नहीं, बल्कि उनके द्वारा दी गई 'सेवा की लिखित गारंटी' है। मैं दिखावे की सेवा में विश्वास नहीं रखता। इस खाते में दर्ज लोगों की हर एक समस्या-चाहे वह पानी की हो, सड़क की हो या साफ-सफाई की-उसे दूर करना मेरा पहला कर्तव्य होगा। मैं वही बोलता हूँ जो कर सकता हूँ, और जो कहता हूँ उसे पूरा करना ही मेरी पहचान है।



# महुलडीह माइंस के विस्थापितों की समस्याओं को लेकर यूसिल जीएम से मिली सांसद जोबा माझी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**राजनगर।** राजनगर प्रखंड के कुमारी और महुलडीह के विस्थापितों की समस्याओं को लेकर मंगलवार को सांसद जोबा माझी के नेतृत्व में यूसिल के तुरामडीह जीएम एस मन्ना के साथ वार्ता हुई। महुलडीह माइंस में जीएम सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में सांसद ने विस्थापितों की समस्याओं से संबंधित मांगो को पूरा करने को कहा। वार्ता के दौरान जीएम ने कर्मचारियों के बच्चों को केंद्रीय विद्यालय में नामांकन, कैंटीन संचालित करने समेत अन्य बिंदुओं पर सहमति जताई। सांसद जोबा माझी ने अधिकारियों से दो टूक कहा कि विस्थापितों की मांगों को प्रबंधन नजरअंदाज नहीं करें। कहा कि जो मांगे तत्काल पूरी हो सकती है उसे पूरा करें और अन्य मांगों पर भी गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए समाधान की दिशा में पहल करें। वार्ता के दौरान समाजसेवी कालीपद सोरेन, ग्राम प्रधान नरसिंह मुर्मू, परमेश्वर टुडू, सागर मोदी, परसव राज मुर्मू, राजेश टुडू, टारजन टुडू, सुधीर टुडू आदि ग्रामीण और विस्थापित परिवार के सदस्य उपस्थित थे।



## किसी परिस्थिति में मतदानकर्मी नहीं करेंगे निजी वाहनों का इस्तेमाल : उपायुक्त

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**पलामू।** नगर निकाय चुनाव 2026 के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर मंगलवार को पलामू के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त समीरा एस ने सभी निवार्ची पदाधिकारियों, सेक्टर पदाधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में चुनाव की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था, मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गयी।

उन्होंने सभी 246 मतदान केंद्रों पर रैंप, पेयजल, फर्नीचर, शौचालय, रनिंग वाटर, साइनेज, चार्जिंग प्वाइंट, विद्युत व्यवस्था सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने सभी सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को आपस में बेहतर समन्वय रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि चुनाव से जुड़े एक-एक पदाधिकारी-कर्मी तय समय का ख्याल रखें ताकि चुनाव के किसी प्रक्रिया में किसी प्रकार की कोई देरी न हो। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी परिस्थिति में मतदान कर्मी निजी वाहनों का इस्तेमाल नहीं किया जाये। उन्होंने सेक्टर पदाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने और किसी भी तरह की गड़बड़ी की सूचना तुरंत नियंत्रण कक्ष को देने का निर्देश दिया साथ ही सेक्टर पदाधिकारियों को मतदान के पूर्व अपने-अपने बूथ का लोकेशन देख लेने की बात कही। बैठक में संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष सतर्कता बरतने, गश्ती दलों की सक्रियता बढ़ाने तथा मतदान कर्मियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने पर जोर दिया गया। बैठक में नगर निकाय के सभी पदों के निवार्ची पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, विभिन्न सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खड़े ट्रक से पिकअप वैन की टक्कर, एक की मौत, दो गंभीर

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**धनबाद।** धनबाद के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे पर किया शोरूम के समीप मंगलवार सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में एक पिकअप वैन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। जानकारी के अनुसार, सासाराम से मछली अनलोड कर वापस कोलकाता लौट रही बंगाल नंबर की पिकअप वैन (डब्ल्यू बी 23एम-8702) ने सड़क किनारे खड़े 12 चक्का ट्रक (बीआर28जिए-7127) के पीछे जोरदार टक्कर मार दी। पिकअप वैन में कुल चार लोग सवार थे, जिनमें से तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तुरंत बरवाअड्डा थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से धनबाद के एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने आमिर नामक एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया।

### संक्षिप्त

#### मेयर प्रत्याशी सूरज झा ने निकाली आशीर्वाद यात्रा



**देवघर।** संताल परगना के प्रमुख धार्मिक नगरी देवघर में नगर निगम चुनाव को लेकर सियासी पारा चरम पर है। मेयर प्रत्याशी सूरज झा ने मंगलवार को आशीर्वाद यात्रा निकाली। आशीर्वाद यात्रा की शुरूआत पंडित शिवराम झा चौक से उनकी भव्य प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के साथ हुआ। इसके बाद यात्रा मानसरोवर, शिवगंगा, लक्ष्मीपुर चौक, चांदनी चौक, शिक्षा सभा चौक, मुख्य बाजार, बुधराम शाह लेन, बिलासी, सीता होटल, हिंदी विद्यापीठ होते हुए पुनः शिवराम झा चौक पर समाप्त हुई। इस दौरान भारी संख्या में सूरज के समर्थक मौजूद थे।

#### आदित्य साहू ने किया भाजपा समर्थित मेयर प्रत्याशी की जीत का दावा

**धनबाद।** नगर निगम चुनाव के मद्देनजर धनबाद पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने भाजपा समर्थित मेयर प्रत्याशी संजीव कुमार की जीत का दावा करते हुए कहा कि विकास, सुशासन और भ्रष्टाचार-मुक्त धनबाद के लिए जनता भाजपा समर्थित उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करेगी। धनबाद के बैंक मोड़ थाना क्षेत्र स्थित धोवाटांड़ कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए आदित्य साहू ने पार्टी के बागी नेताओं पर भी सख्त रुख दिखाते हुए कहा कि उन्हें शो-कॉज नोटिस जारी किया गया है और पार्टी की अनुशासन समिति पूरे मामले पर निगरानी रखे हुए है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनुशासनहीनता पर निश्चित रूप से कार्रवाई होगी। वहीं, मुख?यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा-कांग्रेस की सरकार डर के साये में काम कर रही है। उनके अनुसार एक षड़यंत्र के तहत सरकार ने नगर निकाय चुनाव को दलीय आधार पर न कराकर गैर-दलीय आधार पर कराने का फैसला लिया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के आंदोलन के कारण ही सरकार चुनाव कराने को बाध्य हुई। उन्होंने हाल ही में डॉ मिहिर के घर पर धमकी भरा पोस्टर लगाए जाने की घटना का जिक्र करते हुए।

## पूर्वी सिंहभूम में सड़क हादसों पर प्रशासन सख्त, हेलमेट ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ विशेष अभियान के निर्देश

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**पूर्वी सिंहभूम।** जिले में पिछले महीने सड़क दुर्घटनाओं में 17 लोगों की मौत के बाद जिला प्रशासन ने यातायात नियमों के पालन को लेकर सख्ती बढ़ाने का निर्णय लिया है। मंगलवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में सड़क सुरक्षा की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले अधिकांश लोग दोपहिया वाहन चालक थे, जो बिना हेलमेट वाहन चला रहे थे। उपायुक्त ने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए पुलिस और परिवहन विभाग को संयुक्त रूप से विशेष जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बिना हेलमेट वाहन चलाने, तेज गति से वाहन चलाने, गलत दिशा में ड्राइविंग करने और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। बार-बार नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर जुमार्ना लगाने के साथ उनके ड्राइविंग लाइसेंस को निलंबित या रद्द करने की प्रक्रिया भी अपनाई जाएगी।

बैठक में पहले से चिन्हित दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट) के साथ-साथ नए जोखिम वाले स्थानों की पहचान करने और वहां चेतावनी संकेत, स्पीड ब्रेकर, बैरिकेडिंग तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा विद्यालयों और महाविद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया गया। शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण थाना क्षेत्रों में भी नियमित जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

ड्रिंक एंड ड्राइव की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए उत्पाद विभाग को शराब दुकानों के आसपास निगरानी बढ़ाने तथा पुलिस को ब्रीथ एनालाइजर से जांच तेज करने को कहा गया है। साथ ही हिट एंड रन मामलों में लंबित मुआवजा प्रकरणों की समीक्षा कर प्रभावित परिवारों को जल्द भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

इसके अतिरिक्त सड़क दुर्घटना में घायल लोगों की सहायता करने वाले व्यक्तियों को ह्यगुड सेमेरिटन योजनाह्व के तहत सम्मानित करने का भी निर्णय लिया गया, ताकि लोग दुर्घटना पीड़ितों की मदद के लिए आगे आएं और समय पर सहायता मिलने से जान बचाई जा सके।

बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी शबा आलम अंसारी, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ऋषभ गर्ग, रेल एसपी अजीत कुमार, एसडीएम धालभूम अर्णव मिश्रा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राहुल आनंद, एडीसी संतोष गर्ग, डीटीओ धनंजय, एसडीओ घाटशिला सुनील चंद्र, डीएसपी ट्रैफिक, डीएसपी मुख्यालय सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### ट्रेन से 59 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ तीन गिरफ्तार



**धनबाद।** रेल प्रभारी निरीक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि गंगा दामोदर एक्सप्रेस तथा तेतुलमारी स्टेशन से बड़े खेप में अंग्रेजी शराब की तस्करी की जानेवाली है उक्त सूचना पर वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक ने पोस्ट स्तर पर गठित स्पेशल टास्क टीम और तेतुलमारी कैंपिंग स्टाफ को सतर्क किया। टास्क टीम के द्वारा रात में ट्रेन संख्या 13329 गंगा दामोदर एक्सप्रेस में आपराधिक गतिविधि की निगरानी व गश्त करने के क्रम में कोच संख्या एम2 के में एक व्यक्ति शिव कुमार को एक सफेद रंग का थैला और काले रंग का पिट्ठू बैग में कुल 10 अदद व्हिंस्की बरामद हुआ। इसे तेतुलमारी रेलवे स्टेशन पर उतरवाकर जब्त किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। इस क्रम में तेतुलमारी कैंपिंग स्टाफ के साथ में तेतुलमारी स्टेशन पर आपराधिक गतिविधि के निगरानी व गश्त करने के क्रम में दो व्यक्तियों आनंद कुमार और नीरज कुमार को एक एक-एक थैला एवं एक-एक पिट्ठू बैग में 49 अदद अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त अभियुक्तों ने बताया कि अधिक पैसे कमाने की लालच में बंगाल व झारखंड से अंग्रेजी शराब खरीदकर बिहार ले जाकर बेचता है। गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों व जब्त 59 बोतल अंग्रेजी शराब को उत्पाद विभाग को सुपुर्द किया गया।

### ग्लोबल स्कूल ऑफ इंडिया में विज्ञान एवं कला-शिल्प का आयोजन



**धनबाद।** गोविंदपुर ग्लोबल स्कूल ऑफ इंडिया के प्रांगण में विज्ञान एवं कला-शिल्प प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीएसआईआर के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. रणविजय कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में सीएसआईआर के वैज्ञानिक डॉ. इश्तियाक अहमद एवं आईआईटी आईएसएम के सहायक प्राध्यापक डॉ. आनंद शंकर हाटी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक डॉ. एस. खालिद, अध्यक्षा डॉ. निकहत परवीन, विद्यालय प्रबंधक डॉ ममता सिन्हा एवं प्रधानाध्यापिका चांदनी त्रिगुणायत भी उपस्थित रहे। विज्ञान एवं कला-शिल्प प्रदर्शनी में कक्षा प्रथम से नवमी तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अपने आकर्षक एवं नवाचारी मॉडल प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल एवं कलाकृतियों को देखकर अतिथियों ने उनकी सराहना की। उनका उत्साहवर्धन किया।

### एसपी ने की मासिक अपराध गोष्ठी की बैठक



**देवघर।** कानून व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सौरभ ने अपने कार्यालय में मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की। इसमें जिले के विभिन्न थाना प्रभारियों और पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता पुलिस से संवाद करने में बिल्कुल भी हिचकिचाए नहीं। पुलिस आपकी सेवा और सुरक्षा के लिए तत्पर है। मासिक अपराध के लगभग 90 प्रतिशत मामलों का निष्पादन किया जा चुका है, जबकि शेष मामलों पर तेजी से कार्य जारी है। पुलिस अधीक्षक ने जानकारी दी कि सम्मान योजना के अंतर्गत 21 बुजुर्ग नागरिकों से पुलिस सीधे संपर्क में है, ताकि उनकी सुरक्षा और सहायता सुनिश्चित की जा सके। भरोसा दिलाया कि सभी आवश्यक पहलुओं पर गंभीरता से काम किया जा रहा है, ताकि देवघर की जनता को भयमुक्त और सुरक्षित वातावरण मिल पाए।

## भाजपा समर्थित मेयर प्रत्याशी अरूणा शंकर को आचार संहिता उल्लंघन का नोटिस

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पलामू।** भाजपा समर्थित मेयर प्रत्याशी अरुणा शंकर को आदर्श आचार संहिता उल्लंघन को लेकर नोटिस जारी किया गया है और 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण कार्यालय में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। इस सिलसिले में जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगर पालिका) सह उपायुक्त पलामू के कार्यालय से ज्ञापक के अनुसार कारण बताओं नोटिस जारी हुआ है। नोटिस के अनुसार जिला प्रशासन को सूचना प्राप्त हुई एवं विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के अनुसार मेदिनीनगर में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह की ओर से 14 फरवरी को मेयर प्रत्याशी अरुणा शंकर की उपस्थिति में संकल्प पत्र (चुनावी घोषणा पत्र) का लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम और घोषणा पत्र के लोकार्पण के दौरान मेयर प्रत्याशी की ओर से पार्टी विशेष के नाम का उपयोग किया गया, जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। विधि व्यय कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता ने नोटिस जारी करते हुए 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण कार्यालय में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। निर्धारित अवधि के भीतर संतोषजनक जवाब नहीं होने की स्थिति में यह माना जाएगा।

## बाबा बासुकीनाथ में तमिलनाडु के राज्यपाल ने की पूजा-अर्चना

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**दुमका।** तमिलनाडु के राज्यपाल रविंद्र नारायण रवि ने मंगलवार को बासुकीनाथ धाम में सपरिवार पूजा अर्चना कर भोलेनाथ से आशीर्वाद प्राप्त किया। तीर्थ नगरी में जिला प्रशासन के आला अधिकारियों ने राज्यपाल का स्वागत किया। इसके बाद राज्यपाल ने बाबा मंदिर के गर्भ गृह में विधि-विधान से पूजा अर्चना की। पूजा के बाद मंदिर प्रांगण में बाबा भोलेनाथ और माता पार्वती सहित अन्य देवी देवताओं की आरती उतारी। इसके बाद डीसी अभिजित सिन्हा ने राज्यपाल को बाबा बासुकीनाथ का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मौके पर मंदिर के पंडा धर्म रक्षिणी सभा ने राज्यपाल को बाबा बासुकीनाथ का फोटो और रुद्राक्ष को भेंट किया। उल्लेखनीय है कि पूर्व आईपीएस अधिकारी रविंद्र नारायण रवि नागालैंड के राज्यपाल भी रह चुके हैं।

## रसोइयों की बेमियादी हड़ताल, विद्यालयों का मध्याह्न भोजन प्रभावित

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका प्रखंड में कार्यरत विद्यालय रसोइयों ने मंगलवार से बेमियादी हड़ताल शुरू कर दी। झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका अध्यक्ष संघ के आह्वान पर प्रखंड के विभिन्न स्कूलों में काम करने वाली सैकड़ों रसोइयों ने प्रखंड परिसर में जुटकर जोरदार प्रदर्शन किया और अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। हड़ताल के कारण कई विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। संघ के जिला अध्यक्ष सालगे हांसदा, प्रखंड अध्यक्ष नागी मुर्मू, शकुंतला दास और राजकुमारी सीट ने कहा कि वे पिछले लगभग 20 वर्षों से विद्यालयों में सेवा दे रही हैं, लेकिन आज तक उन्हें न तो उचित मानदेय मिला और न ही स्थायीकरण की दिशा में कोई ठोस पहल की गई। उनका कहना है कि सीमित मानदेय में परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है और सरकार की ओर से बार-बार आश्वासन के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। रसोइयों ने स्पष्ट किया कि उनकी सात सूत्री मांगों में मानदेय बढ़ाने, सेवा का स्थायीकरण, मेडिकल सुविधा और सामाजिक सुरक्षा शामिल हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। संघ नेताओं ने यह भी कहा कि यदि प्रशासन बाहरी एजेंसी के माध्यम से मध्याह्न भोजन तैयार कराने की कोशिश करता है तो उसका कड़ा विरोध किया जाएगा। हालांकि उन्होंने यह भी जोड़ा कि यदि विद्यालय के शिक्षक स्वयं भोजन तैयार करते हैं तो वे इसका विरोध नहीं करेंगे। प्रदर्शन में आरती भकत, मिठू दास, हीरामणि सरदार, जोबा भकत, सुलोचना, लीलावती सरदार, शिवानी थयाल, पार्वती भकत, रानी महतो और आनंदनी सरदार समेत बड़ी संख्या में रसोइयां मौजूद रहीं।

## हजारीबाग में 14 नशा तस्कर गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस को नशाखोरी के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान में बड़ी सफलता मिली है। कटकमदाग, लोहसिंघना और इचाक थाना क्षेत्रों में संयुक्त छापेमारी कर कुल 14 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से ब्राउन शुगर, गांजा, नगद राशि, मोबाइल फोन और विभिन्न वाहन बरामद किए गए हैं। एसपी अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि कटकमदाग थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्ताना स्थित डीपो सीट के पास ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री की जा रही है। इस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। इस दौरान तीन युवक भागने लगे, जिन्हें पीछा कर पकड़ा गया। उनसे पूछताछ के आधार पर अन्य आरोपितों को भी गिरफ्तार किया गया। कटकमदाग थाना क्षेत्र से कुल छह लोगों की गिरफ्तारी हुई। लोहसिंघना थाना क्षेत्र में चलाए गए विशेष अभियान के तहत तीन आरोपितों को पकड़ा गया। इनके कब्जे से लगभग 17 ग्राम ब्राउन शुगर, करीब दो किलोग्राम गांजा, 47 हजार रुपये नगद, एक सफारी वाहन, एक ब्रेजा कार और तीन मोबाइल फोन बरामद हुए। वहीं, कटकमदाग क्षेत्र से कुल 111.72 ग्राम ब्राउन शुगर, 17,160 रुपए नगद, सात मोबाइल फोन, दो मोटरसाइकिल, एक स्विफ्ट कार और दो माप-तौल मशीन बरामद की गई है। पुलिस ने बताया कि कुछ गिरफ्तार आरोपितों का आपराधिक इतिहास भी रहा है और उनके खिलाफ पहले भी विभिन्न थानों में मामले दर्ज हैं। यह पूरी कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) के नेतृत्व में गठित विशेष छापेमारी दल की ओर से की गई। इसमें संबंधित थानों के थाना प्रभारी और पुलिस बल की सक्रिय भागीदारी रही। अपर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने स्पष्ट किया है कि जिले में नशा तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। गिरफ्तार आरोपितों में मो आफताब, मो जुबैद, सरोज कुमार, उदय कुमार, पवन राज, राहुल कुमार मेहता, आदित्य यादव, साहब सिंह उर्फ साबी, गुरुनाम सिंह उर्फ सोडी , इरफान अंसारी, बबलू कुमार, एहसान खान, विशाल कुमार और मो वसीम शामिल है।

## पुलिस ने की वासेपुर में भगोड़े प्रिंस खान के घर की कुर्की

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**धनबाद।** शहर के वासेपुर इलाके में मंगलवार को पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने कुख्यात अपराधी प्रिंस खान के घर पहुंची। कोर्ट के आदेश पर कुर्की-जब्ती की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए यह कार्रवाई की गई। वासेपुर स्थित कमर मखदूमी रोड पर सुबह से ही हलचल तेज हो गई थी। पुलिस वाहनों के पहुंचते ही आसपास के लोगों की भीड़ जुटने लगी। प्रशासन की टीम ने पूरे इलाके को घेर लिया और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किया गया। विधि-व्यवस्था प्रभारी नौशाद आलम, बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रवीण कुमार और भूली ओपी प्रभारी अभिनव कुमार अपने-अपने दलबल के साथ मौके पर मौजूद थे। कोर्ट से जारी कुर्की-जब्ती के आदेश के तहत पूर्व की कार्रवाई में कुछ हिस्से अधूरे रह गए थे। उसी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए मंगलवार को दोबारा टीम पहुंची। इस दौरान घर की छत पर लगा शेड उखाड़कर जब्त कर लिया गया। पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई गई। कार्रवाई के दौरान इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी, जिससे किसी तरह की अप्रिय घटना न हो। वहीं विधि व्यवस्था डीएसपी नौशाद आलम ने कहा कि कोर्ट के आदेश पर कुख्यात अपराधी प्रिंस खान के आवास पर छापेमारी की कार्रवाई की गई है।

## संपादकीय

### सख्ती बरतना जरूरी...

**डिजिटल** युग ने अभिव्यक्ति को अभूतपूर्व विस्तार दिया है। आज एक क्लिक में विचार, मनोरंजन और जानकारी पूरी दुनिया तक पहुंच जाती है। लेकिन इसी सुविधा के साथ एक खतरनाक प्रवृत्ति भी तेजी से पनप रही है–डीपफेक और एआई जनित भ्रामक कंटेंट का प्रसार। सोशल मीडिया पर सर्फिंग करते हुए अचानक कोई वीडियो सामने आता है जिसमें कोई बड़ा अभिनेता, संत या वैश्विक नेता ऐसी बातें करता दिखता है जो चौंकाने वाली होती हैं। पहली नजर में सबकुछ वास्तविक प्रतीत होता है, परंतु थोड़ी पड़ताल करने पर पता चलता है कि यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का खेल है। सवाल यह है कि हर व्यक्ति जांच-पड़ताल करने में सक्षम या सजग नहीं होता–तो फिर सच और झूठ के बीच की रेखा कौन तय करेगा? डीपफेक तकनीक का दुरुपयोग केवल मनोरंजन या मजाक तक सीमित नहीं रहा। अब इसके जरिए भ्रम फैलाकर पैसा कमाया जा रहा है, समाज में अविश्वास बोया जा रहा है और प्रतिष्ठित व्यक्तियों की छवि धूमिल की जा रही है। कभी किसी संत का झूठा प्रवचन वायरल हो जाता है, कभी किसी नेता को आपत्तिजनक हरकत करते दिखाया जाता है, तो कभी गंदगी से भरे वीडियो जानबूझकर परोसे जाते हैं। लाखों व्यूज के साथ ऐसी सामग्री से भारी कमाई होती है और सच को पीछे छोड़कर सनसनी आगे निकल जाती है। इन बढ़ती चिंताओं के बीच केंद्र सरकार ने आईटी नियम 2021 में संशोधन करते हुए स्पष्ट किया है कि एआई जनित या डीपफेक कंटेंट की सूचना मिलने के तीन घंटे के भीतर उसे हटाना होगा। साथ ही वीडियो के एक हिस्से पर यह स्पष्ट उल्लेख करना अनिवार्य होगा कि सामग्री एआई जनित है, ताकि दर्शकों को भ्रमित न किया जा सके। यह पहल स्वागतयोग्य है, क्योंकि डिजिटल अराजकता पर नियंत्रण के लिए ठोस कानूनी ढांचे की आवश्यकता थी। लेकिन असली प्रश्न नियम बनाने से ज्यादा उनके प्रभावी क्रियान्वयन का है। यदि पहले से नियम मौजूद थे तो फिर ऐसी सामग्री खुलेआम कैसे प्रसारित होती रही? क्या निगरानी तंत्र कमजोर है, या सोशल मीडिया कंपनियां अपनी जिम्मेदारी से बचती रही हैं? सच यह है कि वैश्विक स्तर पर प्रभावशाली हो चुके ये प्लेटफॉर्म अब स्वयं को नियमों से ऊपर समझने लगे हैं। उन्हें विश्वास है कि युवा पीढ़ी उनकी मुट्ठी में है और सरकारें ज्यादा सख्ती नहीं कर पाएंगी।

# स्वास्थ्य का दिखता है असर, राष्ट्रीय आंकड़े रह जाते हैं पीछे

**रोहन सिंह**

बढ़ता वायु प्रदूषण एक गंभीर वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल बनता जा रहा है। वाहनों का धुआं, औद्योगिक उत्सर्जन, जीवाश्म ईंधनों का उपयोग और फसलों के अवशेष जलाना इसके प्रमुख स्रोत हैं, जो फेफड़ों के कैंसर, हृदय रोग और मस्तिष्काघात जैसी जानलेवा बीमारियों का जोखिम बढ़ा देते हैं। यह समस्या न केवल स्वास्थ्य, बल्कि आर्थिक उत्पादकता और कृषि को भी प्रभावित कर रही है। मगर सवाल यह है कि भारत में वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों को दर्ज करने के लिए क्या मृत्यु प्रमाणपत्र में इसका स्पष्ट उल्लेख होना जरूरी है और यदि ऐसा है, तो इसके लिए माकूल व्यवस्था का अभाव क्यों है? यह प्रश्न इसलिए महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि सरकार का कहना है कि देश में ऐसा कोई राष्ट्र-स्तरीय डेटा उपलब्ध नहीं है, जो बीमारियों या मौतों को वायु प्रदूषण से सीधे तौर पर जोड़ता हो। किसी भी महामारी से निपटने के विज्ञान में एक्सपोजर-रिस्पॉन्स मॉडल, अतिरिक्त मृत्यु दर का अनुमान और जनसंख्या-स्तरीय जोखिम आकलन जैसे तरीकों का उपयोग किया जाता है। भारत स्वयं तंबाकू-संबंधी कैंसर और व्यावसायिक जोखिमों से जुड़ी बीमारियों के आकलन में इन तरीकों को स्वीकार करता है। यदि वायु प्रदूषण कोई वायरस होता, तो संभवतः भारत अब तक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित कर चुका होता। पिछले वर्ष सरकार की ओर से राज्यसभा में दिए गए एक लिखित उत्तर में कहा गया था कि देश में ऐसा कोई निर्णायक राष्ट्र-स्तरीय आंकड़ा उपलब्ध नहीं है, जो मौतों या बीमारियों को केवल वायु प्रदूषण से सीधे तौर पर जोड़ता हो।

वर्ष 2007 में भी सरकार ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में विश्व स्वास्थ्य संगठन और आईजीआईडीआर के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया था कि घर के भीतर वायु प्रदूषण के कारण लगभग 4.07 लाख भारतीयों की समय से पहले मौत हो गई थी, जिनमें अधिकांश महिलाएं और बच्चे थे। हालांकि, सरकार ने यह भी कहा था कि इन मौतों और वायु प्रदूषण के बीच सीधा संबंध स्थापित करने के लिए कोई निर्णायक डेटा उपलब्ध नहीं है। इस संदर्भ में यह कहना गलत नहीं होगा कि देशव्यापी मृत्यु प्रमाणपत्रों के अभाव को तकनीकी रूप से सही ठहराया जा सकता है, लेकिन यह चिकित्सकीय सत्य को पूरी तरह नहीं दर्शाता। सार्वजनिक स्वास्थ्य में जिम्मेदारी केवल एक कारण वाले मृत्यु प्रमाणपत्रों से नहीं मापी जा सकती। अधिकांश प्रदूषण-जनित मौतें हृदय और श्वसन संबंधी रोगों के बढ़ने के कारण होती हैं, जहां वायु प्रदूषण एक जोखिम कारक के रूप में काम करता है, न कि अकेले कारण के रूप में। सरकार का तर्क संभवतः तकनीकी पहलू पर आधारित है - अर्थात सार्वजनिक स्वास्थ्य रिकार्ड या ऐसे गहन अध्ययनों का अभाव, जिनमें प्रत्येक मौत को स्पष्ट रूप से वायु प्रदूषण-जनित के रूप में दर्ज किया गया हो।

यह कहना कि निर्णायक राष्ट्रीय डेटा उपलब्ध नहीं है, कुछ हद तक तकनीकी रूप से सही हो सकता है, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि वायु प्रदूषण मौतों का कारण नहीं बन रहा।



> ***यह कहना कि निर्णायक राष्ट्रीय डेटा उपलब्ध नहीं है, कुछ हद तक तकनीकी रूप से सही हो सकता है, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि वायु प्रदूषण मौतों का कारण नहीं बन रहा। उत्तर भारत के शहरों, विशेषकर दिल्ली में, वायु प्रदूषण का स्वास्थ्य पर प्रभाव अब किसी से छिपा नहीं है। सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों की राय और अनेक अध्ययनों ने बार-बार यह दिखाया है कि सूक्ष्म कणों से होने वाला वायु प्रदूषण मानव जीवन पर गंभीर प्रभाव डालता है। लांसेट पत्रिका में प्रकाशित ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी के अनुसार, भारत में वर्ष 2019 में दस लाख से अधिक मौतें वायु प्रदूषण के कारण हुईं, जो देश में कुल मौतों का लगभग 18 प्रतिशत है। अध्ययन से यह भी पता चला कि वर्ष 1990 से 2019 के बीच सूक्ष्म कणों से होने वाली मृत्यु दर में 115 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि घरेलू वायु प्रदूषण से होने वाली मृत्यु दर में कमी आई। चिंताजनक तथ्य यह है कि वायु प्रदूषण से होने वाला नुकसान बच्चे के जन्म से पहले ही शुरू हो जाता है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट के एक विश्लेषण से पता चलता है कि विषाक्त वायु भ्रूण में ऑक्सीजन और पोषक तत्वों के प्रवाह को बाधित करती है, जिससे समय से पहले जन्म, नवजात का कम वजन, फेफड़ों के विकास में रुकावट और बाल्यावस्था में दीर्घकालिक श्वसन समस्याओं की आशंका बढ़ जाती है।***

उत्तर भारत के शहरों, विशेषकर दिल्ली में, वायु प्रदूषण का स्वास्थ्य पर प्रभाव अब किसी से छिपा नहीं है। सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों की राय और अनेक अध्ययनों ने बार-बार यह दिखाया है कि सूक्ष्म कणों से होने वाला वायु प्रदूषण मानव जीवन पर गंभीर प्रभाव डालता है। लांसेट पत्रिका में प्रकाशित ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी के अनुसार, भारत में वर्ष 2019 में दस लाख से अधिक मौतें वायु प्रदूषण के कारण हुईं, जो देश में कुल मौतों का लगभग 18 प्रतिशत है। अध्ययन से यह भी पता चला कि वर्ष 1990 से 2019 के बीच सूक्ष्म कणों से होने वाली मृत्यु दर में 115 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि घरेलू वायु प्रदूषण से होने वाली मृत्यु दर में कमी आई। चिंताजनक तथ्य यह है कि वायु प्रदूषण से होने वाला नुकसान बच्चे के जन्म से पहले ही शुरू हो जाता है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट के एक विश्लेषण से पता चलता है कि विषाक्त वायु भ्रूण में ऑक्सीजन और पोषक तत्वों के प्रवाह को बाधित करती है, जिससे समय से पहले जन्म, नवजात का कम वजन, फेफड़ों के विकास में रुकावट और बाल्यावस्था में दीर्घकालिक श्वसन समस्याओं की आशंका बढ़ जाती है।

पिछले कुछ दशकों में औद्योगिकीकरण, वाहनों की संख्या में तेजी और कमजोर राजनीतिक इच्छाशक्ति के कारण पर्यावरण को इस कदर नुकसान पहुंचा है कि इसके विषैले तत्व अब हर सांस और भोजन के साथ हमारे शरीर में प्रवेश कर रहे हैं। नीति-प्रतिक्रियाएं अधिकांशतः अल्पकालिक रही हैं, जबकि यह स्वास्थ्य संकट दीर्घकालिक और अंतर-पीढ़ीगत प्रभाव डालता है। हाल ही में एक मीडिया रिपोर्ट में दिल्ली के छह प्रमुख सरकारी अस्पतालों के रिकार्ड का हवाला देते हुए बताया गया कि पिछले तीन वर्षों में इन अस्पतालों में दो लाख से अधिक गंभीर श्वसन रोगों के मामले दर्ज किए गए, जिन्हें वायु प्रदूषण से जोड़ा गया। बच्चों, बुजुर्गों और अन्य संवेदनशील समूहों में अस्थमा, सांस फूलने और श्वसन संबंधी समस्याओं के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि यह दर्शाती है कि वायु प्रदूषण का प्रभाव केवल सांख्यिकीय अनुमान नहीं, बल्कि रोजमर्रा की चिकित्सकीय वास्तविकता बन चुका है।

विभिन्न शोध यह भी संकेत देते हैं कि वायु प्रदूषण केवल श्वसन रोगों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह रोगजनकों के प्रसार को भी प्रभावित कर सकता है। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में दिल्ली के कुछ घनी आबादी वाले इलाकों की हवा में एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी जीवाणुओं की मौजूदगी पाई गई। इससे संकेत मिलता है कि सूक्ष्म कण (पीएम 2.5 और पीएम 10) जीवाणुओं के लिए वाहक की तरह काम कर सकते हैं, जिससे वे हवा में लंबे समय तक बने रहते हैं और मानव शरीर तक पहुंचने की संभावना बढ़ जाती है। यह एक ऐसा पहलू है, जो वायु प्रदूषण और स्वास्थ्य नीति को अब भी अलग-अलग खांचों में देखने की प्रवृत्ति को उजागर करता है। स्वास्थ्य आपातकाल को केवल डेटा की श्रेणियों पर तकनीकी बहस तक सीमित नहीं किया जा सकता। अस्पतालों में हर दिन वायु प्रदूषण के गंभीर प्रभाव देखे जा रहे हैं, लेकिन इन्हें आधिकारिक रूप से स्वास्थ्य संकट नहीं माना जाता, क्योंकि इस तरह की मौतें वायु प्रदूषण-जनित की स्पष्ट श्रेणी में दर्ज नहीं होतीं। यह चक्रीय तर्क डेटा अंतराल के माध्यम से जवाबदेही में देरी करता है। लाखों भारतीयों के लिए यह संकट रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन चुका है - बच्चे और युवा सर्दियों की धुंध भरी हवा में सांस लेने के लिए संघर्ष करते हैं, बुजुर्ग मरीजों से अस्पतालों में भीड़ बढ़ रही है और श्रमिक वर्ग विषाक्त हवा में बिना पर्याप्त सुरक्षा के काम करने को मजबूर है। ऐसे में भारत को वायु प्रदूषण को केवल पर्यावरणीय समस्या नहीं, बल्कि स्वास्थ्य का एक संरचनात्मक निर्धारक मानना चाहिए। राष्ट्रीय निगरानी प्रणालियों में वैज्ञानिक साक्ष्यों को एकीकृत करने, आंकड़ों को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराने और नीति विमर्श में प्रदूषण-जनित मृत्यु दर को स्पष्ट मान्यता देने की आवश्यकता है। ये केवल तकनीकी सुधार नहीं, बल्कि एक नैतिक जिम्मेदारी भी हैं, जो स्वच्छ हवा में सांस लेने के नागरिक अधिकार से जुड़ी हुई हैं।

**– लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं।**

# जनजातीय संस्कृति से बनीं भारत की समृद्ध विरासत



डॉ. मयंक मुरारी

भारतीय सभ्यता की विशालता और विविधता ही इसको जीवंत सांस्कृतिक बनाती है। इसकी समृद्ध और गहन विरासत में जनजातीय संस्कृतियों का एक विशेष स्थान है, जो प्रकृति, समुदाय और सादगी में गहराई से निहित जीवन शैली की झलक प्रस्तुत करती हैं। जनजातीय लोककथाएँ, परंपराएँ और प्राकृतिक जीवन, कलात्मक संस्कृति केवल आदिवासी समुदाय की पहचान के तत्व नहीं हैं, बल्कि भारत की विरासत के व्यापकता के आधार है। जब हम कहते है कि जनजातीय संस्कृति ने भारतीय संस्कृति और विरासत के निर्माण में केंद्रीय भूमिका निभाई तो पहले जनजातीय संस्कृति के मूल को समझना होगा। आदिवासी संस्कृतियों की पहचान विविध जनजातीय समाज, प्रकृति के साथ गहरे संबंधों और एक विशिष्ट जीवनशैली से होती है जो एक वैकल्पिक मुख्यधारा की ओर इंगित करती है। जनजातीय जीवन केवल गाँवों में रहने वाले लोगों तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि विचार, रीति-रिवाज और विश्वास की संपूर्ण प्रणालियों को अपने अंदर समावेशित करती है जिसमें संस्कृति मूल्यों का एक सुंदर संगम है जो सद्भाव, प्रकृति के प्रति सम्मान, आदरभाव और अपनेपन की प्रबल भावना को प्राथमिकता देता है। भौतिकवादी प्रवृत्तियों के विपरीत, आदिवासी समुदाय स्थिरता, प्रकृति के साथ संतुलन और सामूहिक कल्श्याण को प्राथमिकता देते हुए जीवन जीते हैं। यह जीवनशैली उनके लोकगीतों, रीति-रिवाजों, कला और यहां तक कि पर्यावरण के साथ उनके जुड़ाव में भी झलकती है। इसके माध्यम से वे संसाधनों के संरक्षण, भूमि के सम्मान और व्यक्तिगत स्वार्थों से ऊपर मानवीय संबंधों को महत्व देने के महत्वपूर्ण सबक प्रदान करते हैं। भारतीय जीवन का जो मूल स्वभाव है, उसके निर्माण में यह जनजातीय स्वभाव, प्रकृति के प्रति सम्मानभाव और परिवार तथा समाज रूपी संस्था के कारण जाना जाता है। अंग्रेजों ने भारत में अपना राज्य स्थापना के दौरान सबसे पहले समाज और परिवार की इस मजबूत भावना को तोड़ने का काम किया था। लोककथाएँ, जिनमें मिथक, मूल्य, कहानी, गीत और नृत्य शामिल हैं, पीढ़ियों से चली आ रही मौखिक परंपरा हैं, जिसे जनजातीय समाज एक बहुमूल्य धरोहर, शिक्षा और सामूहिक ज्ञान के रूप में संजोए रखता हैं। इन कहानियाँ में पुरखों की स्मृति होती है, प्रकृति का अंतर्बोध होता है, जीव-जंतुओं, देवी-देवताओं और वनस्पति के इर्द-गिर्द घूमती हैं, जो जनजातीय लोगों के वैश्विक दृष्टि की अनुभूति कराती है। आज जब ग्लोबल वार्मिंग, ओजोन लेयर एवं टिकाऊ विकास की बात प्रमुखता से उठायी जा रही है, तब आदिवासी जीवन एवं उनके दृष्टिकोण के प्रति पुनः अध्ययन आरंभ हुआ है। जनजातीय कहानियाँ बताती हैं कि मनुष्यों को जानवरों और पौधों के साथ सद्भाव में कैसे रहना चाहिए, जल, जंगल और जमीन का उपयोग कैसे करना चाहिए। पेड़ से निकलने वाले फल, फूल और पत्ते का उपयोग कैसे करना चाहिए। एक पूरी संवेदना आधारित प्रणाली है जो एक गहन पर्यावरण-केंद्रित दृष्टिकोण को दशार्ती हैं।

आदिवासी संस्कृतियों में कहानी सुनाना केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा शैक्षिक उपकरण भी है जो नैतिक मूल्यों को सिखाता है। आज बचपन में दादी और नानी के संग रात में सोने के पूर्व की कई कहानियां याद आती है तो स्मरण होता है कि आज भी कैसे बच्चे अपने इतिहास, अपनी जिम्मेदारियों और अपनी पहचान की आधारशिला मानी जाने वाली सांस्कृतिक परंपराओं को इन कहानियों के माध्यम से पुनर्जीवित कर सकते हैं। जनजातीय समाज के रीति-रिवाज और परंपराएँ प्रकृति और आध्यात्मिक जगत से उनके जुड़ाव की अभिव्यक्ति का काम करती हैं। त्योहारों, कृषि चक्रों या जीवन के विभिन्न पड़ावों पर किए जाने वाले अनुष्ठान का गहरा अर्थ होता है। आज भी भारतीय त्योहार का संबध कृषि चक्र के साथ जुड़ा है। कृषि का संबंध जलवायु और प्रकृति की गति एवं स्वभाव से जुड़ी है। हमारा खान-पान इसी ऋतुकाल से निर्देशित होता है। जनजातियों द्वारा मनाए जाने वाले फसल उत्सव पृथ्वी के प्रति समुदाय की कृतज्ञता को दशार्ते हैं, जो जीवन को बनाए रखने में इसकी भूमिका को स्वीकार करते हैं। ऐसी प्रथाएं पर्यावरण के साथ सहजीवी संबंध को बढ़ावा देती हैं , पृथ्वी के प्रति सम्मान और टिकाऊ कृषि पद्धतियों के महत्व को सिखाती हैं। इन परंपराओं के कारण ही हमारा सामाजिक जीवन में ज्यादा परस्पर संबंद्धता रही, इसने आने वाली पीढ़ी के लिए एक अलिखित ज्ञान का दस्तावेज छोड़ा, जो उनके मानसिक और नैतिक विकास का आधार बना। आज इन तत्वों की कमी यह स्मरण कराता है कि आने वाली पीढ़ियां प्रकृति के साथ कैसे रहे, ताकि उनका वर्तमान गतिमान रहे और भविष्य भी सुरक्षित रह सके। कला आदिवासी समुदायों के दैनिक जीवन का एक अभिन्न अंग है और अक्सर उनके रीति-रिवाजों और मान्यताओं से गहराई से जुड़ी होती है। आदिवासी कला में जीवंत रंग, ज्यामितीय पैटर्न और प्रकृति से प्रेरित आकृतियाँ पहचान और अपनेपन की अभिव्यक्ति के साथ-साथ विचारों, कहानियों और मूल्यों को संप्रेषित करने का एक माध्यम भी हैं। आदिवासी कला का अपना एक विशेष महत्व है। इनमें से कई कला रूपों का उपयोग रोजमर्रा की जिंदगी में होता है द जैसे टोकरियों की जटिल बुनाई, मिट्टी के बर्तन बनाना या वस्त्रों और आभूषणों के लिए मनकों का काम करना। ये शिल्प केवल कलात्मक अभिव्यक्ति ही नहीं हैं, बल्कि ये आदिवासी समुदायों की प्रतिभा और संसाधनशीलता को भी दशार्ते हैं। कला का प्रत्येक नमूना अर्थपूर्ण होता है और अक्सर पर्यावरण, जनजाति के इतिहास और उनकी आध्यात्मिक मान्यताओं से जुड़ा होता है।

जनजातीय संस्कृतियां सतत जीवन, जैव विविधता और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के ज्ञान का भंडार हैं, जिनमें से अधिकांश को मुख्यधारा समाज द्वारा मान्यता नहीं मिली है। तीव्र शहरीकरण और वैश्वीकरण के कारण , जनजातीय समुदायों को अपनी पारंपरिक प्रथाओं और ज्ञान प्रणालियों को खोने का खतरा है। उनके लोकगीत, भाषाएं, रीति-रिवाज और कला रूप आधुनिकता की छाया में दबते जा रहे हैं, और इस अमूल्य सांस्कृतिक विरासत का एक बड़ा हिस्सा भुला दिए जाने के खतरे में है। आदिवासी समुदाय एक ऐसी जीवनशैली का प्रतिनिधित्व करते हैं जो टिकाऊ है, पर्यावरण के प्रति सम्मान पर आधारित है और सामुदायिक मूल्यों पर टिकी है। आदिवासी संस्कृति की रक्षा करके, हम न केवल इन समुदायों की पहचान की रक्षा करते हैं, बल्कि एक ऐसी जीवनशैली को भी संरक्षित करते हैं जो पर्यावरणीय संकटों और व्यक्तिवाद के इस युग में हमें बहुत कुछ सिखा सकती है। आदिवासी संस्कृति सतत विकास की पद्धति सिखाती है। कई आदिवासी समुदाय सदियों से प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर रहते आए हैं, और कृषि, शिकार और मत्स्य पालन ऐसे तरीकों से करते हैं जिनसे प्राकृतिक संसाधनों का दोहन नहीं होता। भूमि, ऋतुओं और उनके द्वारा बसे पारिस्थितिक तंत्रों का उनका ज्ञान असाधारण है। आदिवासी समुदाय अक्सर सादगी के दर्शन का पालन करते हैं, जहाँ कुछ भी व्यर्थ नहीं जाता और हर संसाधन का भरपूर उपयोग किया जाता है।

**– (ये लेखक के निजी विचार हैं)।**

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

**18 फरवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





**बुधवार** 2026 वर्ष का 49 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** प्रतिपदा 16.58 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** शतभिषा 21.16 बजे को समाप्त।
**योग** शिव 22.45 बजे को समाप्त।
**करण** बव 16.58 बजे तदनन्तर बालव 04.32 बजे प्रात: को समाप्त।
**चन्द्रायु** 0.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 11° 42'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872624
**जूलियन दिन** 2461089.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** सावान
**तारीख** 29
**विशेष** चंद्र दर्शन।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | कुंभ | 06.14 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | मीन | 07.50 बजे से |
| मंगल | मकर में | मेष | 09.21 बजे से |
| बुध | कुंभ में | वृष | 11.01 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मिथुन | 12.59 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | कर्क | 15.13 बजे से |
| शनि | मीन में | सिंह | 17.29 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कन्या | 19.41 बजे से |
| केतु | सिंह में | तुला | 21.51 बजे से |
| राहुकाल | | वृश्चिक | 00.06 ब.से |
| 12.00 से 1.30 | | धनु | 02.22 बजे से |
| बजे तक | | मकर | 04.27 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8775

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | 4 | | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 6 | | | 7 | | | | 8 | 9 |
| | | 10 | | | 11 | 12 | | |
| 13 | | | | | | 14 | | |
| | | 15 | 16 | | 17 | | | |
| 18 | 19 | | 20 | | | | 21 | |
| | | | | | | | | |
| | | 22 | | | | | | |

### बाएँ से दाएँ

1. कृष्ण का एक नाम-4,3
6. धन,संपत्ति-2
7. इस युवती को बयान बदलने पर जेल की सजा हुई है-3
8. विजय,फतह-2
10. आम जनता,लोग-2
11. लाभ,कुल योग-2
13. निर्माण,कृति-3
14. उत्तर-3
15. नष्ट,विनाश-2
17. रुस्तमे हिंद का सिर्फ नाम-2
18. तह,अस्तर-2
20. राजी होना-3
21. अवरोध,रुकावट-2
22. आतंक फैलना-4,3

### ऊपर से नीचे

2. भिड़ंत,मुठभेड़-3
3. इस्लामी महीना-4
4. हाथी,गज-4
5. न्यायाधीश-2
6. जोरदार-5
9. लालसी,आकांक्षी, पिपासु-5
10. स्त्रीत्वपूर्ण,स्त्रीय-3
12. वृतांत,घटना-3
16. हल,निष्कर्ष-4
17. राशन,भोजन-4
19. घोड़ा गाड़ी-2
21. रुकावट,अवरोध-3

### शब्द पहेली -8774 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | प | ना | प | न | | प | क | ना |
| रा | ल | | त | | ख | स | म | |
| ज | | का | न | न | | | जो | श |
| क | ह | र | | क | र | ता | र | |
| ता | | ग | | छे | | र | | फ |
| | ब | र | ग | द | | ता | मी | र |
| द | गा | | | न | ज | र | | मा |
| | व | त | न | | ह | | पा | ई |
| फ | त | ह | | स | र | फ | रो | श |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुडोकू

### सूडोकु नवताल- 7709

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | | 1 | | 8 | | 2 |
| | 5 | | 8 | | 7 | | | |
| 9 | | | | 6 | | | | |
| | 6 | | 7 | 9 | | 5 | | 3 |
| 5 | | | | 4 | | | | 1 |
| 3 | | 1 | | 8 | 2 | | 7 | |
| | | | | 5 | | | | 6 |
| | | | 4 | | 3 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | 2 | | 1 | 5 | 7 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

- ■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- ■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- ■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- ■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7708 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 3 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 |
| 4 | 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 |
| 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 |

# यह जिंदगी बदल देने वाली फिल्म है 'कैनेडी'



अभिनेत्री सनी लियोन जल्द ही अनुराग कश्यप की फिल्म 'कैनेडी' में नजर आएंगी। सनी लियोन इस फिल्म को अपने 15 साल के करियर में सबसे खास मानती हैं। साथ ही उनका कहना है कि उन्हें यकीन ही नहीं हुआ, जब अनुराग कश्यप ने इस फिल्म के लिए उन्हें कॉल किया था। 'कैनेडी' काफी वक्त से तैयार है और कई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में इसे तारीफें भी मिल चुकी हैं। अब सनी लियोन ने फिल्म के अपने अनुभव के बारे में बात की।

## फिल्म को लेकर उत्साहित हैं सनी

इंडिया टुडे के साथ बातचीत के दौरान सनी लियोन ने फिल्म के लिए अपनी तैयारी और इस फिल्म की गंभीरता को लेकर बात की। उन्होंने कहा, 'मैं बेहद उत्साहित हूं। मैं वहां थोड़े समय के लिए ही थी, लेकिन उस दौरान इस फिल्म पर काम करना एक अद्भुत अनुभव रहा। इसमें जो मेहनत लगी है, इस फिल्म के लिए हम जितनी जगहों पर गए हैं और अलग-अलग जगहों, देशों, फिल्म समारोहों और यहां तक कि आम लोगों से भी जो प्रतिक्रिया मिली है, वह कमाल की है। सच में यह बहुत ही रोमांचक है। कैनेडी को आखिरकार एक घर मिल गया।' फिल्म में कम स्क्रीन टाइम को लेकर सनी ने कहा कि यह निश्चित रूप से किरदार के बारे में है। यह स्क्रीन टाइम के बारे में नहीं है। यह इस बारे में है कि फिल्म में वह समय कितना प्रभावशाली है। मुझे लगता है कि इसका हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत ही अद्भुत अनुभव था। जब आप इसे देखते हैं, तो ऐसा नहीं लगता कि मैं वहां हूं और फिर गायब हो जाती हूं। यह अधिकांश बड़ी फिल्मों की तरह, केवल एक व्यक्ति पर आधारित नहीं है। इसमें कई अलग-अलग किरदार हैं।

## अनुराग कश्यप के साथ ऐसी थी पहली मुलाकात

अनुराग कश्यप के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद करते हुए सनी लियोन ने कहा मैं चौंक गई थी। मैंने सोचा, 'आप मुझे फोन करना चाहते थे?' तो पहले उन्होंने डेनियल को फोन किया और डेनियल ने कहा, 'आप मुझसे क्यों पूछ रहे हैं भाई? आप सीधे सनी को फोन करके पूछ लीजिए।' तो जब उन्होंने फोन किया, तो दूसरी तरफ डेनियल ने कहा, 'हे भगवान, यह तो कमाल है।' और फिर उन्होंने फोन करके कहा कि वह चाहते हैं कि मैं इस रोल के लिए ऑडिशन दूं। मैं ऑडिशन के लिए तैयार थी, लेकिन मुझे इसके लिए गिड़गिड़ाना पड़ा क्योंकि वह बार-बार कह रहे थे, 'तुम्हें ऑडिशन की जरूरत नहीं है।' मैंने उनसे कहा, प्लीज। अगर अंग्रेजी में है तो मत भेजिए, लेकिन अगर हिंदी में है तो भेज दीजिए। कुछ शब्द मुश्किल हो सकते हैं। तो उन्होंने डायलॉग भेजे और मैंने उन्हें याद कर लिया। मुझे बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि ऑफिस के ये सभी लोग मेरे साथ एक मजाक कर रहे थे। मुझे कान्स में डिनर के दौरान पता चला। वे कहने लगे, 'हां, हमने तुम्हारे साथ एक मजाक किया था। हम बस यह देखना चाहते थे कि तुम आओगी या नहीं।' मैंने कहा कि क्या आप सच कह रहे हैं? मैंने डायलॉग याद कर लिए थे। मैं बहुत घबराई हुई थी।

अपने किरदार चार्ली को चुनौतीपूर्ण बताते हुए सनी का कहना है कि अनुराग को भरोसा था मैं कर लूंगी। लेकिन मुझे नहीं था। किरदार की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक चार्ली की विशिष्ट हंसी को हूबहू नकल करना था। शुरू से ही वह इसे चाहते थे। लेकिन मैं सोच रही थी कि मैंने अपनी पूरी जिंदगी में कभी ऐसे नहीं हंसा। कौन ऐसे हंसता है? इसलिए मैं जहां भी जाती, चार्ली की तरह हंसने लगती थी। किरदार की तैयारी के लिए हमने डायलॉग्स की कोचिंग ली, स्क्रिप्ट रीडिंग और वर्कशॉप में भाग लिया। उन्होंने मेरी एक भी लाइन नहीं बदली, जो बहुत अच्छी बात थी।

### 20 फरवरी को रिलीज होगी 'कैनेडी'

अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित 'कैनेडी' में सनी लियोन के साथ राहुल भट्ट प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। कई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल्स में सराहना बटोरने के बाद अब यह फिल्म भारत में 20 फरवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज हो रही है।



# स्क्रिप्ट पर भरोसा अब भी बरकरार, सोशल मीडिया से फर्क नहीं पड़ता

एक्टर बरुण सोबती की वेब सीरीज 'कोहरा' का दूसरा सीजन 11 फरवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। इस बीच उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में बदलाव बहुत आए हैं, लेकिन अच्छी स्क्रिप्ट की ताकत पर उनका विश्वास बरकरार है। सोशल मीडिया और डिजिटल दौर में भी वे काम की क्वालिटी पर फोकस करते हैं। बरुण ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, 'दुनिया बहुत बदल गई है और सोशल मीडिया का जमाना है, लेकिन मेरा नजरिया वही है। मैं शुरू से स्क्रिप्ट पर भरोसा करता था और आज भी करता हूं। पहले अच्छी स्क्रिप्ट्स कम मिलती थीं, लेकिन अब समय आ गया है कि वे मुझे मिल रही हैं। इसलिए सोशल मीडिया पर क्या हो रहा है, इससे मुझे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता।' प्रासंगिक बने रहने के बारे में बरुण ने खुद की जागरूकता और पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'प्रासंगिक रहने के लिए आपको अपनी काबिलियत का इस्तेमाल जिंदगी भर करना होगा। खुद की तुलना दूसरों से नहीं करनी चाहिए। बल्कि यह समझना जरूरी है कि आप कहां सबसे अच्छे फिट होते हैं और आपका टैलेंट कहां सबसे बेहतर इस्तेमाल हो सकता है। अगर यह नहीं पता तो किसी भी काम का मतलब नहीं।' नेटफ्लिक्स पर 11 फरवरी से स्ट्रीम हो रहे इस नए चैप्टर में बरुण तेज-तर्रार इन्वेस्टिगेटर 'अमरपाल गरुंडी' का रोल दोबारा निभा रहे हैं। इस बार वह मोना सिंह के किरदार वाली नई ऑफिसर के साथ मिलकर महिला से जुड़ी डार्क मर्डर मिस्ट्री सुलझाते नजर आएंगे। सीरीज में रणविजय सिंह भी शामिल हैं। कोहरा एक क्राइम थ्रिलर पुलिस प्रोसिजरल सीरीज है, जो पंजाब के सर्द इलाकों में सेट है। यहां खामोशी अक्सर बातचीत से ज्यादा बोलती है। सीरीज को सुदीप शर्मा, गुंजित चोपड़ा और डिग्गी सिसोदिया ने क्रिएट और लिखा है। सीरीज के पहले सीजन में सुरविंदर विक्की, हरलीन सेठी, सौरव खुराना, रेचल शैली और मनीष चौधरी जैसे कलाकार लीड रोल में थे। वहीं, सीजन 2 में नया केस, नई जोड़ी और क्रिएटिव बदलाव हैं। यह एक्ट थ्री और फिल्म स्क्वाड प्रोडक्शन के बैनर तले बनाई गई है, जिसे सौरभ मल्होत्रा, सुदीप शर्मा, मनुज मित्रा और टीना थारवानी ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। रणदीप झा ने डायरेक्शन संभाला है।



# बिग बॉस 19 फेम तान्या मित्तल ने कहा आलिया भट्ट नहीं बनना...

तान्या मित्तल सोशल मीडिया पर और बिग बॉस 19 में अपने बड़बोलेपन को लेकर चर्चा में रही हैं। हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू में अपने करियर को लेकर बातें साझा कीं। साथ ही किसी भी एक्ट्रेस को फॉलो ना करने की बात भी कही। तान्या मित्तल की इस बात पर यूजर्स ने भी रिएक्शन दिए हैं।

## पहली तान्या मित्तल बनने का ख्वाब देखा

फरीदून शहरयार के यूट्यूब चैनल पर तान्या मित्तल ने एक इंटरव्यू दिया। जिसमें वह कहती हैं, 'जब मैं बिग बॉस 19 से बाहर आई तो लोग सवाल करते थे कि आलिया भट्ट, करीना कपूर में से किसके जैसा बनना चाहोगी। तो मेरा जवाब होता था कि मैं किसी की जैसी नहीं बनना चाहूंगी। मैं पहली तान्या मित्तल बनना चाहूंगी।' तान्या के इस बयान पर कई यूजर्स ने उन्हें सपोर्ट किया। एक यूजर ने लिखा, 'तान्या क्वीन है।' एक अन्य यूजर ने कमेंट किया, 'आप सबसे अच्छी है। हेटर्स को पता नहीं है कि उन सब की हेट से तान्या का फैनबेस और स्ट्रॉन्ग हो रहा है।' इसी तरह एक फैन ने कमेंट किया, 'आपको कोई और बनने की जरूरत नहीं है जैसा आपने कहा तान्या मित्तल बनो, हम आपको वैसे ही प्यार करते हैं, जैसी आप हैं।'

## तान्या को मिला एकता कपूर से ऑफर

तान्या के करियर फ्रंट की बात करें तो बिग बॉस 19 से बाहर आने के बाद वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। ब्रांड प्रमोशन कर रही हैं। वहीं रियलिटी शो बिग बॉस 19 में प्रोड्यूसर एकता कपूर ने भी तान्या को एक प्रोजेक्ट ऑफर किया था। जल्द ही वह उस प्रोजेक्ट का हिस्सा बन सकती हैं।



# 3 इडियट्स के सीक्वल पर राजकुमार हिरानी ने कही ये बात; 'मुन्नाभाई 3' पर दी अपडेट

दिग्गज निर्माता-निर्देशक राजकुमार हिरानी की फिल्मों का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार रहता है। पिछले कई दिनों से ऐसी चर्चाएं चल रही हैं कि राजकुमार हिरानी अपनी कल्ट फिल्म '3 इडियट्स' के सीक्वल पर काम कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर फैंस निर्देशक की एक और हिट फ्रेंचाइज 'मुन्नाभाई' की भी तीसरी किश्त का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच अब खुद राजकुमार हिरानी ने इन दोनों ही फिल्मों के बारे में अपडेट दिया है। जानिए क्या सच में '3 इडियट्स' के सीक्वल पर काम कर रहे राजू हिरानी?

## 'मुन्नाभाई' के तीसरे पार्ट का नहीं मिल रहा सही क्लाईमैक्स

वैरायटी इंडिया के साथ बातचीत के दौरान राजकुमार हिरानी ने '3 इडियट्स' के सीक्वल और 'मुन्नाभाई' के तीसरे पार्ट को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन दोनों ही फिल्मों पर काम चल रहा है। निर्देशक ने कहा कि मेरे पास इस समय दो आइडिया हैं। मैं वास्तव में दोनों फिल्मों पर काम कर रहा हूं। मैं 'मुन्ना भाई' की स्क्रिप्ट पर काम कर रहा हूं और साथ ही '3 इडियट्स' के सीक्वल के विचार पर भी। 'मुन्ना भाई' के लिए मेरे पास एक आइडिया था, जिसे बड़े पैमाने पर दिखाया गया है। लेकिन फिर भी मुझे इसका सही क्लाईमैक्स नहीं मिला है।

## '3 इडियट्स' के सीक्वल पर चल रहा काम

वहीं '3 इडियट्स' के सीक्वल को लेकर राजकुमार हिरानी ने कहा कि इस पर काम चल रहा है। हालांकि, इसका आइडिया अचानक ही आया था। उन्होंने बताया कि '3 इडियट्स' सीक्वल के लिए अभी हाल ही में अचानक बिना किसी कारण के यह विचार आया। मुझे नहीं पता कि यह बात इतनी फैल कैसे गई। क्योंकि यह अभी तक बना नहीं है, लेकिन हमने कहा कि हम इस पर काम करेंगे। और फिर जब भी यह बनेगा। लेकिन किसी तरह एक सुबह, मैंने देखा कि यह खबर फैल चुकी है। फिलहाल तो मेरे पास इस समय तीन-चार स्क्रिप्ट हैं और मुझे जल्द ही यह तय करना होगा कि मुझे किस दिशा में आगे बढ़ना है।

### बॉक्स ऑफिस पर हिट रही हैं दोनों फिल्में

'3 इडियट्स' साल 2009 में रिलीज हुई बॉलीवुड की एक कल्ट फिल्म है। इसमें आमिर खान, आर माधवन, शरमन जोशी, करीना कपूर खान और बोमन ईरानी प्रमुख भूमिका में हैं। वहीं 'मुन्नाभाई' की शुरुआत साल 2003 में आई फिल्म 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' से हुई थी। इसके बाद 2006 में 'लगे रहो मुन्नाभाई' आई। इसके बाद से ही फिल्म के तीसरे पार्ट को लेकर इंतजार हो रहा है। इन दोनों फिल्मों में संजय दत्त और अरशद वारसी मुख्य भूमिकाओं में नजर आए हैं।




# सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आ सकती है आलिया भट्ट की फिल्म 'अल्फा'


यशराज फिल्म्स ने अपने स्पाई यूनिवर्स के जरिए 'टाइगर' फ्रेंचाइज 'पठान' और 'वॉर' जैसी कई पुरुष प्रधान फिल्में बनाई और दर्शकों का प्यार हासिल किया है। इस यूनिवर्स का हिस्सा आलिया भट्ट और शरवरी वाघ भी बन गई हैं। उनकी महिला प्रधान स्पाई जासूसी फिल्म 'अल्फा' को 2026 में रिलीज किया जाना तय है। हालिया जानकारी में पता चला है कि निर्माता फिल्म को सिनेमाघरों में उतारने की बजाए सीधे ओटीटी पर रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक... आलिया स्टारर 'अल्फा' को सीधे ओटीटी पर रिलीज किया जा सकता है। दरअसल, रानी मुखर्जी की फिल्म 'मर्दानी 3' सिनेमाघरों में बढ़िया प्रदर्शन नहीं कर रही है। इसलिए निर्माता कोई रिस्क नहीं लेना चाहते। हो रही हैं। बता दें कि इस फिल्म में बॉबी देओल भी दिखाई देंगे। फिल्म में आलिया और शरवरी के साथ बॉबी देओल भी दिखाई देंगे। यह एक्शन फिल्म होगी।

# बॉन्ड गर्ल बनेंगी प्रियंका चोपड़ा?



प्रियंका चोपड़ा की जल्द ही एक हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में वह जबरदस्त एक्शन कर रही हैं। फैंस उनके एक्शन के कायल हो गए हैं। इसी बीच प्रियंका चोपड़ा ने एक इंटरव्यू दिया है, जिसमें अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा की है। इसी दौरान उन्होंने 'बॉन्ड' सीरीज की अगली फिल्म को लेकर जिक्र किया। क्या वह सच में इसका हिस्सा हैं। वैरायटी को दिए गए हालिया इंटरव्यू में करियर को लेकर प्रियंका चोपड़ा ने लंबी बातचीत की है। इस दौरान उन्होंने 007 बॉन्ड सीरीज की फिल्म को लेकर बड़ा हिंट दिया। वह कहती हैं, 'यह प्रोजेक्ट सच में ग्लोबल हो सकता है। मैं इस बात के लिए उत्साहित हूं कि मेकर्स कौन सा रास्ता चुनते हैं।' यह खबर सुनकर प्रियंका चोपड़ा के फैंस काफी खुश हैं।

# सिद्धांत चतुर्वेदी ने 'दो दीवाने सहर में' के साथ शुरू किया अपना रोमांटिक हीरो का सफर





सिद्धांत चतुर्वेदी अपने सिनेमाई सफर के एक नए अध्याय में कदम रख रहे हैं, जहां वह पहली बार पूरी तरह से रोमांटिक हीरो की भूमिका निभाते नजर आनेवाले हैं। फिलहाल फिल्म 'दो दीवाने सहर में' के जरिए वह अपने अब तक के इंटेंस और लेयर्ड किरदारों से अलग, संवेदनशील, आकर्षक और भावनात्मक अंदाज में दिखाई देंगे। कई लोग इसे उनका 'लवर बॉय एरा' भी कह रहे हैं। संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शन के बैनर तले बनी इस फिल्म के साथ सिद्धांत एक ऐसे सिनेमा जगत में प्रवेश कर रहे हैं, जहां उन्हें 'भंसाली हीरो' की पहचान मिल रही है। ये वो दुनिया है, जहां प्रेम काव्यात्मक होता है, भावनाएं गहरी होती हैं और कहानी कहने के कई अंदाज होते हैं। ये कहें तो गलत नहीं होगा कि भंसाली से जुड़ा प्रोजेक्ट अपने आप में एक विरासत और भव्यता का प्रतीक माना जाता है, और इस जोन में सिद्धांत का आना उनके करियर के विस्तार और विकास का संकेत देता है। गौरतलब है कि फिल्म में पहली बार उनकी जोड़ी मृणाल ठाकुर के साथ बनी है, जो फिल्म की ताजगी को और भी खास बनाती है। फिलहाल दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को लेकर शुरुआती झलकियों ने ही दर्शकों में उत्सुकता बढ़ा दी है और सिद्धांत को रोमांटिक हीरो के तौर पर स्थापित कर दिया है। ऐसे में यह कहें तो गलत नहीं होगा कि 20 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही फिल्म 'दो दीवाने सहर में' से भंसाली हीरो के तौर पर सिद्धांत चतुर्वेदी की जगह पूरी तरह से पक्की हो गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### जननायक कपूर्री ठाकुर को पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि



**पटना।** भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर की पुण्यतिथि पर मंगलवार को देशरत्न मार्ग स्थित जननायक कपूर्री ठाकुर स्मृति संग्रहालय में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, कृषि मंत्री रामकृपाल यादव, विधायक श्याम रजक, विधान पार्षद कुमुद वर्मा, पूर्व विधायक अनिल कुमार, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा, जननायक स्व० कपूर्री ठाकुर के परिजन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने भी कपूर्री ठाकुर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्यपदाधिकरी गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ० चन्द्रशेखर सिंह, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के सचिव प्रणव कुमार, पटना के जिलाधिकारी डॉ० त्यागराजन एस० एम०, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के० शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना आयोजित की गई तथा भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर के जीवन एवं कृतित्व पर आधारित गीत, भजन-कीर्तन एवं निर्गुण गीत की प्रस्तुति की गई।

### वीरपुर में कोसी-मेची परियोजना को लेकर बाढ़ व सिंचाई समस्या के स्थायी समाधान का दावा

**सुपौल।** जिले के वीरपुर में मंगलवार को कोसी-मेची लिंक परियोजना को लेकर उच्चस्तरीय निरीक्षण किया गया। जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल और अभियंता प्रमुख (सिंचाई सृजन) अवधेश कुमार दोपहर करीब 12:30 बजे हवाई मार्ग से वीरपुर पहुंचे। उनका स्वागत जिलाधिकारी सावन कुमार और कोसी विभाग के मुख्य अभियंता संजीव शैलेश ने किया। इसके बाद अधिकारियों का काफिला कोसी बराज पहुंचा, जहां कंट्रोल रूम सहित बराज का विस्तृत निरीक्षण किया गया। प्रधान सचिव ने अभियंताओं से स्वचालित गेटों की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। इस दौरान नेपाल के सीडीओ के साथ बैठक कर तटबंध के पास अतिक्रमण हटाने और नेपाल में चल रहे कार्यों में सहयोग को लेकर चर्चा हुई। निरीक्षण के क्रम में प्रधान सचिव ने कोसी नदी की पूर्वी मुख्य नहर के 0 किलोमीटर से बलुआ तक कोसी-मेची लिंक परियोजना के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। बेंगा धार क्षेत्र में भी प्रगति का जायजा लिया गया। उन्होंने पूर्वी मुख्य नहर पर स्थित कटैया पावर हाउस का निरीक्षण करते हुए बताया कि यहां लगी चार टरबाइन से 19.5 मेगावाट बिजली उत्पादन हो रहा है और इसके विस्तार के लिए ऊर्जा विभाग से बातचीत की जाएगी। इसके बाद वे कोसी विभाग के आईबी पहुंचे और फिजिकल मॉडलिंग सेंटर का निरीक्षण कर पटना लौट गए। मीडिया से बातचीत में संतोष मल्ल ने बताया कि परियोजना के प्रथम चरण में 0 से 41 किलोमीटर तक गाद निकालने का काम चल रहा है, जिससे मुख्य नहर की क्षमता बढ़ेगी। निकाली गई मिट्टी के सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था भी देखी गई। 6282 करोड़ 32 लाख रुपये की लागत वाली कोसी-मेची इंट्रा लिंक परियोजना को ऐतिहासिक बताया जा रहा है। इस परियोजना से 2.15 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई, बाढ़ नियंत्रण और कई नदियों को जोड़ने का लक्ष्य है,

### तुरकौलिया थाना पर एसपी का जनता दरबार, ऑन स्पॉट हुई कार्रवाई

**पूर्वी चंपारण।** एसपी स्वर्ण प्रभात ने तुरकौलिया थाना परिसर में मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में कुल 80 फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया और कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया। जनता दरबार के दौरान प्राप्त आवेदनों में अधिकांश मामले जमीन विवाद से जुड़े पाए गए। एसपी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों की निष्पक्ष जांच करते हुए शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान पुलिस की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जनता दरबार के दौरान कांड के अनुसंधान में लापरवाही बरतने वाले करीब आधा दर्जन पुलिस अधिकारियों पर भी कार्रवाई की गई। एसपी स्वर्ण प्रभात ने मुफ़्फसिल सर्किल इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिन्हा सहित तीन अनुसंधान अधिकारियों (आईओ) के वेतन पर रोक लगाने का निर्देश दिया, जबकि दारोगा मंदन कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि लंबित मामलों के निष्पादन में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। कारवाई होने वाले पुलिस पदाधिकारी मे दारोगा सुबोध कुमार, दारोगा मंजय कुमार, मंदन कुमार, चौकीदार कमलेश कुमार शामिल है।

## बजट सत्र : विधानसभा में सरकारी शिक्षकों की वेतन वृद्धि और अंत्येष्टि का मामला उठा

एजेंसी

**पटना।** बिहार विधानसभा में बजट सत्र के दौरान मंगलवार को राजद विधायक राहुल कुमार के सवाल पर शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि सरकारी शिक्षकों को सरकारी कर्मचारियों के तरह ही वेतन वृद्धि का लाभ मिलेगा। राहुल कुमार ने 2,66000 नियोजित शिक्षकों के सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण होने पर विशिष्ट शिक्षक का दर्जा मिलने के बाद वेतन वृद्धि का मामला उठाया था। ध्यानाकर्षण में लोजपा -रामविलास के राजू तिवारी ने अंत्येष्टि को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में समस्या का मामला उठाया । उन्होंने कहा कि लकड़ी नहीं मिल रही है। दाह संस्कार में समस्या आ रही है, बहुत ही परेशानी है।

इस पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सभी नगर निकाय में विद्युत शवदाह गृह समूल सिद्धांत का निर्माण किया जाएगा। 264 नगर निकायों में प्रस्तावित है। इसमें से 41 नगर निकाय में कार्य हो रहा है। 11 नगर निकाय में काम पूरा हो गया है। ग्रामीण क्षेत्र में भी ऐसी विद्युत शवदाह गृह करने की व्यवस्था होगी। इस पर पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने अपना जवाब देते हुए कहा कि पंचायत स्तर पर इसकी व्यवस्था करवाई जा सकती है। 15वें वित्त आयोग के फंड से विधायक इसका निर्माण करवा सकते हैं। विधायक राजू तिवारी ने कहा कि इतनी राशि से यह संभव नहीं है। विभाग से एक गाइड लाइन बना दें जिससे यह काम हो सके। मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा कि आगे कोशिश रहेगी और इसे देखा जाएगा। प्रदूषण रोकथाम के लिए कई उपाय हैं, लेकिन प्रदूषण रोकथाम के लिए लकड़ी से अंत्येष्टि न हो इससे सहमत नहीं है।

जदयू विधायक शीला मंडल ने कहा लकड़ी की कमी के कारण ग्रामीण इलाकों में गौईठा से अंत्येष्टि हो रही है इसलिए बिजली से व्यवस्था हो जाएगी तो अच्छा होगा। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने




कहा कि यह आवश्यक और जरूरी विषय है। राज्यभर में प्रमुख शवदाह गृह चिन्हित कर सरकार इसे देखेगी और विचार करेगी। नालंदा जिले के अस्थावां से विधायक जितेंद्र कुमार ने प्रश्नकाल में वित्तीय वर्ष 2023-24 की योजना को 2025 में वित्तीय नियमावली का उल्लंघन कर नालंदा जिला में डेस्क बेंच खरीदने संबंधी एक खास एजेंसी को लाभ पहुंचाने से संबंधित मामला उठाया। उन्होंने कहा कि जांच के बाद उपविकास आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को इसे देखने और प्रपत्र क गठित करने का आदेश दिया था। भ्रष्ट डीईओ को पटना प्रमंडल का आरडीडीई बना दिया गया। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि इसकी जांच कराई जाएगी। आज की कार्यवाही के दौरान बिहार के शुभम कुमार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने बधाई दी। शुभम कुमार ने जेईई मेन परीक्षा में बिहार का नाम रोशन किया है। संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी ने डॉ प्रेम कुमार से कहा आपको भी बधाई। शुभम गया के रहने वाले हैं और गया से ही प्रेम कुमार विधायक हैं।

## बिहार में बनेगा मेगा एआई सेंटर, आईआईटी पटना में अत्याधुनिक रिसर्च पार्क की स्थापना होगी

**उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट एंड एक्सपो 2026 में बिहार पवेलियन का किया उद्घाटन**

एजेंसी



**नई दिल्ली/पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट एंड एक्सपो 2026 में बिहार पवेलियन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होने घोषणा की कि बिहार में मेगा एआई सेंटर बनेगा।इसके साथ ही आईआईटी पटना में अत्याधुनिक रिसर्च पार्क की स्थापना होगी। मौके पर भारत सरकार के पंचायती राज और मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत सरकार के वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने की। इस अवसर पर बिहार सरकार की सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्रेयसी सिंह, उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल और राज्यसभा सदस्य संजय कुमार झा भी उपस्थित थे।इस अवसर पर बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, अपर मुख्य सचिव (सामान्य प्रशासन विभाग) बी। राजेंद्र, उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, कृषि निदेशक सौरभ यादव, आईआईटी पटना के प्रोफेसर प्रीतम कुमार और निदेशक प्रोफेसर टी। एन। सिंह भी उपस्थित थे। उत्तर-पूर्वी भारत के प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में बिहार के विकास हेतु राज्य सरकार ने कई प्रमुख पहलें की हैं। इनमें बिहार एआई मिशन के अंतर्गत मेगा एआई कोर ऑफ इंजीनियरिंग की घोषणा, उद्योग एवं शैक्षणिक भागीदारों के साथ समझौते, अग्रणी निवेशकों के साथ निवेश आशय पत्रों पर हस्ताक्षर, राज्य की नीतियों का अनावरण, बिहार जीसीसी नीति 2026 और बिहार सेमीकंडक्टर नीति 2026 का शुभारंभ और आईआईटी पटना में रिसर्च पार्क की स्थापना आदि शामिल हैं।

## इंडियन ऑयल की बरौनी रिफाइनरी में आयोजित हुई 26वीं वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी



**बेगूसराय।** बरौनी रिफाइनरी ने 14 से 16 फरवरी 2026 तक अपने खूबसूरत उद्यान 'पुष्प वाटिका' में 26वीं वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया। तीन दिवसीय प्रदर्शनी ने प्रकृति की सुंदरता और समुदाय की एकजुटता का जीवंत उत्सव प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन बेगूसराय के जिलाधिकारी, श्रीकांत शास्त्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक अजय कुमार तिवारी, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश, कार्यकारी निदेशक (परियोजना एवं कोर ग्रुप) संजय रायजादा, सहित सभी मुख्य महाप्रबंधकगण, महाप्रबंधकगण, वरिष्ठ अधिकारी, मीडिया प्रतिनिधि, बी०टी०एम०यू० एवं इंडियन ऑयल ऑफिसर्स एसोशिएशन के सदस्य, जागृति क्लब की अध्यक्ष डॉ. सुष्मिता प्रकाश, उपाध्यक्ष अनुराधा रायजादा, टाउनशिप निवासी एवं उनके परिजन उपस्थित थे।कार्यक्रम में कर्मचारियों, उनके आश्रितों तथा स्कूली बच्चों सहित कुल 205 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने आठ प्रतियोगिता श्रेणियों में अपनी रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया, जिनमें आकर्षक गुलदस्ते, औषधीय पौधे, पुष्प आभूषण, विभिन्न किस्मों के गुलाब, बड़े गेंदे के फूल, सब्ज़ियाँ तथा अन्य पौधों की प्रदर्शनी शामिल थी। टाउनशिप की हरियाली को बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले 49 मालियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिससे कार्यक्रम में एक प्रेरणादायी आयाम जुड़ा। सजाए गए उद्यान और आवासीय क्षेत्रों ने आगंतुकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। वहीं फूड स्टॉल, किड्जी,ह इफ्ळ्अश और ङश स्कूलों के बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य कार्यक्रम तथा मिनिएचर अश्व-क्श मॉडल ने प्रदर्शनी के उत्सवी माहौल को और जीवंत बना दिया। सम्पदा कार्यालय, सिविल एवं विद्युत विभाग तथा जागृति क्लब के संयोजित सहयोग से हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी पुष्प प्रदर्शिनी सफलता पूर्वक आयोजित हुई। यह वार्षिक प्रदर्शनी प्रकृति, समुदाय और रचनात्मकता का एक रंगीन, आनंदमय और अत्यंत फोटोजेनिक उत्सव बनकर उभरी, जिसने बरौनी रिफाइनरी टाउनशिप में उल्लास का एक नया रंग भर दिया।

## राज्य की सत्ता अब मुख्यमंत्री के हाथ में नहीं है : तेजस्वी यादव

एजेंसी

**पटना।** जननायक कपूर्री ठाकुर की 38वीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को राजद की ओर से पटना के बापू सभागार में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर राजद कार्यकताओं के महासमागम को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर अब तक का सबसे बड़ा हमला बोला। उन्होंने नीतीश कुमार को एक 'अचेत' और 'कठपुतली' मुख्यमंत्री करार देते हुए कहा कि बिहार का दुर्भाग्य है कि उसे ऐसा नेतृत्व मिला है जो पूरी तरह लाचार है।

तेजस्वी ने आरोप लगाया कि राज्य की सत्ता अब मुख्यमंत्री के हाथ में नहीं, बल्कि कुछ चुनिंदा भ्रष्ट अधिकारियों के पास है, जो अपनी मनमर्जी से शासन चला रहे हैं और लोकतांत्रिक मूल्यों को ताक पर रख दिया है। तेजस्वी यादव ने



अपनी पार्टी की मजबूती का लोहा मनवाते हुए कहा कि तमाम विपरीत परिस्थितियों और सरकारी दमन के बावजूद अकेले राजद को 1 करोड़ 90 लाख वोट मिले हैं। उन्होंने गौरव के साथ बताया कि पार्टी का जनाधार लगातार बढ़ रहा है और राजद का वोट शेयर 23-24 फीसदी से बढ़कर अब 40 फीसदी तक पहुंच चुका है। उनके अनुसार, यह राजद की लोकप्रियता ही है कि चुनाव आयोग, मीडिया और पूरी सरकारी मशीनरी के विरोध के बावजूद जनता ने उन्हें सिर-आंखों पर बिठाया। राजद नेता ने केंद्र सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स जैसी एजेंसियों का डर दिखाकर विपक्ष को झुकाया नहीं जा सकता। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की तुलना रूसी राष्ट्रपति पुतिन से करते हुए कहा कि वे देश में तानाशाही थोपना चाहते हैं और विपक्षी दलों को खत्म करने की साजिश रच रहे हैं। तेजस्वी ने स्पष्ट किया कि न लालू जी डरे थे, न तेजस्वी डरेगा और वे भाजपा की इन 'गीदड़ भभकियों' का जवाब ईंट का जवाब पत्थर से देंगे। राज्य में बढ़ते अपराध और भ्रष्टाचार पर सरकार को घेरते हुए तेजस्वी ने कहा कि बिहार में विकास के नाम पर केवल जनता की आँखों में धूल झोंकी जा रही है। उन्होंने सवाल किया कि पिछले 100 दिनों के शासन में बिहार में कितने नए कारखाने खुले और कितने युवाओं को रोजगार मिला।

### नेयर मसूद खान बने कांग्रेस के जिला पर्यवेक्षक, कार्यकर्ताओं में हर्ष

**अररिया।** कांग्रेस पार्टी द्वारा संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त, सक्रिय एवं जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत बिहार के विभिन्न जिलों में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। पार्टी नेतृत्व द्वारा पूर्णिया सांसद प्रतिनिधि एवं कटिहार अमला टोला निवासी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नेयर मसूद खान को पार्टी का जिला पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। जिले में संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति प्रदान करने, बूथ स्तर तक संगठन की संरचना को मजबूत करने तथा कार्यकताओं को सक्रिय भूमिका में लाने के उद्देश्य से चार पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। इनमें कटिहार सांसद तारिक अनवर, नेयर मसूद खान, मुन्निस शम्स एवं प्रेमचंद सिंह शामिल हैं। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि इन नेताओं के अनुभव एवं संगठनात्मक दक्षता से जिले में कांग्रेस की जड़ें और अधिक मजबूत होंगी। नेयर मसूद खान की नियुक्ति की सूचना पर कांग्रेस के कार्यकताओं एवं समर्थकों के बीच उत्साह है। कार्यकताओं का कहना है कि नेयर मसूद खान लंबे समय से पार्टी की विचारधारा के प्रति समर्पित रहे हैं।

### नीट छात्रा मौत मामले में पप्पू यादव ने किया नया खुलासा, पूछा- कौन है संजय, कौन है गुप्ता

**पटना।** पटना के शंभू गर्ल्स हास्टल में रहकर नीट की तैयारी कर रही छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत मामले की जांच सीबीआई ने शुरू कर दी है। इसबीच इस मामले में पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने अब बड़ा सनसनीखेज खुलासा किया है। उन्होने फेसबुक लाइव के जरिए इस पूरी घटना को एक गहरा षड्यंत्र बताते हुए इसे आत्महत्या के बजाय हत्या करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में प्रभात मेमोरियल अस्पताल और प्रशासन के कुछ लोग सीधे तौर पर शामिल हैं। उन्होंने बिहार के गृह मंत्री सम्राट चौधरी से मांग की है कि बोरिंग रोड स्थित नागेश्वर कॉलोनी के रसूखदारों और संदिग्ध नेताओं के सीसीटीवी फुटेज की जांच हो। खगड़िया निवासी संजय और गुप्ता नामक व्यक्तियों की भूमिका स्पष्ट की जाए। क्या इन ठिकानों पर मनीष रंजन जैसे लोगों की आवाजाही थी? इसकी पुष्टि की जाए। पप्पू यादव ने दावा किया कि उनके पास पुख्ता सबूत हैं कि छात्रा के इलाज में जानबूझकर लापरवाही बरती गई। छात्रा पहले से बेहोश थी, फिर भी उसे किट्मेक्स 50एमजी और फेंटेनिल जैसे हैवी सेडेटिव (नशे के इंजेक्शन) दिए गए। संदिग्ध ओपिओइड पॉइजनिंग की बात कही गई, लेकिन समय पर जरूरी एंटीडोट नहीं दिया गया। परिजनों की सहमति के बिना प्रेग्नेंसी टेस्ट कराया गया और रिपोर्ट नेगेटिव आने के बाद सबूत मिटाने की कोशिश हुई। उन्होंने इस मामले की तुलना अंतरराष्ट्रीय स्तर के बड़े अपराधों से करते हुए मनीष रंजन को राजनीतिज्ञों का सप्लायर और एपस्टन का नायक बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि पटना में रसूखदार लोगों का एक पूरा गिरोह सक्रिय है जो इस तरह की साजिशों में शामिल है। पप्पू यादव ने सिस्टम पर सवाल उठाते हुए कहा कि एसआईटी और सीआईडी की जांच को जानबूझकर कमजोर किया गया। केस सीबीआई को सौंपे जाने के बाद कई प्रभावशाली लोगों में बेचैनी बढ़ गई है। उन्होंने ऐलान किया कि वह इस लड़ाई को सुप्रीम कोर्ट तक ले जाएंगे और जल्द ही सारे दस्तावेजी सबूत सार्वजनिक करेंगे। पप्पू यादव ने सीधे तौर पर प्रभात मेमोरियल अस्पताल और प्रशासन के कुछ अधिकारियों को कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि साजिश के तहत प्रभात मेमोरियल और प्रशासन के लोगों ने मेरी बेटी को मारा है। मैं इस केस को आखिरी सांस तक लड़ूंगा।

### लाइसेंसी गन से एलआईसी एजेंट की आत्महत्या

**सुपौल।** त्रिवेणीगंज नगर परिषद क्षेत्र के बाजार स्थित वार्ड संख्या 5 में मंगलवार की शाम एक एलआईसी एजेंट ने अपने लाइसेंसी गन से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मीरजावा पंचायत के लहरनियाँ वार्ड संख्या 3 निवासी 53 वर्षीय नवीन कुमार सिंह अपने वार्ड संख्या 5 स्थित आवास के एक कमरे में मौजूद थे। बताया जाता है कि उन्होंने कमरे का दरवाजा बंद कर अपने लाइसेंसी गन से स्वयं को गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर घर के अन्य सदस्य घबरा गए। जब काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो परिजन ने दरवाजा तोड़ा। अंदर का दृश्य देखकर सभी स्तब्ध रह गए। नवीन कुमार सिंह मृत अवस्था में पड़े थे। घटना की सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) विभाष कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर सुनील कुमार पासवान एवं थानाध्यक्ष राकेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। एसडीपीओ ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मृतक द्वारा अपने लाइसेंसी गन से आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई है। घटना की गहराई से जांच के लिए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है। आत्महत्या के कारणों का अब तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।इस दुखद घटना से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

## भिवाड़ी पटाखा फैक्ट्री की घटना के बाद मटियरिया में नहीं जले चूल्हे

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** राजस्थान के भिवाड़ी में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद हुए भीषण अगलगी में हरसिद्धि के चार युवकों की मौत के बाद उनका नरकंकाल बरामद हुआ है। घटना को लेकर मंगलवार को गांव के किसी घर में चूल्हा नहीं जला।



मृतको में श्याम कुमार (22) पिता राजदेव पासवान माता नीतू देवी है।श्याम कुमार दो भाई तीन बहन थे। भाइयों में श्याम सबसे बड़ा और घर में कमाउ पुत्र होने के कारण सभी लोगों को उसे पर आस थी।

श्याम कुमार के माता नीतू कुमारी ने बताया कि मेरा बेटा श्याम 3 दिसंबर को राजस्थान पटाखे फैक्ट्री में काम करने गया। गांव ही के ठेकेदार अभिनंदन तिवारी उसको कपड़ा फैक्ट्री के नाम पर गारमेंट्स में काम करने के लिए बुलाकर ले गए, लेकिन वहां पटाखा फैक्ट्री में काम करवा रहे थे। फोन करने पर वह बताया कि मैं ठीक हूं। तीन दिन पूर्व उससे बात हुई थी। उसने बताया था कि ठेकेदार पैसा दे देगा तो होली में मां हम घर आएंगे नहीं तो नहीं आएंगे।

श्याम के पिता राजदेव पासवान एक मजदूर हैं ,जो मजदूरी कर अपने जीवन यापन करते थे , मां का रो रो को बुरा हाल हो चुका है बार-बार मूर्छित होकर कह रही है कि हमारा राजयू हमनी के छोड़ के चल गइले अब हमारा परिवार के कमा खिलाई ,काम करने वाला एक ही को पुत्र रहे जवन स्वर्ग सिधार गएल ,अब हमनी के जिंदगी नरक बन गईल बा, हमनी अब केकरा सहारे जीयब,हम जिए के नईखी चाहत।

दूसरा मृतक अमरेश कुमार राम उम्र करीब 15 वर्ष पिता कृष्णा राम माता के नाम सीमा देवी बताया जाता है। अमरेश दो भाई में बड़ा भाई था। छोटा भाई का नाम शिवम कुमार 14 वर्ष जो पढ़ाई करता था। वही बहन शिवानी कुमारी 13 वर्ष जो अविवाहित है, पूरे परिवार का भरण पोषण की जिम्मेवारी अमरेश पर ही था। अमरेश श्याम के साथ 3 दिसंबर को ही राजस्थान गया था।उसको भी ठेकेदार अभिनंदन ही ले गया था।

तीसरा मृतक अभिषेक कुमार पिता राजेंद्र सिंह मटियरिया, वार्ड नंबर 2, माता का नाम फुलझड़ी देवी है। अभिषेक दो भाई में बड़ा था। अभिषेक के छोटा भाई जो रेलवे में कार्यरत है। अभिषेक का विवाह 12 वर्ष पूर्व मीना देवी से हुआ था। अभिषेक का दो पुत्र मयंक कुमार 13 वर्ष अवनीश कुमार 10 वर्ष है।

छोटे भाई ललित ने बताया अभिषेक 26 जनवरी 2026 को पटाखे फैक्ट्री राजस्थान में काम करने गया था।

चौथा मृतक मुरारपुर निवासी रामदत्त राम के पुत्र रवि कुमार वार्ड नंबर 7 का निवासी बताया जाता है। ,माता का नाम रीता देवी है। रवि दो भाईयों में बड़ा था, उसकी दो बहन थी, जो अविवाहित है, एक का नाम करीना कुमारी 12 वर्ष दूसरा बहन का नाम करिश्मा कुमारी 10 वर्ष तथा भाई शशि भूषण 14 वर्ष बताया जाता है। रवि को भी अभिनंदन ही अपने ठेकेदारी में काम करने के लिए बुलाया था।

चारों मृतक के राजस्थान के भिवाड़ी के पटाखे फैक्ट्री से नर कंकाल बरामद हुए हैं। किसी के साक्ष्य सही नहीं मिल रहा है।

# जम्मू-कश्मीर में फिर से खुले 14 पर्यटन स्थल, पहलगाम हमले के बाद हो गए थे बंद

एजेंसी



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को केंद्र शासित प्रदेश के उन 14 पर्यटन स्थलों को फिर से खोलने का आदेश दिया, जिन्हें पिछले साल अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले के बाद बंद कर दिया गया था। उपराज्यपाल प्रशासन ने पिछले साल 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद जम्मू कश्मीर में लगभग 50 पर्यटन स्थलों को बंद कर दिया था। हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे। उपराज्यपाल कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सुरक्षा की गहन समीक्षा और विचार-विमर्श के बाद, मैंने कश्मीर और जम्मू संभागों में एहतियाती तौर पर अस्थायी रूप से बंद किये गए और भी पर्यटन स्थलों को फिर से खोलने का आदेश दिया है। इसके साथ ही, अस्थायी रूप से बंद किए जाने के बाद फिर से खोले गए पर्यटन स्थलों की कुल संख्या बढ़कर 26 हो गई है। इससे पहले, पिछले साल 26 सितंबर को उपराज्यपाल ने 12 पर्यटन स्थलों को फिर से खोलने का आदेश दिया था। सिन्हा ने कहा, कश्मीर संभाग के 11 पर्यटन स्थलों- कोकरनाग में यूसमर्ग, दूधपथरी, दांडीपुरा पार्क, शोपियां में पीर की गली, दुबजान और पदपावन, श्रीनगर में अस्तनपोरा, ट्यूलिप गार्डन, थजवास ग्लेशियर, गादेरबल में हंग पार्क और बारामुला में बुलर और वाटलाब - को तत्काल फिर से खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि जम्मू संभाग के तीन पर्यटन स्थल - रियासी में देवी पिंडी, रामबन में महू मंगत और किश्तवार में मुगल मैदान - भी तत्काल प्रभाव से फिर से खोले जाएंगे। सिन्हा ने कहा, कश्मीर संभाग में तीन स्थल- गुरेज, अथवाटू और बंगस- और जम्मू संभाग में एक स्थल - रामबन में रामकुंड - बर्फ हटने के बाद फिर से खोल दिए जाएंगे।

23 फरवरी से शुरू हो रहे खेलो इंडी शीतकालीन खेल : जम्मू कश्मीर के गुलमर्ग में 23 फरवरी से शुरू होने वाले खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों (केआईडब्ल्यूजी) में 700 से अधिक खिलाड़ी और अधिकारी भाग लेंगे। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। स्की सहायक मोहम्मद रफीक चेची ने कहा, इस सर्दी में अच्छी बर्फबारी हुई है, जिससे स्कीइंग और स्लेजिंग गतिविधियों को बढ़ावा मिला है। खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का यहां आयोजन हो रहा है और इससे हमें अपनी आजीविका कमाने में मदद मिलेगी। इस वर्ष बर्फ स्पर्धाओं के लिए केआईडब्ल्यूजी का पहला चरण लद्दाख के लेह में 20 से 26 जनवरी तक आयोजित किया गया था।

## फ्रांस के राष्ट्रपति ने मुंबई के होटल ताज में 26/11 पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने मुंबई के ताज होटल में 26/11 हमले में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उनकी पत्नी ब्रिगिट मैक्रों भी उनके साथ मौजूद रहीं। इसकी जानकारी देते हुए मैक्रों ने एक्स पोस्ट में लिखा कि मुंबई के ताज महल पैलेस में, हमने 2008 के हमलों के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने इस हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति एकजुटता दिखाते हुए कहा कि इस हमले में मारे गए लोगों के परिवारों और प्रियजनों के लिए, और भारत के लिए फ्रांस हमेशा साथ खड़ा है। आतंकवाद के सामने, एकता और दृढ़ निश्चय सबसे बड़ी ताकत है। इससे पहले सुबह मैक्रों तड़के मुंबई के मरीन ड्राइव पर दौड़ सैर की। उनके साथ सुरक्षाकर्मी भी मौजूद थे। मुंबई पुलिस ने पूरे इलाके में कड़ी सुरक्षा की थी। राष्ट्रपति मैक्रों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर 17 से 19 फरवरी तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं। वह इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भाग लेंगे और मुंबई में मोदी के साथ द्विपक्षीय शिखर बैठक करेंगे। यह उनकी भारत की चौथी यात्रा है। हालांकि वह मुंबई पहली बार गए हैं।

## जेईई मेन्स में आरपीएम का दबदबा, अतुल्य राज गुप्ता बने टॉपर

**गोरखपुर।** देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई के घोषित परिणामों में आरपीएम एकेडमी के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते




हुए संस्थान और शहर का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष भी संस्थान के कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की, जिससे पूरे विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। आरपीएम एकेडमी के छात्र अतुल्य राज गुप्ता ने सर्वाधिक 99.27 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्थान में प्रथम स्थान हासिल किया, त्रिजल त्रिपाठी 98.76 द्वितीय, वहीं मोहम्मद अरहम अंसारी ने 98.2 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। संस्थान के चेयरमैन अजय शाही ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। इस शानदार परिणाम से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए और अधिक उत्साह के साथ प्रयास करेंगे। आरपीएम एकेडमी लगातार विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर सफलता दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## विधायकों की बैठक की तैयारी में थे डीके शिवकुमार सिद्धारमैया ने पलटा गेम, ले जा रहे विदेश

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के सत्ता संघर्ष में कांग्रेस की आंतरिक कलह बढ़ती जा रही है। 2023 में कांग्रेस को कर्नाटक में सरकार बनाने का मौका मिला था और उसके बाद से ही डीके शिवकुमार खेमा यह कहता रहा है कि ढाई साल के बाद उनके नेता मुख्यमंत्री होंगे। सिद्धारमैया खेमा इस बात से इनकार करता रहा है और रस्साकशी जारी है। इस बीच खबर है कि डीके शिवकुमार कांग्रेस विधायकों की मीटिंग बुलाने वाले थे ताकि शक्ति प्रदर्शन कर सकें। उनके समर्थकों का कहना था कि 136 विधायक डीके शिवकुमार के साथ हैं। इस बीच मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अलग ही दांव चल दिया है, जिसकी खूब चर्चा है। अपने करीबी 27 विधायकों को सिद्धारमैया विदेश दौरे पर ले जा रहे हैं। इन विधायकों को ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के दौरे पर वह साथ ले जाएंगे। उनके गुट का कहना है कि यह रूटीन विजिट है, जो अकसर तमाम योजनाओं की जानकारियां हासिल करने के लिए होती हैं।

## दिल्ली के एआई समिट में चोरी! सीईओ का दावा- स्टॉल से गायब हो गए डिवाइस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में चल रहे एआई समिट से एक हैरान और शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। बेगलुरु के एक उद्यमी ने आरोप लगाया है कि उनकी कंपनी से स्टॉल से डिवाइसेज चोरी हो गए हैं। नियोसेपियन नाम की एक कंपनी के सीईओ और को फाउंडर धनंजय यादव का दावा है कि यह घटना उस वक्त हुई जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से पहले वहां मौजूद लोगों को बूथ खाली करने को कहा गया था। उन्होंने घटना को हैरान करने वाला बताते हुए सवाल उठाया कि उनकी कंपनी के्द्ध वियरेबल कैसे चोरी हो सकते हैं, जब वहां एक्सपो एरिया में सिर्फ सुरक्षाकर्मियों को जाने की अनुमति थी। धनंजय यादव की कंपनी एआई वियरेबल डिवाइसेज बनाती है जो बातचीत को ट्रैक करने और भावनाओं के विश्लेषण में सक्षम है। यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, एआई इंपैक्ट समिट का पहला दिन हमारे लिए दर्दभरा रहा। उन्होंने कहा कि वह वास्तव में इस समिट को लेकर उत्साहित थे, जिसका पहली बार भारत में आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा, मैं व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर इस इकोसिस्टम और सरकार के प्रयासों का समर्थन करना चाहता था। लेकिन इसके बाद जो हुआ, वह चौंकाने वाला था। एआई इंपैक्ट समिट का आयोजन दिल्ली के भारत मंडपम में हो रहा है। यह इस साल देश में आयोजित होने जा रहे सबसे हाई प्रोफाइल इवेंट्स में से एक है।

## विदाई भाषण में मोहम्मद यूनुस ने आलापा सेवन सिस्टर्स का राग, 18 महीने की उपलब्धियां भी गिनाई

**ढाका।** बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने सोमवार को अपने विदाई संबोधन में दावा किया कि उनके 18 महीने के शासनकाल ने देश की विदेश नीति को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि अब बांग्लादेश किसी के निर्देशों पर चलने वाला आज्ञाकारी देश नहीं रहा, बल्कि अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने वाला आत्मविश्वासी राष्ट्र बन चुका है। टेलीविजन पर प्रसारित अपने संबोधन में यूनुस ने कहा आज का बांग्लादेश संप्रभुता, राष्ट्रीय हित और गरिमा की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनकी सरकार ने इन तीन मूल स्तंभों को फिर से मजबूत किया। यूनुस ने अपने संबोधन में कहा 'मैं सभी नागरिकों से, चाहे वे किसी भी दल, धर्म, पंथ, जाति या लिंग से जुड़े हों, एक न्यायपूर्ण, मानवीय और लोकतांत्रिक बांग्लादेश के निर्माण के लिए संघर्ष जारी रखने की अपील करता हूं। इसी आशा के साथ मैं विदा ले रहा हूं।इ उन्होंने कहा कि देश की भौगोलिक स्थिति पूरे दक्षिण एशियाई क्षेत्र में बड़े आर्थिक अवसर पैदा करने की क्षमता रखती है। सेवन सिस्टर्स का राग आलापा यूनुस ने बांग्लादेश के खुले समुद्री क्षेत्र को रणनीतिक संपत्ति बताते हुए कहा कि यह वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड? का प्रवेश द्वार है। उन्होंने नेपाल, भूटान और पूर्वोत्तर भारत (जिससे सेवन सिस्टर्स भी कहा जाता है) के साथ व्यापक क्षेत्रीय सहयोग की संभावनाओं पर भी बल दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### वाराणसी में बड़ा हादसा टला, टक्कर के बाद गंगा में समाई नाव, पर्यटकों को बचाया गया

**वाराणसी।** धर्मनगरी वाराणसी के घाटों पर सोमवार को उस समय चीख-पुकार मच गई, जब एक भीषण नाव हादसा होते-होते बचा। गंगा की लहरों के बीच एक छोटी नाव और तेज रफ्तार मोटरबोट के बीच हुई जोरदार भिड़ंत ने वहां मौजूद लोगों की सांसें थाम दीं। टक्कर इतनी भयानक थी कि नाव देखते ही देखते गंगा में समा गई और उस पर सवार पर्यटक गहरे पानी में डूबने लगे। यह घटना वाराणसी के प्रसिद्ध तुलसीघाट पर दोपहर करीब 2 बजे घटी। गनीमत यह रही कि समय रहते स्थानीय नाविकों और बचाव दल ने मुस्तैदी दिखाई, वरना एक बड़ा हादसा वाराणसी की धार्मिक यात्रा को मातम में बदल सकता था। जानकारी के अनुसार, हैदराबाद और पुणे से आए पांच पर्यटकों का एक समूह गंगा पार रामनगर जाने के लिए तुलसीघाट से एक छोटी नाव पर सवार हुआ था। हैदराबाद निवासी दिलीप, दर्शना, देवयानी और पुणे के रोहित व दीपाली श्रद्धा और उत्साह के साथ नाव में बैठे ही थे कि घाट से कुछ ही दूर निकलते ही एक तेज रफ्तार बड़ी मोटरबोट ने उनकी नाव को जोरदार टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि टक्कर लगते ही नाव असंतुलित होकर पलट गई। नाव में सवार पर्यटक पानी में गिरकर जान बचाने के लिए संघर्ष करने लगे। उनकी चीखें सुनकर घाट पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे की खबर मिलते ही घाट पर मौजूद साहसी स्थानीय नाविकों ने तुरंत गंगा में छलांग लगा दी। इसी बीच एनडीआरएफ और जल पुलिस को भी सूचना दी गई। राहत और बचाव कार्य इतनी तेजी से शुरू हुआ कि डूब रहे पांचों पर्यटकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हालांकि, जिस नाव पर वे सवार थे, वह टक्कर के बाद पूरी तरह से गंगा में समा गई। पुलिस के पहुंचने से पहले ही हादसे का जिम्मेदार नाविक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश अब पुलिस कर रही है। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें पर्यटकों को बचाने की जद्दोजहद देखी जा सकती है।

### जुबिन गर्ग मौत मामला: सुनवाई की रफ्तार से नाखुश है पत्नी

**गुवाहटी।** दिवंगत गायक जुबिन गर्ग की पत्नी गरिमा सैकिया गर्ग और लोक अभियोजक (सरकारी वकील) जियाउल कमर ने कामरूप महानगर जिला एवं सत्र न्यायालय में गायक की मौत से जुड़े मामले की सुनवाई की धीमी गति पर सोमवार को नाखुशी जताई। कमर ने कोर्ट के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि नियमित सुनवाई अभी शुरू नहीं हुई है। आरोपी सुनवाई को लटकाने के लिए कई हथकंडे अपना रहे हैं। उन्होंने अलग-अलग याचिकाएं दाखिल की हैं। लोक अभियोजक ने कहा कि जब तक अदालत सभी याचिकाओं का निपटारा नहीं कर देती, तब तक नियमित सुनवाई शुरू नहीं हो सकती। दरअसल, आरोपियों की ओर से अदालत में कई याचिकाएं दायर किए जाने के कारण पूरी प्रक्रिया में देरी हुई है और सुनवाई अभी तक शुरू नहीं हो सकी है। बता दें कि जुबिन की पिछले साल 19 सितंबर को सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई थी। वह नॉर्थ-ईस्ट इंडिया फेस्टिवल (एनईआईएफ) के चौथे संस्करण में हिस्सा लेने के लिए सिंगापुर गए थे। राज्य सरकार ने इसे हत्या का मामला बताया है और जुबिन की मौत के संबंध में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, गरिमा ने भी सुनवाई में देरी पर नाखुशी जाहिर की। उन्होंने राज्य सरकार से सुनवाई के लिए त्वरित अदालत गठित करने की अपील की। गरिमा ने कहा कि आरोपी प्रक्रिया को लटका रहे हैं। हम दैनिक आधार पर सुनवाई के लिए त्वरित अदालत के गठन की मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक इसकी स्थापना नहीं हुई है।

# लखनऊ में कांग्रेस का विस घेराव, बैरिकेडिंग पर चढ़े कार्यकर्ताओं से पुलिस की हुई झड़प

## सांसद समेत 300 हाउस अरेस्ट, कई जिलों में रोके गए कांग्रेसी

एजेंसी



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सोमवार को विधानसभा घेराव के ऐलान के बाद कांग्रेस कार्यकताओं और पुलिस के बीच तीखी झड़प हो गई। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और विधायक आराधना मिश्रा समेत सैकड़ों कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय के बाहर लगाए गए बैरिकेड्स पर चढ़ गए। इस दौरान करीब एक घंटे तक धक्का-मुक्की और नारेबाजी का माहौल बना रहा। बताया जा रहा है कि बड़ी संख्या में पहुंचे कांग्रेस के कार्यकताओं को रोकने में पुलिस के पसीने छूट गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए रैपिड एक्शन फोर्स और पीएसी के 500 से अधिक जवान तैनात किए गए। भारी मशक्कत के बाद पुलिस ने बैरिकेडिंग पर चढ़े नेताओं और कार्यकताओं को नीचे उतारा और अरेस्ट कर बसों में भरकर उन्हें ईको गार्डन भेज दिया। इस दौरान बैरिकेड से उतरते समय अजय राय का पैर फिसल गया और वे लड़खड़ा गए, हालांकि मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी उन्हें पकड़ते नजर आए।

मनरेगा समेत अन्य मुद्दों को लेकर घेरा दरअसल, अजय राय ने मनरेगा, शंकराचार्य और माता अहिल्याबाई होल्कर से जुड़े मुद्दों को लेकर विधानसभा घेराव का आह्वान किया था। इस समय विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है, जिसे देखते हुए प्रशासन पहले से ही अलर्ट मोड पर था। कांग्रेस कार्यालय के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया और आसपास के इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया। ट्रकों में भरकर पीएसी और आरएएफ के जवान मौके पर पहुंचे।

### सांसद तनुज हाउस अरेस्ट

इधर, बाराबंकी से सांसद तनुज पुनिया समेत प्रदेशभर के 300 से अधिक कांग्रेस कार्यकताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया गया। ये सभी लखनऊ पहुंचने के लिए रवाना हुए थे, लेकिन पुलिस ने रास्ते में ही रोककर उन्हें वापस भेज दिया।

### रायबरेली में पुलिस से नोंकझोंक

रायबरेली में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी की पुलिस अधिकारियों से नोकझोंक हुई। उन्होंने एक इंस्पेक्टर पर भाजपा के नाम पर गुंडई करने का आरोप लगाया। वहीं हरदोई में रेलवे स्टेशन पर कांग्रेस के आठ कार्यकताओं को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ा। राजधानी समेत कई जिलों में हुई इस कार्रवाई के बाद प्रदेश की सियासत गरमा गई है। कांग्रेस ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन बताया है, जबकि प्रशासन का कहना है कि बजट सत्र के मद्देनजर कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता है।

# रावी नदी पर बांध बनकर तैयार, अब बूंद-बूंद पानी को तरसेगा पाकिस्तान

एजेंसी



**कठुआ।** भारत और पाकिस्तान के बीच दशकों से बहते पानी की सियासत अब एक बड़े बदलाव की ओर है। पंजाब और जम्मू-कश्मीर की सीमा पर निमार्णाधीन शाहपुर कंडी बांध परियोजना अपने अंतिम चरण में है। इस परियोजना के चालू होने से रावी नदी का वह बचा हुआ पानी, जो अब तक बहकर पाकिस्तान चला जाता था, पूरी तरह रुक जाएगा और इसका इस्तेमाल जम्मू-कश्मीर और पंजाब की सूखी जमीन को सींचने में किया जाएगा। जम्मू-कश्मीर के मंत्री जावेद अहमद राणा ने सोमवार को जानकारी दी कि इस बांध का काम 31 मार्च तक पूरा होने की उम्मीद है। यह परियोजना विशेष रूप से सूखाग्रस्त कठुआ और सांबा जिलों के लिए जीवनरेखा साबित होगी। यह बांध न केवल जल संचयन करेगा, बल्कि क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी गति देगा। इस परियोजना से जम्मू-कश्मीर के कठुआ और सांबा जिलों की 32,173 हेक्टेयर से अधिक भूमि और पंजाब की लगभग 5,000 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होगी। केंद्र सरकार ने सिंचाई घटक के लिए 485.38 करोड़ रुपये की सहायता राशि को मंजूरी दी है। बांध के पूरा होने से क्षेत्र में बिजली उत्पादन और कृषि विकास को नई दिशा मिलेगी।

**सिंधु जल संधि और बदलती नीति :** 1960 की सिंधु जल संधि के तहत तीन पूर्वी नदियों- रावी, ब्यास और सतलज पर भारत का पूर्ण अधिकार है। इसके बावजूद, तकनीकी बाधाओं और बांध न होने के कारण रावी का काफी पानी पाकिस्तान जा रहा था। पूर्व सिंचाई मंत्री ताज मोहिद्दीन के अनुसार, यह बांध सिंधु जल संधि के दायरे से बाहर है क्योंकि 1960 की संधि के तहत रावी, सतलुज और ब्यास जैसी पूर्वी नदियों पर भारत का विशेष अधिकार है। हालांकि, अप्रैल 2025 में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के प्रति कड़ा रुख अपनाया है। अब भारत पश्चिमी नदियों (सिंधु, ोलम, चिनाब) के पानी के अधिक उपयोग की संभावनाएं भी तलाश रहा है। जम्मू-कश्मीर के विधायक डॉ. रामेश्वर सिंह ने कहा कि एक बार काम पूरा होने के बाद, पानी अब पाकिस्तान नहीं जाएगा, बल्कि हमारे अपने कठुआ क्षेत्र की विशाल भूमि को हरा-भरा करेगा। दशकों का इंतजार और राजनीतिक इच्छाशक्ति शाहपुर कंडी परियोजना का सफर चुनौतियों भरा रहा है।

## एपस्टीन से रिश्तों पर ट्रंप बोले- मेरा उससे कोई लेना-देना नहीं

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी कारोबारी और दोषी यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के दस्तावेजों के सामने आने के बाद से ही दुनिया में उथल-पुथल मची हुई है। कई दिग्गज हस्तियों से लेकर वैश्विक नेताओं के एपस्टीन के साथ संबंध सामने आए हैं। इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम भी जुड़ा है। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस मामले में खुद को क्लीन चिट दे दी है। एयर फोर्स वन में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा, 'मेरे पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है। मुझे बरी कर दिया गया है। मेरा जेफरी एपस्टीन से कोई लेना-देना नहीं है। मुझे एपस्टीन मामले में पूरी तरह से बरी कर दिया गया है।इ एपस्टीन फाइल्स में कई बार आया ट्रंप का नाम जेफरी एपस्टीन से जुड़े सार्वजनिक किए गए सरकारी दस्तावेजों में डोनाल्ड ट्रंप का नाम कई बार आया है। इसकी वजह से अमेरिका की राजनीति और मीडिया में नई बहस छिड़ गई है। अमेरिकी न्याय विभाग ने जेफरी एपस्टीन से जुड़े हजारों दस्तावेजों को सार्वजनिक किया है।

# ब्रह्मपुत्र के नीचे टनल, ऊपर दहाड़ेंगे फाइटर जेट्स

### चीनी सीमा के पास भारत की बढ़ती ताकत

एजेंसी



**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर में चीन और बांग्लादेश जैसे देशों से मिलती चुनौतियों को देखते हुए भारत असम और अरुणाचल सहित नॉर्थ ईस्ट के दूसरे राज्यों में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। हाल के कुछ महीनों में इस दिशा में अहम प्रगति हुई है। यहां चीन सीमा से सटे राज्यों में बुनियादी ढांचे को तेज गति से मजबूत किया जा रहा है। अंडरवाटर टनल से लेकर हाईवे पर इमर्जेंसी लैंडिंग सुविधा तक कई बड़े प्रोजेक्ट पर काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। बीते शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के मोरान में भारतीय वायुसेना के हरक्यूलिस सी130जे विमान से हाईवे पर बने इमर्जेंसी रनवे पर उतरकर इसकी शुरूआत की। इस दौरान सुखोई 30 एमकेआई, राफेल और एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर ने फ्लाईपास्ट किया। यह पूर्वोत्तर में इस तरह की पहली हाईवे आधारित इमर्जेंसी लैंडिंग सुविधा है। गुवाहाटी में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मोरान में हाईवे पर वायुसेना विमान की लैंडिंग असम की बढ़ती ताकत को दिखाती है। उन्होंने कहा कि पहले पूर्वोत्तर टूटी सड़कों के लिए जाना जाता था, आज यहां ऐसे हाईवे बन रहे हैं जहां विमान भी उतर सकते हैं।

**देश की पहली अंडरवाटर रोड-सह-रेल टनल :** इसके अलावा कैबिनेट कमिटी ऑन इकोनॉमिक अफेयर्स ने गोहपुर एनएच15 से नुमालीगढ़ एनएच715 तक चार लेन एक्सेस कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड सड़क और ब्रह्मपुत्र के नीचे 15.79 किलोमीटर लंबी सड़क-सह-रेल टनल को मंजूरी दी है। इस पर करीब 18,662 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। फिलहाल नुमालीगढ़ से गोहपुर की दूरी करीब 240 किलोमीटर है और कालीभोमोरा पुल से होकर छह घंटे लगते हैं। यह देश की पहली अंडरवाटर रोड-सह-रेल टनल और दुनिया की दूसरी ऐसी टनल होगी। इससे असम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों को फायदा होगा। माल की ढुलाई आसान होगी, लॉजिस्टिक लागत घटेगी और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

# रोड आईलैंड के हॉकी एरीना में गोलीबारी, संदिग्ध समेत तीन की मौत

एजेंसी




**वॉशिंगटन।** अमेरिका के रोड आइलैंड राज्य में एक हॉकी एरीना में हुई गोलीबारी ने इलाके में दहशत का माहौल बन गया। इस गोलीबारी में संदिग्ध हमलावर समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। सीएनएन के मुताबिक, मरने वालों में एक युवती भी शामिल है। कानून प्रवर्तन अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि हमलावर ने घटना के बाद खुद को भी गोली मार ली, जिससे उसकी भी मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने प्रारंभिक जांच के आधार पर कहा है कि हमलावर संभवतः अपने ही परिवार के सदस्यों को निशाना बना रहा था। यह घटना पॉटकेट स्थित डेनिस एम. लिंच एरीना में हुई, जहां उस समय दो स्कूल छात्र टीमों के बीच हॉकी मैच चल रहा था।

पॉटकट पुलिस प्रमुख ने बताया कि तीन अन्य पीड़ित गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं। रोड आइलैंड के गवर्नर डैन मैकी ने कहा कि राज्य प्रशासन हालात पर नजर बनाए रखे हुए है। उन्होंने पॉटकेट के मेयर ग्रेबियन और राज्य पुलिस अधिकारियों से बातचीत की है। गवर्नर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि राज्य पुलिस स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रही है और वे इस घटना से प्रभावित सभी लोगों के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। इस घटना से कुछ महीने पहले, रोड आइलैंड के पास ब्राउन यूनिवर्सिटी में भी गोलीबारी हुई थी।

# आज नीदरलैंड के खिलाफ अभिषेक से आक्रामक पारी का इंतजार रहेगा, स्पिनरों के सामने सुधार करना चाहेगा भारत

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** अपनी पिछली दो पारियों में खाता खोलने में नाकाम रहे सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा नीदरलैंड के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के मैच में बड़ी पारी खेलने के लिए प्रतिबद्ध होंगे जबकि भारतीय टीम के अन्य बल्लेबाज भी सुपर आठ चरण से पहले स्पिन के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। अभिषेक शर्मा ने पिछले 18 महीने में खुद को इस प्रारूप का खतरनाक खिलाड़ी साबित किया है लेकिन घरेलू मैदान पर खेली जा रही आईसीसी प्रतियोगिता में वह अभी तक



अपना जलवा नहीं दिखा पाए हैं।

अमेरिका के खिलाफ पहले मैच में शून्य पर आउट होने के बाद वह पेट के संक्रमण के कारण नामीबिया के खिलाफ दूसरे मैच में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में वापसी की लेकिन खाता खोलने में नाकाम रहे। लेकिन दूसरे छोर पर ईशान किशन की शानदार फॉर्म के कारण अभिषेक के बल्ले से रनों की कमी का टीम की स्थिति पर कोई असर नहीं पड़ा है। अभिषेक जोखिम लेने से नहीं कतराते हैं और उनकी इस तरह की बेखौफ बल्लेबाजी से भारत को कई मैच में जीत भी मिली है। लेकिन इस 25 वर्षीय बल्लेबाज का पिछली छह पारियों में चार बार शून्य पर आउट होना यह संकेत देता है कि उन्हें पावरप्ले में अपनी रणनीति की समीक्षा करने की जरूरत है।

अभिषेक की आक्रामक बल्लेबाज की छवि को देखते हुए यह स्पष्ट है कि विरोधी टीमों ने भारत के इस सलामी बल्लेबाज का सामना करने के लिए अतिरिक्त तैयारी की है। अभिषेक के स्वयं यह स्वीकार करते हैं कि उनके पास टीम के अन्य बल्लेबाजों की तरह शॉट की व्यापक रेंज नहीं है और वह क्रीज का उपयोग करने और अपने बल्ले की स्विंग पर भरोसा करते हैं ताकि विपक्षी टीम में खौफ पैदा कर सकें। उन्हें पावरप्ले में डीप कवर बाउंड्री पर शॉट मारना पसंद है और विरोधी टीमों ने उनके लिए उस क्षेत्र में एक फील्डर तैनात करके समझदारी दिखाई है।

### सुनील गावस्कर की अभिषेक शर्मा को सीधी सलाह, पहले सेट हो फिर आक्रमकता दिखाओ

टी20 वर्ल्ड कप 2026 में युवा ओपनर अभिषेक शर्मा की शुरुआत उम्मीदों के अनुरूप नहीं रही है। लगातार दो बार शून्य पर आउट होने के बाद उनके खेल और अप्रोच पर सवाल उठने लगे हैं। ऐसे में भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने उन्हें बेहद सरल लेकिन अहम सलाह दी है। गावस्कर का मानना है कि बड़े टूर्नामेंट में दबाव से निपटने के लिए बुनियादी बातोंह्मह्य पर लौटना जरूरी है। उनका संदेश साफ है कि पहले खुद को सेट करो, फिर अपना स्वाभाविक आक्रामक खेल दिखाओ। पूर्व दिग्गज बल्लेबाज गावस्कर ने एक इंटरव्यू में अभिषेक को सलाह दी कि पारी की शुरुआत में जल्दबाज़ी से बचें। उन्होंने कहा कि आक्रामक शॉट खेलने से पहले सिर्फ एक तेज़ सिंगल लें, ताकि शरीर और दिमाग दोनों मैच की लय में आ सकें। गावस्कर के मुताबिक, पहले एक सिंगल लो, फिर खुलकर खेलो। जब तक आप रन बोर्ड पर नहीं लगाते, आत्मविश्वास पूरी तरह नहीं आता। उन्होंने यह भी जोड़ा कि अच्छे फॉर्म को हल्के में नहीं लेना चाहिए, क्योंकि कई बल्लेबाज़ शानदार फॉर्म के बाद जरूरत से ज्यादा आक्रामक होने की कोशिश में गलती कर बैठते हैं।

**टी-20 वर्ल्ड कप 2026**

## सुपर 8 में भारत के मुकाबले इन टीमों से होगा



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम ने लगातार तीन जीत दर्ज करते हुए सुपर 8 में शानदार अंदाज में जगह पक्की कर ली है। पाकिस्तान को 61 रन से हराकर टीम इंडिया ने ग्रुप 'ए' से अगले दौर का टिकट कटाया। अभी एक लीग मैच बाकी है, लेकिन भारत ने ग्रुप 1 में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

सुपर 8 का फॉर्मेट क्या रहेगा?

सुपर 8 में कुल 8 टीमें खेलेंगी, जिन्हें दो ग्रुप में बांटा जाएगा। हर ग्रुप में चार टीमें होंगी। आईसीसी ने टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही संभावित ग्रुप तय कर दिए थे। यानी टीम टेबल में पहले या दूसरे स्थान पर रहे, उसे पहले से निर्धारित ग्रुप में ही रखा जाएगा।

### भारत का सुपर 8 शेड्यूल और वेन्यू

- भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका - 22 फरवरी, अहमदाबाद
- भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया/जिम्बाब्वे - 26 फरवरी, चेन्नई
- भारत बनाम वेस्टइंडीज - 1 मार्च, कोलकाता
- पहला मुकाबला 22 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अहमदाबाद में खेला जाएगा, जिस पर सभी की नजरें टिकी हैं।


### ग्रुप 1 में किन टीमों से होगी भिड़ंत?

ग्रुप 1 में भारत के साथ वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया/जिम्बाब्वे में से एक टीम शामिल होगी। वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका ने अपने तीनों मैच जीतकर सुपर 8 में जगह बना ली है। चौथी टीम का फैसला अभी बाकी है। ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे ग्रुप 'बी' में हैं और क्वालीफिकेशन की रेस में बने हुए हैं। आयरलैंड के पास भी बाहर से मौका है। अगर कोई प्री-सीडेड टीम (जैसे ऑस्ट्रेलिया) टॉप-2 में नहीं आती, तो उसकी जगह अगली सर्वश्रेष्ठ टीम को मिलेगी।

# न्यूजीलैंड टी-20 वर्ल्डकप के सुपर-8 में पहुंचा

## कनाडा को 8 विकेट से हराया, युवराज टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले बैटर बने

**चेन्नई (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप के 31वें मुकाबले में कनाडा को 8 विकेट से हराकर सुपर-8 में जगह पक्की कर ली। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेले गए इस मैच में कनाडा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी और 20 ओवर में 4 विकेट पर 173 रन बनाए। जवाब में कीवी टीम ने 15.1 ओवर में सिर्फ 2 विकेट गंवाकर टारगेट हासिल कर लिया।




### फिलिप्स-रचिन के अर्धशतक

174 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए ग्लेन फिलिप्स और रचिन रवींद्र ने अर्धशतक लगाए। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए नाबाद 146 रन की साझेदारी हुई। फिलिप्स ने 36 बॉल पर नाबाद 76 रन बनाए।

### युवराज समरा का शतक

कनाडा के लिए युवराज समरा ने शतक लगाया। उन्होंने 65 बॉल पर 110 रन बनाए। 19 साल के युवराज टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में शतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड पाकिस्तान के अहमद शहजाद के नाम थी, जिन्होंने 2014 में 22 साल 127 दिन की उम्र में बांग्लादेश के खिलाफ मीरपुर में शतक लगाया था। टीम के लिए युवराज के अलावा कप्तान दिलप्रीत बाजवा ने 36 रन बनाए। युवराज और दिलप्रीत के बीच पहले विकेट के लिए 116 रन की साझेदारी हुई। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी, जैकब डफी, काइल जैमीसन और जिमी नीशम को 1-1 विकेट मिला।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**न्यूजीलैंड-** फिन एलन, टिम साइफर्ट (विकेटकीपर), रचिन रवींद्र, ग्लेन फिलिप्स, मार्क चापमन, डेरिल मिचेल (कप्तान), कोल मैककोनी, जिमी नीशम, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, जैकब डफी।

**कनाडा-**दिलप्रीत बाजवा (कप्तान), युवराज समरा, नवनीत धालीवाल, हर्ष ठाकेर, निकोलस किर्टन, श्रेयस मोव्वा (विकेटकीपर), साद बिन जफर, शिवम शर्मा, दिलोन हेलिगर, जसकरन सिंह, अंश पटेल।

## ऑस्ट्रेलिया टी-20 विश्वकप से बाहर

एजेंसी

**पल्लेकेले।** जिम्बाब्वे और आयरलैंड के बीच बारिश के कारण मुकाबला रद्द होने के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम टी20 विश्वकप क्रिकेट से बाहर हो गयी है। ये इस विश्वकप का अब तक का सबसे बड़ा उलटफेर है। ऑस्ट्रेलिया के बाहर होने के साथ ही ग्रुप बी से श्रीलंका के बाद जिम्बाब्वे सुपर-8 में पहुंच गयी है। जिम्बाब्वे-आयरलैंड के बीच मैच नहीं हेने से एक-एक अंक बंट गया जिसके कारण ऑस्ट्रेलिया जहां बाहर हो गयी। वहीं जिम्बाब्वे इस ग्रप बी से क्वालीफाई करने वालद दूसरी टीम बनी। श्रीलंका के खिलाफ हार के बाद से ही ऑस्ट्रेलिया पर बाहर होने का खतरा मंडरा रहा था। वहीं जिम्बाब्वे को सुपर-8 राउंड में पहुंचने के लिए सिर्फ एक अंक की जरूरत थी और कैंडी में वह उसे मिल गया। आज यहां सुबह से मौसम खराब था। जिससे ऑस्ट्रेलिया की सभी उम्मीदें टूट गयीं। साल 2021 में विजेता रही ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम पिछले तीन टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाई है। वहीं साल 2009 के बाद से ये ऑस्ट्रेलिया का सबसे खराब प्रदर्शन भी है। इस बार ऑस्ट्रेलिया को वेस्टइंडीज से भी हार का सामना करना पड़ा था। जिम्बाब्वे से अपना पहला ही मैच हारने के बाद, श्रीलंका से हारना ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे बड़ा झटका रहा। जिम्बाब्वे और आयरलैंड के बीच बारिश के कारण मैच शुरू ही नहीं हो पाया। ऐसे में शाम 5:30 बजे बिना एक भी गेंद फेंके मैच रद्द कर दिया गया। वहीं ये पहला अवसर है जब जिम्बाब्वे टी-20 विश्व कप इतिहास में दूसरे दौर तक पहुंची है।



## क्या टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में फिर होगा भारत-पाक में महामुकाबला?



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 में कोलंबो में खेले गए मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 61 रन से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की और सुपर-8 में जगह पक्की कर ली। यह टी20 विश्व कप इतिहास में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की 8वीं जीत रही। इस हार के बाद पाकिस्तान की सुपर-8 में पहुंचने की राह मुश्किल हो गई है।

### टूर्नामेंट का पूरा फॉर्मेट

टी20 वर्ल्ड कप 2026 में कुल 20 टीमों को 4 ग्रुप (ए-बी-सी-डी) में बांटा गया है। हर ग्रुप से टॉप-2 टीमें सुपर-8 में पहुंचती हैं। सुपर-8 में 8 टीमों को दो ग्रुप (ग्रुप-1 और ग्रुप-2) में बांटा जाएगा। हर ग्रुप की टॉप-2 टीमें सेमीफाइनल में जाएंगी।

### भारत के विक्रम राठौर लाये श्रीलंकाई टीम की बल्लेबाजी में बदलाव : जयसूर्या

**कोलंबो।** श्रीलंका की आईसीसी टी20 विश्वकप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत में भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज कोच विक्रम राठौर और क्षेत्ररक्षण कोच आर श्रीधर की अहम भूमिका रही है। श्रीलंकाई टीम के पूर्व कप्तान और कोच कोच सनथ जयसूर्या ने भी इनकी प्रशंसा की है। श्रीलंका की टीम इस बार सुपर-आठ में पहुंची है जबकि पिछले दो टूर्नामेंट में वो ग्रुप स्तर से भी से आगे नहीं बढ़ पायी थी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पथुम निसांका ने शतकीय पारी खेलकर टीम को जिताया। इसमें राठौर की कोचिंग और टिप्स की अहम भूमिका रही है। उनके आने से हमारे बल्लेबाजों का मनोबल बढ़ा है। मैच के बाद जयसूर्या ने कहा कि कहा, आर श्रीधर हमारे क्षेत्ररक्षण कोच हैं, वो भारत से हैं। वहीं विक्रम राठौर हमारे बल्लेबाजी कोच हैं। दोनों काफी अच्छे इंसान हैं। अभ्यास के दौरान जो भी हम चाहते हैं, वो सब करते हैं, जो क्षेत्ररक्षण के लिए बहुत अच्छा है।



कोलकाता (एजेंसी)। टी20 वर्ल्ड कप 2026 के 29वें मुकाबले में भले ही इटली को हार का सामना करना पड़ा, लेकिन उसके मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज बेन मानेंटी ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से सबका ध्यान खींच लिया। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए इस मुकाबले में मानेंटी ने इंग्लैंड के गेंदबाजों की जमकर धुनाई करते हुए सिर्फ 22 गेंदों में अर्धशतक ठोक दिया।

**203 रन का पीछा, शुरुआत रही बेहद खराब** - 203 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी इटली की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने महज 23 रन पर तीन विकेट गंवा दिए। ऐसा लग रहा था कि मैच एकतरफा हो जाएगा, लेकिन ओपनर जस्टिन मोस्का और बेन मानेंटी ने पारी को संभाला। मोस्का ने एक छोर थामे रखा, जबकि मानेंटी ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए गेंदबाजों पर दबाव बना दिया।

## एक ओवर में कूटे 20 रन 22 गेंद में ठोकी फिफ्टी


### इटली के बल्लेबाज बेन मानेंटी ने इंग्लैंड के खिलाफ खेली तूफानी पारी

- **22 गेंद में फिफ्टी, विल जैक्स के ओवर में 20 रन** - मानेंटी ने चौके-छक्कों की झड़ी लगाते हुए महज 22 गेंदों में फिफ्टी पूरी की। खास तौर पर विल जैक्स के एक ओवर में उन्होंने दो चौके और दो छक्के जड़ते हुए 20 रन बटोर लिए। 28 वर्षीय इस बल्लेबाज ने 25 गेंदों में 60 रन की पारी खेली, जिसमें चार चौके और तीन छक्के शामिल थे। मोस्का (43) के साथ उनकी 92 रन की साझेदारी ने इंग्लैंड की धड़कनें बढ़ा दीं।
- **ओवरटन और करन ने पलटा मैच** - हालांकि जेमी ओवरटन ने मानेंटी को आउट कर इंग्लैंड को राहत दिलाई। इसके बाद ग्रांट स्टीवर्ट ने 23 गेंदों में 45 रन की तेज पारी खेलकर इटली की उम्मीदें जिंदा रखीं, लेकिन सैम करन ने उनका विकेट लेकर मैच पर इंग्लैंड की पकड़ मजबूत कर दी।
- **मैच का नतीजा- 24 रन से जीता इंग्लैंड** - इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 202 रन बनाए। जवाब में इटली की टीम 178 रन पर ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड ने 24 रन से जीत दर्ज कर सुपर-8 में जगह बना ली।

# रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में मोहम्मद शमी का कहर

### चयनकर्ताओं को दिया मजबूत संदेश

**बंगाल (एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि क्लास कभी पुरानी नहीं होती। रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में बंगाल की ओर से खेलते हुए शमी ने जम्मू-कश्मीर के खिलाफ आठ विकेट लेकर चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। 35 वर्षीय अनुभवी पेसर ने कल्याणी में अपनी धारदार गेंदबाज़ी से विपक्षी बल्लेबाज़ों को टिकने का मौका नहीं दिया।



### इस सीजन में शानदार लय

यह प्रदर्शन कोई एक दिन का चमत्कार नहीं है। शमी इस रणजी सीजन में लगातार प्रभावी रहे हैं। अब तक सात मैचों में वह 38 विकेट झटक चुके हैं, जिसमें तीन बार पांच विकेट हॉल भी शामिल है। पिछले महीने सर्विसेज़ के खिलाफ उन्होंने दूसरी पारी में 5/51 का शानदार आंकड़ा दर्ज किया था। उनकी गेंदबाज़ी में पुरानी धार साफ दिख रही है, जो बताती है कि फिटनेस और फॉर्म दोनों उनके साथ हैं।

- **सेमीफाइनल में घातक स्पेल** - कल्याणी के बंगाल क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जा रहे मुकाबले में शमी ने पहली पारी में कहर बरपाया। उन्होंने 59वें ओवर में पांच विकेट पूरे किए और जम्मू-कश्मीर की बल्लेबाज़ी को पूरी तरह झकझोर दिया। शमी की रफ्तार, लाइन-लेंथ और अनुभव ने बल्लेबाज़ों को लगातार दबाव में रखा। विकेटकीपर-बल्लेबाज़ कन्हैया वधावन का विकेट उनके स्पेल का अहम मोड़ रहा, जिसके बाद बंगाल ने मैच पर पूरी पकड़ बना ली।

## नेपाल की टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में पहली जीत, स्कॉटलैंड को सात विकेट से हराया

एजेंसी

**मुंबई।** नेपाल ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में पहली जीत हासिल की है। टीम ने स्कॉटलैंड को 7 विकेट से हराया। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में नेपाल ने ग्रुप सी के इस मैच का टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। टीम ने वर्ल्डकप में पहली बार टॉस जीता है। स्कॉटलैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 170 रन बनाए। जवाबी पारी में नेपाल ने 19.2 ओवर में 3 विकेट पर चेज कर लिया। दीपेंद्र सिंह ऐरी



ने 23 बॉल पर 50 रन की नाबाद पारी खेली। ओपनर कुशल भुर्तेल ने 43 रन बनाए। माइकल लीस्क को 3 विकेट मिले।

स्कॉटलैंड की ओर से ओपनर माइकल जोन्स (71 रन) ने फिफ्टी लगाई। जॉर्ज मुन्से ने 27 और ब्रैंडन मैकमुलेन ने 25 रन बनाए। शेष बल्लेबाज खास प्रदर्शन नहीं कर सके। नेपाल की ओर से सोमपाल कामी ने 3 विकेट झटके। नंदन यादव को 2 विकेट मिले। कप्तान रोहित पौडेल और कुशल भुर्तेल ने एक-एक विकेट लिए।

## डिफेंस कंपनी को रक्षा मंत्रालय से मिला 5000 करोड़ रुपये का काम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डिफेंस कंपनी कोचिन शिपयार्ड ( को 5000 करोड़ रुपये का काम मिला है। यह खबर शेयर बाजार के बंद होने के बाद सामने आई। कंपनी को यह काम डिफेंस मिनिस्ट्री से मिला है। आज सोमवार को डिफेंस कंपनी कोचिन शिपयार्ड के शेयर बीएसई में 0.39 प्रतिशत की गिरावट के बाद 1468.20 रुपये के लेवल पर बंद हुआ है। क्या है वर्क ऑर्डर डीटेल्स स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी में कंपनी ने बताया है कि रक्षा मंत्रालय ने पांच नेक्सट जनरेशन सर्वे वेसल्स के लिए बोली मंगाई थी। कोचिन शिपयार्ड इस प्रोजेक्ट के लिए सबसे कम बोली लगाने वाली कंपनी के तौर पर उभरी है। इस प्रोजेक्ट के तहत कोचिन शिपयार्ड को शिपबिल्डिंग्स के साथ-साथ मेंटनेंस का भी काम देखना है। कोचिन शिपयार्ड ने तीसरी तिमाही में कैसा प्रदर्शन किया है डिफेंस कंपनी की तरफ से दी जानकारी के अनुसार दिसंबर तिमाही में कुल नेट प्रॉफिट 144.60 करोड़ रुपये रहा है। जोकि सालाना आधार पर 18.30 प्रतिशत कम है। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 177 करोड़ रुपये रहा था। डिफेंस कंपनी का रेवन्यू 1350.40 करोड़ रुपये रहा है। जोकि सालाना आधार पर 17.70 प्रतिशत अधिक है। कोचिन शिपयार्ड की तरफ से दी जानकारी के अनुसार दिसंबर तिमाही में ईबीआईटीडीए 21.50 प्रतिशत की गिरावट के बाद 186.60 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में यह 237.60 करोड़ रुपये रहा था।

## चुनौतियों के बीच भारत को निर्यात में बढ़त, जनवरी में 0.61 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के निर्यात में जनवरी महीने में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि जनवरी में देश का निर्यात 0.61 प्रतिशत बढ़कर 36.56 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। यह बढ़ोतरी वैश्विक चुनौतियों के बीच सकारात्मक संकेत मानी जा रही है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से जनवरी तक कुल निर्यात 2.22 प्रतिशत बढ़कर 366.63 अरब अमेरिकी डॉलर पहुंच गया है। सरकार का कहना है कि



लगातार बढ़ता निर्यात देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहा है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारत की स्थिति बेहतर हो रही है। भारत की एक टीम जाएगी अमेरिका इसके साथ ही वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि भारत की एक टीम अगले हफ्ते अमेरिका जाएगी ताकि मार्च में होने वाले अंतरिम व्यापार समझौते के लिए कानूनी दस्तावेज को अंतिम रूप दिया जा सके। यह यात्रा 23 फरवरी से शुरू होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि इस महीने भारत और अमेरिका ने एक संयुक्त बयान जारी कर अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे को अंतिम रूप दिया था। अब इस ढांचे को कानूनी समझौते में बदलना बाकी है, जिसे दोनों पक्षों के बीच हस्ताक्षरित किया जाएगा। वाणिज्य सचिव ने यह भी बताया कि दोनों देश इस कानूनी समझौते को अंतिम रूप देने में लगे हैं और इसके लिए आभासी बातचीत भी हो रही है।

# अडाणी समूह एआई सक्षम डेटा केंद्र विकसित करने के लिए 100 अरब डॉलर निवेश करेगा

एजेंसी




**नई दिल्ली।** अडाणी समूह ने नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित अत्याधुनिक एआई सक्षम डेटा केंद्रों को 2035 तक विकसित करने के लिए 100 अरब अमेरिकी डॉलर (9 लाख करोड़ रुपये) का निवेश करेगा। अडाणी समूह ने मंगलवार को नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित अत्याधुनिक एआई सक्षम डेटा केंद्रों को विकसित करने के लिए अगले 9 साल यानी 2035 तक 100 अरब यूएस डॉलर का निवेश करने की घोषणा की। यह दुनिया की सबसे बड़ी एकीकृत एनर्जी-कंप्यूट प्रतिबद्धताओं में से एक है। समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज ने बयान में कहा कि इस पहल से सर्वर निर्माण, क्लाउड मंच एवं सहायक उद्योगों में अतिरिक्त 150 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश होने की उम्मीद है। इससे भारत में 250 अरब डॉलर का अनुमानित एआई अवसंरचना परिवेश तैयार होगा। अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी ने कहा कि दुनिया एक ऐसी बुद्धिमत्ता क्रांति में प्रवेश कर रही है, जो पिछली किसी भी औद्योगिक क्रांति से कहीं अधिक गहन है। ऊर्जा एवं कंप्यूटर के बीच सामंजस्य स्थापित करने में निपुण राष्ट्र ही आने वाले दशक को आकार देंगे। उन्होंने कहा कि भारत नेतृत्व करने के लिए अद्वितीय स्थिति में है। गौतम अडाणी ने कहा कि अडाणी समूह में हम डेटा केंद्रों और हरित ऊर्जा में अपनी मजबूत नींव पर काम करते हुए भारत की प्रौद्योगिकी संप्रभुता पर केंद्रित पांच स्तरीय एआई ढांचे में विस्तार कर रहे हैं। एआई युग में भारत केवल उपभोक्ता नहीं रहेगा। हम बुद्धिमत्ता के विनिमार्ता, विकासकर्ता एवं निर्यातक होंगे और हमें उस भविष्य में भागीदार होने पर गर्व है।

## सर्राफा बाजार के साथ ही कमोडिटी मार्केट में भी गिरावट

**नई दिल्ली।** सर्राफा बाजार (बुलियन मार्केट) के साथ ही कमोडिटी मार्केट में भी आज सोना और चांदी की कीमत में गिरावट का रुख बना हुआ है। एशियाई बाजार में आज लूनर न्यू ईयर की छुट्टी की वजह से सोना और चांदी दोनों कमोडिटी में ट्रेडिंग घट गई है, जिससे इनकी कीमतों पर दबाव बना हुआ है। इसके साथ ही अमेरिकी डॉलर की मजबूती से भी सोना और चांदी की कीमत पर दबाव बढ़ा हुआ नजर आ रहा है। इसी वजह से मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर दोपहर 12 बजे के करीब चांदी की कीमत 7,491 यानी 3.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,32,400 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बनी हुई थी। इसी तरह सोना 2,760 रुपये यानी 1.77 प्रतिशत फिसल कर 1,52,024 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना और चांदी के भाव में गिरावट का ट्रेंड बना हुआ है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्पॉट सिल्वर लुढ़क कर 73 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि बाद में इसमें सुधार हुआ, जिससे भारतीय समय के अनुसार दोपहर 12 बजे तक यह चमकीली धातु 2.71 प्रतिशत गिर कर 74.51 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर आ गई थी। इसी तरह स्पॉट गोल्ड भारतीय समय के अनुसार दोपहर 12 तक 0.90 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,947.98 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर पहुंचा हुआ था। अप्रैल डिलीवरी वाला यूएस गोल्ड फ्यूचर्स 1.62 प्रतिशत गिर कर 4,966.80 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर पहुंचा हुआ था। बताया जा रहा है कि यूएस डॉलर इंडेक्स 0.20 प्रतिशत बढ़ा हुआ है, जिससे डॉलर के अलावा दूसरी करेंसी रखने वाले निवेशकों के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर के जरिए बिकने वाला बुलियन (सोना और चांदी) महंगा हो गया है।

## सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना चांदी के भाव में मामूली गिरावट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सरार्फा बाजार में आज दिन के पहले सत्र के कारोबार में गिरावट का रुख बना हुआ है। सोना आज 1,200 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,310 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। वहीं चांदी के भाव में सौ रुपये प्रति किलोग्राम की सांकेतिक कमजोरी दर्ज की गई है। सोने के भाव में गिरावट आने के कारण देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,56,430 रुपये से लेकर 1,56,580 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,43,390 रुपये से लेकर 1,43,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में मामूली कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सरार्फा बाजार में आज 2,67,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,56,580 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,43,540 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,56,430 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,43,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,56,480 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,43,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,56,430 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,43,390 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,56,430 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,43,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,56,480 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,43,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,56,580 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,43,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# सोना-चांदी ने बढ़ा दिया भारत का व्यापार घाटा

### अमेरिका से भारत का आयात 23.7 प्रतिशत बढ़कर 4.5 अरब डॉलर हो गया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जनवरी में भारत का व्यापार घाटा बढ़कर 34.6 अरब डॉलर हो गया है। यह तीन महीने का सबसे बड़ा आंकड़ा है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि सोने और चांदी के आयात में भारी बढ़ोतरी हुई, जिससे आयात बिल बढ़ गया। वहीं, अमेरिका को होने वाले निर्यात में बड़ी गिरावट के कारण कुल निर्यात लगभग स्थिर रहा। जनवरी में भारत का आयात 19.1 प्रतिशत बढ़कर 71.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह पिछले अप्रैल के बाद सबसे बड़ी बढ़ोतरी है और किसी भी महीने के लिए दूसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है। सोने का आयात 4.5 गुना बढ़कर 12 अरब डॉलर हो गया, जबकि चांदी का आयात 2.3 गुना बढ़कर 2 अरब डॉलर तक पहुंच गया। जनवरी के दौरान र प्रतिशत और आभूषण और कपड़ा निर्यात में गिरावट आई। हालांकि इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मा सेक्टर



में थोड़ी वृद्धि देखी गई। इन सबके बावजूद कुल निर्यात 0.8 प्रतिशत बढ़कर 36.6 अरब डॉलर रहा। सरकार को इस साल रिकॉर्ड निर्यात होने का भरोसा है। इस भरोसे का एक कारण अमेरिका की मांग में आई तेजी भी है। फरवरी की शुरुआत में अमेरिका द्वारा लगाए गए 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ को हटा दिए जाने के बाद र प्रतिशत और आभूषण और कपड़ा जैसे क्षेत्रों में मांग बढ़ी है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि भारत का निर्यात, चाहे वह सामान का हो या सेवाओं का, ऊपर की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अगले दो महीनों में भी यह इसी गति से जारी रहेगा। राजेश अग्रवाल ने कहा, इस साल हम लगभग 860 अरब डॉलर के निर्यात के करीब पहुंच सकते हैं। साथ ही सेवाओं का निर्यात पहली बार 410 अरब डॉलर को पार करने की उम्मीद है। जनवरी में अमेरिका को भारत का निर्यात 22 प्रतिशत घटकर 6.6 अरब डॉलर रह गया। इससे अमेरिका के साथ व्यापार घाटा घटकर 2.1 अरब डॉलर रह गया, जो पिछले साल के 4.8 अरब डॉलर के मुकाबले आधे से भी कम है। अग्रवाल ने आगे कहा, वित्तीय वर्ष 2025-26 व्यापार के लिए काफी व्यस्त रहा है और कई सकारात्मक विकासों ने भारत को समग्र व्यापार वृद्धि बनाए रखने में मदद की है। अगले वित्तीय वर्ष में कुछ प्रमुख मुक्त व्यापार समझौते लागू होने के साथ हम वित्त वर्ष 2026-27 में भी इस सकारात्मक गति को जारी रखने की उम्मीद करते हैं।

# टैरिफ का दिखा असर, अमेरिका को भारत के निर्यात में 22 प्रतिशत गिरावट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ का इम्पैक्ट दिखाई दिया है। जनवरी में अमेरिका को भारत के वस्तु निर्यात में भारी गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि, कुल एक्सपोर्ट में बढ़ोतरी हुई है। इसकी सबसे बड़ी वजह डायवर्सिफिकेशन है। जनवरी में भारत का वस्तु निर्यात 0.61 प्रतिशत बढ़कर 36.56 अरब डॉलर हो गया। वहीं, आयात 19.2 प्रतिशत की बढ़त के साथ 71.24 अरब डॉलर पर पहुंचा। इससे देश के व्यापार घाटे में बढ़ोतरी हुई। यह बढ़कर 34.68 अरब डॉलर हो गया। यह बढ़ोतरी वस्तुओं और सेवाओं दोनों में देखी गई। अमेरिका की ओर से लगाए गए ऊंचे टैरिफ के बीच जनवरी में अमेरिका को भारत का वस्तु निर्यात 21.77 फीसदी घटकर 6.6 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। चालू वित्तीय वर्ष में कुल निर्यात 860 अरब डॉलर को पार करने की



उम्मीद है। अप्रैल से जनवरी की अवधि में निर्यात 2.22 प्रतिशत बढ़कर 366.63 अरब डॉलर हो गया।

अमेरिका ने 27 अगस्त से भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। 7 फरवरी से अमेरिका ने 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ हटा दिए हैं। रेसिप्रोकल टैरिफ 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किए जाने हैं। इससे भारत के निर्यात क्षेत्रीय साथियों के बीच प्रतिस्पर्धी स्थिति में आ गए हैं। पिछले साल सितंबर, अक्टूबर और दिसंबर में भी निर्यात में गिरावट आई थी। हालांकि नवंबर में 22.61 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई थी। इसी अवधि में अमेरिका से आयात 23.71 प्रतिशत बढ़कर 4.5 अरब डॉलर हो गया। चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से जनवरी के दौरान अमेरिका को भारत का निर्यात 5.85 प्रतिशत बढ़कर 72.46 अरब डॉलर हो गया। वहीं, आयात 13.87 प्रतिशत बढ़कर 43.92 अरब डॉलर पहुंच गया।

**चीन को एक्सपोर्ट में बढ़ोतरी**

चीन को निर्यात जनवरी में 55.65 प्रतिशत बढ़कर 1.63 अरब डॉलर हो गया, जबकि चीन से आयात 16.67 प्रतिशत बढ़कर 12.23 अरब डॉलर हो गया। अप्रैल-जनवरी अवधि में चीन को निर्यात 38.37 प्रतिशत बढ़कर 15.88 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 13.82 प्रतिशत बढ़कर 108.18 अरब डॉलर हो गया। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), नीदरलैंड, जर्मनी, सऊदी अरब, इटली, हांगकांग, स्पेन, बेल्जियम, मलेशिया और वियतनाम सहित कई देशों को निर्यात में सकारात्मक बढ़ोतरी दर्ज की गई। इसके उलट ब्रिटेन, बांग्लादेश, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस और ब्राजील को शिपमेंट में गिरावट आई।

## ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत एशिया में भी मिला-जुला कारोबार





एजेंसी

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। जॉर्ज वाशिंगटन के जन्मदिन के मौके पर कल अमेरिकी बाजार बंद थे। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यह सूचकांक फिलहाल 153.69 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 49,347.24 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। इसी तरह एशियाई बाजार में भी आज फिलहाल मिला-जुला कारोबार हो रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.26 प्रतिशत की तेजी के साथ 10,473.69 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.06 प्रतिशत की मजबूती के साथ 8,316.50 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके विपरीत डीएएक्स इंडेक्स 113.97 अंक यानी 0.46 प्रतिशत टूट कर 24,800.91 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में भी आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। एशिया के नौ बाजार में से तीन के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि दो सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। ताइवान, दक्षिण कोरिया, चीन और इंडोनेशिया के स्टॉक एक्सचेंज में छुट्टी होने की वजह से ताइवान वेटेड इंडेक्स, कोस्पी इंडेक्स, शंघाई कंपोजिट इंडेक्स और जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स में आज कोई कारोबार नहीं हो रहा है। हैंग सेंग इंडेक्स 138.82 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की तेजी के साथ 26,705.94 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.02 प्रतिशत की सांकेतिक बढ़त के साथ 4,938.58 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 88.50 अंक यानी 0.35 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 25,613 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.16 प्रतिशत लुढ़क कर 1,435.80 अंक के स्तर तक गिर गया है। निक्केई इंडेक्स में आज बड़ी गिरावट नजर आ रही है। फिलहाल यह सूचकांक 596.41 अंक यानी 1.05 प्रतिशत टूट कर 56,210 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# अमेरिका ने कहा- भारत ने रूसी तेल न खरीदने का दिया भरोसा

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब कुछ दिनों पहले ही नई दिल्ली ने दोहराया था कि ऊर्जा खरीद में राष्ट्रीय हित ही मार्गदर्शक कारक होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फरवरी की शुरूआत में भारत के साथ ट्रेड डील की घोषणा करते हुए कहा था कि भारत रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदने पर सहमत हो गया है। तब से अमेरिका ने यह दावा कई बार दोहराया है। म्यूनिख सिक्योरिटी कांफ्रेंस में बोलते हुए रुबियो ने कहा, भारत के साथ हमारी बातचीत में, हमें अतिरिक्त रूसी तेल न खरीदने की उनकी प्रतिबद्धता मिली है। वह रूस-यूक्रेन युद्ध और मास्को पर लगाए गए प्रतिबंधों पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे। इसी सम्मेलन में इस सवाल के जवाब में कि क्या अमेरिका के साथ ट्रेड डील रूस के साथ ऊर्जा संबंधों को प्रभावित करेगा, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पहले कहा था कि भारत रणनीतिक स्वायत्तता के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, यह हमारे इतिहास और हमारे विकास का एक हिस्सा है। यह बहुत गहराई से जुड़ा हुआ है और यह पूरे




राजनीतिक दलों में भी फैला हुआ है।

विदेश मंत्री ने वैश्विक तेल बाजार को जटिल और गतिशील बताया। जयशंकर ने कहा, भारत में तेल कंपनियां, यूरोप की तरह और संभवतः दुनिया के अन्य हिस्सों की तरह, उपलब्धता, लागत और जोखिमों को देखती हैं और अपने सर्वोत्तम हित में निर्णय लेती हैं। गौरतलब है कि ट्रेड डील की घोषणा के बाद, ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश के माध्यम से भारत पर लगाए गए अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ को वापस ले लिया था। ये टैरिफ अगस्त में रूस से कच्चा तेल खरीदने के कारण लगाए गए थे। दूसरी ओर एक अन्य खबर में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल-जनवरी के दौरान क्रमशः चीन, यूएई, रूस, अमेरिका और सऊदी अरब से सबसे अधिक आयात किया गया। इनमें रूस को छोड़कर अन्य देशों से आयात में वृद्धि हुई है। देश का निर्यात जनवरी में 0.61 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 36.56 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि व्यापार घाटा बढ़कर तीन महीने के उच्चस्तर 34.68 अरब डॉलर पर पहुंच गया। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

**सोने-चांदी का आयात तेजी से बढ़ा :** सोने एवं चांदी के आयात में तेज उछाल के कारण जनवरी में आयात 19.2 प्रतिशत बढ़कर 71.24 अरब डॉलर हो गया, जो चालू वित्त वर्ष में अब तक का उच्चतम स्तर है। समीक्षाधीन महीने में सोने का आयात 349.22 प्रतिशत बढ़कर 12 अरब डॉलर रहा, जबकि चांदी का आयात 127 प्रतिशत बढ़कर दो अरब डॉलर हो गया। इस दौरान स्विट्जरलैंड से सोने का आयात 836.85 प्रतिशत बढ़कर 3.95 अरब डॉलर हो गया। अमेरिका द्वारा लगाए गए उच्च शुल्क के बीच जनवरी में अमेरिका को भारत का वस्तु निर्यात 21.77 प्रतिशत घटकर 6.6 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। पिछले साल सितंबर, अक्टूबर और दिसंबर में भी निर्यात में गिरावट देखी गई थी।

# पहिल कैडेट परसिछ्न पोत-कृष्णा के करल गेलक लॉन्च

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**चेन्नई।** तमिलनाडु में चेन्नई कर कट्टुपल्ली कर एल एंड टी कंपनी में निमार्नाधीन तीन कैडेट परसिछ्न जहाज (सीटीएस) में से पहिल जहाज यार्ड 18003 (कृष्णा) के 16 फरवरी 2026 के लॉन्च करल गेलक। नौसेना कर परंपरा कर अनुरूप, श्रीमती अनुपमा चौहान चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान कर उपस्थिति में ई जहाज के लॉन्च करलयं। ई अवसर में भारतीय ससस्त्र बल कर बरिष्ठ अधिकारी आउर मेसर्स एल एंड टी शिपबिल्डिंग, चेन्नई कर अधिकारी पहुंचल रहयं। ई जहाज के स्वदेसी रूप से मेसर्स एल एंड टी डिजाइन आउर निर्मित कइर हे। ई जहाज के औपचारिक तौर में बछर 2026 कर अंत में भारतीय नौसेना के देवेक हय। ई कैडेट परसिछ्न जहाज कर उपयोग बुनियादी परसिछ्न कर बाद समुद्र में अधिकारी कैडेटमन (महिलामन संगे) आउर संगी देस कर कैडेटमन के परसिछ्न देवेक ले करल जाई। स्वदेसी जहाज निरमान कर दिसा में ई भारतीय नौसेना कर प्रयास में एगो आउर महतपूर्न उपलब्धि आहे। स्वदेसी जहाज कर ई लॉन्च भारत सरकार कर आत्मनिर्भर भारत कर दृष्टिकोन आउर मेक इन इंडिया पहल कर अनुरूप आहे।












# एनसीसी कैडेट्स आउर बीर बिरसा मुंडा साइक्लोथोन कर प्रतिभागी भेलयं सम्मानित

## एनसीसी अनुसासन, नेतृत्व, सेवा आउर रास्ट्रप्रेम कर पाठसाला : राज्यपाल

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार लोक भवन में एट होम कार्जकरम कर आयोजन 17 फरवरी के करल गेलक। इकर में गणतंत्र दिवस सिबिरझ2026 में झारखंड कर प्रतिनिधित्व करेक वाला एनसीसी कैडेट्स आउर बीर बिरसा मुंडा साइक्लोथोन कर एनसीसी प्रतिभागीमन सम्मानित करलयं। ई अवसर में ऊ कहलयं कि गणतंत्र दिवस सिबिर में राइज कर प्रतिनिधित्व करेक बहुते गौरव आउर सम्मान कर बात आहे।

राज्यपाल कहलयं कि भगवान बिरसा मुंडा कर 150वीं जयंती बछर कर अवसर में आयोजित बीर बिरसा मुंडा साइक्लोथोन युवामन में रास्ट्रभक्ति, फिटनेस आउर सामाजिक जागरुकता के बढ़ावा देवेक वाला प्रेरनादायी आयोजन रहे। ऊ कैडेट्स कर कड़ी मेहनत, अनुसासन आउर समरपन कर सराहना करते उनकर परसिछकमन आउर अधिकारीमन के भी बधाई देलयं।

राज्यपाल कहलयं कि एनसीसी खली एगो संगठन नई, मुदा अनुसासन, नेतृत्व, सेवा आउर रास्ट्रप्रेम कर पाठसाला आहे। ई जुवामन में चरित्र निरमान, कर्तब्यनिष्ठा आउर सामाजिक उत्तरदायित्व कर भावना बिकसित करेला। ऊ उल्लेख करलयं कि एनसीसी बिस्व कर सउबसे बड़ा युवा संगठन आहे, जे विविधता में एकता कर ससक्त उदाहरन प्रस्तुत करेला। ऊ आपन छात्र जिनगी कर उल्लेख करते कहलयं कि ऊ खुदे एनसीसी कैडेट रइह हयं।

राज्यपाल कहलयं कि एनसीसी कैडेट्स परेड आउर सिबिर कर अतिरिक्त सामाजिक दायित्व कर निर्वहन में भी अग्रनी भूमिका निभायंना। रक्तदान, पौधरोपन, स्वच्छता अभियान, पर्याबरन संरछन आउर आपदा प्रबंधन जैसन काम में उनकर सक्रिय सहभागिता बहुते सराहनीय आहे। राज्यपाल स्वामी विवेकानन्द कर जयंती में लोक भवन में आयोजित रक्तदान सिबिर में एनसीसी कैडेट्स कर भागीदारी कर बिसेस सराहना करलयं। ऊ खुसी जाहिर करते कहलयं कि आइज बेसी संख्या में बेटीमन भी एनसीसी से जुइड़ के नेतृत्व आउर अनुसासन कर मिसाल स्थापित करत हयं, जे महिला ससक्तिकरन कर प्रतीक आहे। राज्यपाल कहलयं कि एनसीसी से मिलल परसिछ्न जिनगी कर हरेक छेतर में उपयोगी सिद्ध होवेला। विकसित भारत@2047 कर संकल्प के साकार करेक में जुवासक्ति कर भूमिका ढेइरे महतपूर्न आहे। एनसीसी ई दिसा में एगो ससक्त मंच प्रदान करेला। ई अवसर में राज्यपाल बीर बिरसा मुंडा साइक्लोथोन कर प्रतिभागीमन के 10,000 रुपया कर प्रोत्साहन रासि भी परदान करलयं।









# बजट सत्र के लेइ के सत्ता पछ कर मंत्री आउर बिधायकमन कर भेलक बैठकी, देखू तस्बीर

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड बिधानसभा कर बजट सत्र 18 फरवरी से सुरू होवी। ई 19 मार्च 2026 तक चली। सत्र कर तैयारी के लेइ के डॉ श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान, में सत्ता पछ कर मंत्री आउर बिधायकमन कर बैठकी होलक। इकर अध्यछता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करलयं। इकर में बिभिन्न मुद्दा उपरे चर्चा करल गेलक।







# पुलवामा हमला में सहीद सैनिकमन कर स्मृति में लगालयं 40 पौधा

## बीआईटी मेसरा एनईपी सारथी कर संगे मिइल के चलालक पौधारोपेक अभियान

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** बीआईटी, मेसरा कर रोटरैक्ट क्लब एनईपी सारथी कर सहजोग से संस्थान कर गेस्ट हाउस परिसर में एगो पौधारोपेक अभियान आयोजित करलक। कार्जकरम कर उद्घाटन छात्र मामला कर डीन डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव करलयं। ई अवसर में छात्र मामला कर एसोसिएट डीन डॉ. डी.के. उपाध्याय आउर डॉ. गौतम शांडिल्य, डॉ. सनत कुमार मुखर्जी आउर रोटरैक्ट क्लब कर जनरल सेक्रेटरी पुरुषोत्तम मयूर भी उपस्थित रहयं। पहिला पौधा डॉ. श्रीवास्तव द्वारा लगाल गेलक। उनकर संगे डॉ. उपाध्याय, डॉ. शांडिल्य आउर डॉ. मुखर्जी भी पौधारोपन करलयं। आपन संछिप्त संबोधन में डॉ. श्रीवास्तव कहलयं कि परिसर से जुड़ल अइसन अभियान खली बिसेस अवसर तक सीमित नी रईह के गोटा सैछनिक बछर कर दौरान जारी रहेक चाही। डॉ. शांडिल्य रोटरैक्ट टीम कर समन्वय कर सराहना करलयं, जबकि डॉ. उपाध्याय छात्र सहभागिता कर महत उपरे प्रकास डाललयं। पुलवामा हमला में सहीद होवल 40 गो सैनिकमन कर स्मृति में कुल 40 पौधा लगाल गेलक।







# कुड़ुख बिभाग में बीर बुधु भगत जयंती में ऐतिहासिक चेतना कर संकल्प

**जल-जंगल-जमीन कर बिरासत के करलयं नमन**

सोनू सपवार

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय कर जनजातीय एवं क्षेत्रीय भासा संकाय अंतर्गत कुड़ुख बिभाग में स्वतंत्रता सेनानी बीर बुधु भगत कर 234वीं जयंती सरधा, गर्ब आउर ऐतिहासिक चेतना कर संगे मनाल गेलक। कार्जकरम कर उद्देस बिद्यार्थीमन आउर शोधार्थीमन के आदिवासी प्रतिरोध कर गौरवसाली परंपरा आउर जल-जंगल-जमीन आधारित जनसंघर्स कर बिरासत से परिचित करुवायेक रहे।

कार्जकरम कर अध्यछता बिभागाध्यछ डॉ. बन्दे खलखो करलयं। आपन बक्तब्य में ऊ कहलयं कि बीर बुधु भगत छोटानागपुर छेतर कर ऊ अग्रनी जननायकमन में रहयं जेमन औपनिवेसिक सासन कर दमन आउर अन्याय कर बिरुद्ध संगठित प्रतिरोध ठड़ा करलयं। ऊ लरका आंदोलन कर नेतृत्व करते आदिवासी समाज कर प्राकृतिक आउर सामुदायिक अधिकारमन कर रछा ले ऐतिहासिक संघर्स करलयं। ई आंदोलन खली राजनीतिक बिद्रोह नी रहे, मुदा सांस्कृतिक स्वाभिमान, सामाजिक न्याय आउर पारंपरिक जीवन मूल्य कर रछा कर ब्यापक अभियान रहे।

बक्तामन रेखांकित करलयं कि बीर बुधु भगत कर संघर्स भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन कर जनपदीय अध्याय कर महतपूर्न हिस्सा रहे, जेके मुख्यधारा इतिहास में अपेछित स्थान नी मिले पारलक। उनकर नेतृत्व स्थानीय समुदाय में आत्मसम्मान, एकजुटता आउर अधिकार चेतना के मजबूत करलक। आइज कर संदर्भ में भी उनकर जिनगी जल, जंगल आउर जमीन कर सुरछा आउर आदिवासी अस्मिता कर सवाल के समझेक कर प्रेरना देवेला। कार्जकरम में बिभाग कर सिछकमन, सोधार्थी आउर छात्र-छात्रामन भाग लेलयं। ई अवसर में बिचार गोष्ठी, स्मरन बक्तव्य आउर प्रश्नोत्तर सत्र कर भी आयोजन करल गेलक, जेकर में बीर बुधु भगत कर जोगदान आउर ऐतिहासिक भूमिका उपरे बिस्तार से चर्चा भेलक। आयोजकमन कहलयं कि अइसन कार्जकरम नवा पीढ़ी के आपन ऐतिहासिक जइर से जोड़ेक कर ससक्त माध्यम आहे।



मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर** : शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड** : कुमार राजेश। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com